सूर्योदय 6:04 सूर्यास्त 6:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 24.4 अधि |
| धर्मशाला | 18.0 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81523.16 |
| निफ्टी | 24918.45 |
| सोना 73,250 | चांदी 86,840 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल की बन गई आदत: शाह

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 12 सितंबर 2024 | 28 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 266, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अरविंद केजरीवाल की हिरासत 25 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ा दी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। वहीं, इसी मामले में आरोपी 'आप' विधायक दुर्गेश पाठक को अदालत ने 1 लाख रुपए के बांड पर जमानत दी है। सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर होने के बाद कोर्ट के समन पर वे अदालत में पेश हुए थे।

### सिख फॉर जस्टिस पर 5 साल का प्रतिबंध बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी समूह 'सिख फॉर जस्टिस' पर लगी पाबंदी को अगले 5 साल के लिए और बढ़ा दिया है। यह कार्रवाई यूएपीए के तहत की गई है। बता दें कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) और अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज कर रखे हैं। साल 2007 में खालिस्तानी चरमपंथी गुरवंत सिंह पन्नू ने सिख फॉर जस्टिस संगठन बनाया, जिसका मकसद सिखों के लिए अलग देश की मांग है।

### दिल्ली-एनसीआर और पाकिस्तान में आया भूकंप



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों और पाकिस्तान में बुधवार दोपहर 12.58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान में था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र पाकिस्तान था, जिसकी तीव्रता 5.8 थी। इसका केंद्र 33 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि, नुकसान की अभी तक कोई सूचना नहीं है।

### आंध्र प्रदेश में 'मिनी' ट्रक पलटने से सात की मौत

**पूर्वी गोदावरी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में बुधवार को 'मिनी' ट्रक के पलटने से सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा पूर्वी गोदावरी जिले के देवरापल्ली मंडल के चिन्नईगुडेम के चिलका पकाला इलाके में हुआ। पुलिस अधीक्षक नरसिम्हा किशोर ने पत्रकारों को बताया कि सात लोगों की मौत हो गई, एक व्यक्ति बच गया और उसकी हालत ठीक है।

### मलाइका अरोड़ा के पिता ने की खुदकुशी

**मुंबई।** अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा ने बुधवार सुबह मुंबई की एक इमारत की छठी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने अनिल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अब पर्ची बनाते समय ही डाला जा रहा टोकन नंबर -पेज 2
- नगर परिषद नेरचौक कार्यालय में सतर्कता विभाग की छापामारी -पेज 3
- पूर्व सैनिक कोटे से भरे जाएंगे पीजीटी प्रवक्ता के पद -पेज 5
- 4 दोषियों की मौत की सजा उम्रकैद में बदली -पेज 13
- दलीप ट्रॉफी : दूसरे दौर में रिंकू अय्यर, सुंदर पर रहेगा फोकस -पेज 14


# दुनिया की हर डिवाइस में होगी मेड इन इंडिया चिप : पीएम मोदी

## सेमीकंडक्टर के घरेलू विनिर्माण में निवेश को बढ़ावा देने का आह्वान

**एजेंसी, ग्रेटर नोएडा ( उप्र )**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि आने वाले समय में दुनिया की हर डिवाइस में मेड इन इंडिया चिप होगी। उन्होंने सेमीकंडक्टर के घरेलू विनिर्माण में निवेश को बढ़ावा देने का बुधवार को आह्वान करते हुए कहा कि आपूर्ति शृंखलाओं की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन और कृत्रिम मेधा (एआई) तक हर चीज का आधार है।

पीएम मोदी ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में सेमीकॉन एक्सपो 2024 का शुभारंभ कर कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से आपूर्ति शृंखला का महत्व सबके सामने आया है, साथ ही उन्होंने ऐसे किसी भी व्यवधान को रोकने के लिए कदम उठाने की जरूरत को रेखांकित किया। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान दुनिया को आपूर्ति संबंधी झटके देखने को मिले, क्योंकि चीन में महामारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कड़े कदमों ने उस देश से आयात पर निर्भर उद्योगों और क्षेत्रों को प्रभावित किया। इसकी वजह से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में चिप प्रमुख था, जो हर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर विनिर्माण में 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश पहले ही किया जा चुका है और कई परियोजनाएं 'पाइपलाइन' में हैं। आज का भारत दुनिया में भरोसा जगाता है। जब मुश्किलें आती हैं, तो आप भारत पर भरोसा कर सकते हैं।



**बोले- इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण का पूरा काम भारत में ही करने का लक्ष्य**

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण का पूरा काम भारत में ही हो। आज भारत का इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र 150 अरब डॉलर से अधिक का है। इस दशक के अंत तक हम अपने इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र को 500 अरब डॉलर से अधिक पर पहुंचाना चाहते हैं। इससे 60 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन हो सकता है।

### भारत को बनाएंगे ग्रीन हाइड्रोजन का ग्लोबल हब

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ऊर्जा के नए क्षेत्रों जैसे हरित हाइड्रोजन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह भविष्य का मामला नहीं है, बल्कि अब इस दिशा में कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया एक महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन केवल भविष्य का मामला नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव अभी से महसूस किया जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बचने के लिए प्रयास करने का समय यही और अभी है। ऊर्जा परिवर्तन और स्थिरता वैश्विक नीतिगत चर्चा का केंद्र बन गए हैं। भारत हरित ऊर्जा पर अपने पेरिस संकल्पों को पूरा करने वाले पहले जी20 देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि ये संकल्प 2030 के लक्ष्य से 9 साल पहले ही पूरी हो गए। उन्होंने कहा कि भारत को ग्रीन हाइड्रोजन का ग्लोबल हब बनाएंगे। भारत की स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में लगभग 300 प्रतिशत और सौर ऊर्जा क्षमता में 3,000 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

# संजौली में अवैध मस्जिद निर्माण पर हिंदू संगठनों का उग्र प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने तोड़े बैरिकेड्स, पुलिस ने किया लाठीचार्ज



शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर उग्र प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**शिमला** के संजौली में मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर हिंदू संगठनों ने बुधवार को उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अलग-अलग रास्तों से संजौली पहुंचे और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने कई जगह बैरिकेड्स लगाए थे, जिन्हें तोड़ दिया गया।

**पांच पुलिस कर्मियों सहित 10 जख्मी**

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज व वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। भीड़ को रोकने के लिए पानी की बौछारें छोड़ी गईं। वहीं, पांच पुलिस जवानों सहित 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस व जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। दोपहर बाद डीजीपी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन नहीं माने। इससे संजौली में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

प्रदर्शन के बीच संजौली क्षेत्र के कई स्कूलों से बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। उधर, संजौली चौक और बाजार में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को घेर लिया है। इससे पहले भारी संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों ने चक्का जाम किया। (अनंत ज्ञान)

### संजौली मुद्दे की गहराई तक जाने की जरूरत : अनुराग



**सांसद** अनुराग ठाकुर ने कहा कि संजौली मुद्दे की गहराई तक जाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह के प्रयास आगे न किए जा सकें। यह जो नई परिस्थितियां बनी हैं, उसके कारण क्या हो रहा है, स्थानीय लोगों में जो रोष हैं, इसके कई कारण हैं। ऐसी कई घटनाएं हैं, जो पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिली हैं।

## उधमपुर में मुठभेड़ में दो आतंकी मार गिराए

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में हुई सेना के जवानों ने मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन से जुड़े दो आतंकी मार गिराए।

फर्स्ट पैरा के जवानों को जंगल में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया और दोपहर को आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। करीब चार घंटे चले एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। वहीं, जम्मू-कश्मीर के अखनूर में मंगलवार रात को पाकिस्तानी जवानों ने बॉर्डर पर सीजफायर का उल्लंघन किया। जवाब में बीएसएफ के जवानों ने भी फायरिंग की। गोलीबारी में बीएसएफ का एक जवान घायल हुआ है। घटना के बाद बीएसएफ के जवान बॉर्डर पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



### सोलन जिले में जूनियर छात्र के साथ रैगिंग करने का मामला

## पुलिस ने दो और छात्र किए गिरफ्तार

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**कंडाघाट** पुलिस ने बाहरा यूनिवर्सिटी में जूनियर छात्र के साथ सीनियर छात्रों की ओर से मारपीट और रैगिंग के मामले में संलिप्त दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को भी तीन छात्रों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। इस घटनाक्रम से यूनिवर्सिटी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि कंडाघाट पुलिस ने आरोपी कार्तिक व सक्षम को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पीड़ित छात्र रजत की शिकायत पर करण डोगरा, चिराग राणा, दिव्यांश को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। (अनंत ज्ञान)



## हिमाचल में बंद नहीं होगी हिमकेयर और सहारा योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में हिमकेयर व सहारा योजना को लेकर लोगों में भ्रांतियां फैली हैं कि ये योजनाएं बंद हो सकती हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है।



**सीएम सुक्खू विधानसभा में कर चुके हैं स्पष्ट**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विधानसभा सत्र के दौरान भी स्पष्ट कर चुके हैं कि हिमकेयर और सहारा योजनाएं बंद नहीं होगी। कुछ धांधलियों की आशंका है, जिसकी जांच चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र को हमारी सरकार बढ़ावा दे रही है। अस्पतालों में चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार मरीजों को सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। जांच के बाद अगर स्थिति ठीक रही और सरकार को लगा कि निजी अस्पतालों में यह सुविधा शुरू होनी चाहिए तो कांग्रेस सरकार निजी अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध करवाएगी।

### नीरव मोदी की 29 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भगोड़े नीरव मोदी की 29 करोड़ 75 लाख रुपए की अचल संपत्ति और बैंक बैलेंस को जब्त किया। ईडी ने यह कार्रवाई नीरव मोदी के खिलाफ पीएनबी बैंक घोटाले के मामले में की है। 6498 करोड़ रुपए के इस बैंक फ्रॉड मामले में ईडी ने सीबीआई की एफआईआर पर ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान ईडी को नीरव मोदी और उसकी ग्रुप ऑफ कंपनी की करोड़ों की कीमत की जमीन और बैंक एकाउंट का पता चला था।



## 10 साल में हुए कठोर हमलों से उबरने लगा भारत : राहुल

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**राहुल** गांधी ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत में लोकतंत्र को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया, लेकिन अब लोकतंत्र फिर से पटरी पर लौट रहा है। राहुल गांधी ने अमेरिका में नेशनल प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि मैंने देखा है कि किस तरह महाराष्ट्र में हमारी सरकार हमसे छीन ली गई। मैंने देखा है कि कैसे हमारे विधायकों को खरीद लिया और उन्हें फंसा दिया गया। इस प्रकार भारतीय लोकतंत्र खतरे में रहा है, इसे बुरी तरह से कमजोर किया गया और अब वह फिर से पटरी पर लौट रहा है। मुझे भरोसा है कि यह फिर से मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में असमानता की जड़ जाति व्यवस्था है। राहुल ने संकेत दिया कि कांग्रेस विदेश नीति से जुड़े प्रमुख मुद्दों जैसे कि अमेरिका के साथ संबंध, आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं, बांग्लादेश और इसराइल में चरमपंथी तत्वों को लेकर चिंताओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा के साथ है।



**कहा- भारतीय समाज में असमानता की जड़ जाति व्यवस्था**

### पूर्व आईएफएस अधिकारी राजीव होंगे राज्य चयन आयोग हमीरपुर के अध्यक्ष

**हमीरपुर।** पूर्व आईएफएस अधिकारी राजीव कुमार राज्य चयन आयोग हमीरपुर के अध्यक्ष होंगे। वहीं, कोमाडोर रूपन बेम्बे सदस्य, जबकि एचएएस अधिकारी सुखदेव सिंह मैनेजिंग डायरेक्ट होंगे। प्रदेश सरकार ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी है।

हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना के अनुसार राजीव कुमार, आईएफएस, पीसीसीएफ (एनओएफएफ) (सेवानिवृत्त) को राज्य चयन आयोग हमीरपुर के अध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा है। उन्होंने बताया कि राजीव कुमार की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर दो वर्ष की अवधि के लिए होगी।




**आस्था** | राधाष्टमी पर पुण्य कमाने के लिए भारी संख्या में उमड़े भक्तजन, 17 दिवसीय मणिमहेश यात्रा संपन्न

# एक लाख श्रद्धालुओं ने किया बड़ा न्हौण

**ओपी शर्मा, भरमौर**

**राधाष्टमी** पर मणिमहेश की पवित्र डल झील में एक लाख से ज्यादा भक्तों ने बड़ा न्हौण के लिए आस्था की डुबकी लगाई। हालांकि, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से शुरू हुई मणिमहेश यात्रा से लेकर राधा अष्टमी के अंतिम दिन तक करीब छह लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। इसी के साथ 17 दिवसीय मणिमहेश यात्रा भी विधिवत संपन्न हो गई।

मंगलवार को सप्तमी के दिन संचूई के शिव गुरों की छड़ी डल झील तोड़ने की रस्म को अदा किया। इसके बाद कार्तिक स्वामी कुगती के गुरों ने डल झील के काली डल को पार करके रस्म की अदायगी की। इसके साथ ही शाही स्नान शुरू हो गया था। ज्योतिषियों ने शाही स्नान के लिए मंगलवार रात 11:02 से लेकर बुधवार 2:20 मिनट तक का शुभ मुहूर्त बताया था। पहले 2 लाख तक ही भक्त यहां पहुंचते थे, लेकिन इस बार रिकॉर्ड तोड़ 6 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दर्शन किए हैं। (अनंत ज्ञान)



**सप्तमी** और राधाष्टमी पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डल झील में डुबकी लगाकर शाही स्नान किया है। इस बार भारी संख्या में भक्त मणिमहेश यात्रा पर पहुंचे। अब तक 6 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए हैं। प्रशासन ने यात्रा को सफल बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए थे।

**-कुलबीर सिंह राणा**
**एडीएम, भरमौर**

# शिमला-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### जुन्गा में अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** जिला स्तरीय अंडर-14 छात्र व छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा में आरंभ हुई। चार दिवसीय प्रतियोगिता में प्रथम चरण में शिमला जिला के 13 शिक्षा खंडों की 310 छात्राएं भाग ले रही हैं। इसका शुभारंभ यूको बैंक के उप महाप्रबंधक प्रदीप आंनद केसरी ने किया। राज्य एयरटेल प्रमुख ब्रजेश भारद्वाज और यूको बैंक के लीड जिला प्रबंधक भीमा दत्ता बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रधानाचार्य सुमन चंदेल ने कहा कि यह जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता छात्र व छात्रा वर्ग में दो चरण में करवाई जा रही है, जिसमें 11 व 12 सिंतबर को छात्रा वर्ग तथा 13 व 14 सितंबर को छात्र वर्ग की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।

### आशा कार्यकर्ता संघ ने उठाई न्यूनतम वेतन की मांग

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** प्रदेश आशा कार्यकर्ता संघ कोटखाई का सम्मेलन कोटखाई में प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पा मांटा की अध्यक्षता में। बृज लाल शर्मा पूर्व प्रदेश सचिव व जिलाध्यक्ष भामंस विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसमें केंद्र सरकार से आशा वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी घोषित करने व न्यूनतम वेतन देने की मांग की गई। ऑनलाइन कार्य हेतु पुराने फोनों की जगह टैब देने की भी मांग की गई, ताकि आनलाइन कार्य में आ रही कठिनाई दूर हो सके। चुनाव अधिकारी पुष्पा मान्टा की देखरेख में संघ के चुनाव भी हुए, जिसमें ओम लता रोगंटा को प्रधान, उमा को उपप्रधान, अनिता रतनाडी को वरिष्ठ उपप्रधान, ममता को मंत्री, राधा देवी को वित्त सचिव, मधू को सगंठन मंत्री, संतोष माला को मुख्य सलाहाकार, सीमा को सलाहकार, बेबी को संयुक्त सचिव, बेबी चौहान को प्रचार सचिव, संगीता को प्रेस सचिव तथा कार्य समिति में अरुणा, कमलेश, अमिता, संदीशना, उषा, बीना, संगीता को चुना गया।

### गुम्मा व महासू में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** हुली में 66/22केवी कंट्रोल पॉइंट में जरूरी रखरखाव के चलते विद्युत मंडल कोटखाई के अंतर्गत गुम्मा व महासू (बखोल, जहारु, चकुना) क्षेत्र में 12 सितंबर को सुबह 10 से शाम 5 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कार्य का होना मौसम पर निर्भर रहेगा। कनिष्ठ अभियंता दीपू कुमार ने क्षेत्र के सभी लोगों से सहयोग की अपील की है।

### सुन्नी में आज लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के तत्वाधान में हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सौजन्य से एकीकृत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत अटल बिहारी बाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 12 सितंबर को 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा रक्तचाप,हिमोग्लोबियन, क्षय रोग, एच आई वी,हेपेटाइटिस बी और सी, यौन संचारित रोग तथा मधुमेह की निशुल्क जांच की जाएगी तथा निशुल्क परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### नेरवा में छह कमरों का मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** नेरवा के वार्ड नंबर तीन में देर रात पेश आई एक अग्निकांड की घटना में लकड़ी का छह कमरों का मकान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि स्थानीय लोगों और पुलिस टीम ने अप्राय मशीनों से आग पर काबू पा लिया अन्यथा यह आग साथ लगते अन्य पक्के मकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। यह घटना सोमवार रात करीब नौ बजे पेश आई। मकान से लपटें निकलती देख पुलिस टीम व स्थानीय लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लोगों ने आनन् फानन मकान के अंदर रखे गैस सिलेंडर समय रहते निकल दिए थे,जिस वजह से आग एक मकान तक ही सिमित रही। जानकारी के अनुसार यह मकान ओम प्रकाश पुत्र अमर चंद का है तथा अग्निकांड के समय इस मकान में कोई भी मौजूद नहीं था। नायब तहसीलदार नेरवा अर्जुन सिंह परमार ने पुष्टि करते हुए कहा कि पटवारी द्वारा नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है।

### विशेष एजेंडे के तहत काम कर रही कांग्रेस : बिहारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस



की सरकार पूरी तरह से निकम्मी सरकार है। जिस प्रकार से संजौली प्रकरण में सरकार की विफलता सामने आई है यह सरकार के कुप्रबंधन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसी भी प्रकार की तनावपूर्ण परिस्थिति को संभालने में असफल साबित हुई है। भाजपा का मानना है कि आज के आंदोलन को सरकार और अच्छे रूप से संभाल सकती थी, लेकिन सरकार को मंशा यह करने की नहीं थी। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि सरकार और कांग्रेस के नेता एक सोचे-समझे एजेंडा पर कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस नेता नरेश चौहान की इस प्रकरण पर दी गई प्रतिक्रिया निंदनीय है। कांग्रेस केवल मात्र हिमाचल और देश में एक एजेंडा खड़ा करना चाहती है। संजौली में मासूम लोगों पर लाठी चार्ज किया गया, पानी की बौछार की गई, यह सरकार का रवैया निंदनीय है। जनता को भी बिना वजह परेशान कर आंदोलनकारी समझा गया, आम जनता जो अपने स्कूली बच्चों को लेने खड़ी थी इनपर भी डंडे बरसाए गए। उन्होंने कहा की भाजपा कांग्रेस के इस एजेंडे का विरोध करती है और आने वाले समय में भी निरंतर करेगी।

### रिवालसर में राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप का हिस्सा बने घुमारवीं कॉलेज के विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के विद्यार्थियों



ने रोबर रेंजर्स प्रशिक्षण संस्थान रिवालसर में भाग लिया। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के छात्र नितिन चड्डा ने राष्ट्रपति पुरस्कार तैयारी तथा राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में रेंजर साक्षी शर्मा, आंचल, पायल और रोवर हर्ष शामिल थे। इन विद्यार्थियों ने 5 सितंबर से 9 सितंबर तक भाग लिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने सभी बच्चों को इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के रोवर लीडर सहायक प्रोफेसर डॉ. मनीष कुमार और रेंजर लीडर एसओसी सहायक प्रो. पूनमा ने महाविद्यालय प्राचार्य को कैंप की गतिविधियों से अवगत करवाया। इस पांच दिवसीय कैंप में सभी को स्काउटिंग से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई और टेस्टिंग हुई।

### लाडली फाउंडेशन ने मोनिका को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** लाडली फाउंडेशन की जिला उपाध्यक्ष नीलम सूद, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट एवं जिला महासचिव सुमन चड्डा की संयुक्त अगुवाई में डियारा सेक्टर निवासी मोनिका वतसयन को डीएवी स्कूल बिलासपुर का प्रधानाचार्य नियुक्त होने पर सम्मानित किया। लाडली फाउंडेशन के पदाधिकारी रेखा बिष्ट, प्रीति भाटिया, सुमन चढ़ा नीलम सुद ने डीएवी स्कूल बिलासपुर की नवनियुक्त प्रधानाचार्य मोनिका वतसयन को हिमाचली टोपी एवं शाल देकर सम्मानित किया। लाडली फाउंडेशन की जिला महासचिव सुमन चड्ढा ने बताया कि जल्द ही डीएवी स्कूल बिलासपुर में लाडली फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष शालू अख्तर के दिशा-निर्देश कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम हेतु डीएवी स्कूल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन होगा। इसके अलावा जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कन्या भ्रूण हत्या के रोकथाम हेतु लाडली फाउंडेशन पिछले कई वर्षो से स्कूलों एवं अन्य संस्थाओं में जाकर समय-समय पर जागरूक कर रही है। भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का शीर्षक कन्या भ्रूण हत्या का रोकथाम रहेगा।

## मोदी के नेतृत्व में सशक्त हुई भारत की खेल संस्कृति : अनुराग

### पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद ने बिलासपुर में यूको बैंक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बिलासपुर में यूको बैंक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में एक नई खेल संस्कृति ने आकर लिया है, जिसका परिणाम है कि आज देश के कोने-कोने से खेल प्रतिभाएं निखर कर सामने आ रही हैं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारत का मान-सम्मान बढ़ा रही हैं। पिछले एक दशक में मोदी सरकार के प्रयासों से ओलंपिक हो



या पैरालंपिक भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। भारत ने साल 1972 से लेकर 2016 के बीच पैरालंपिक में केवल 12 मेडल ही जीते थे। नरेंद्र मोदी के पीएम बनाने के बाद देश में खेल की तस्वीर में काफी बदलाव देखने को मिले हैं। सरकार ने खिलाड़ियों के लिए खेलो इंडिया स्कीम और टॉप्स लेकर आई।

इसकी वजह से देश में से कई प्रतिभाएं निकल कर बाहर आईं। वहीं इस बार के पेरिस पैरालंपिक में भारत ने 29 पदक जीते हैं। भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए प्रयासरत है, जिसके लिए आधारभूत ढांचे को बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर काम चल रहा है।

अनुराग ने कहा कि आम आदमी के आर्थिक सशक्तिकरण में बैंकों का बहुत बड़ा योगदान है। एक दशक पहले पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत इस सोच के साथ की थी कि भारत में हर व्यक्ति के पास अपना बैंक खाता हो, जिससे प्रत्येक नागरिक बैंकिंग प्रणाली से जुड़कर अपना जीवन सुगम बना सके। हालांकि उस समय कुछ लोगों ने इसे महज नौटंकी कहकर खारिज कर दिया था, जबकि आज यह भारत के वित्तीय इतिहास में सबसे सफल पहलों में से एक है, जिसने वित्तीय समावेशन परिदृश्य को मौलिक रूप से नया आकार दिया है। पिछले दस वर्षों में 53 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गए हैं। यानी हर महीने औसतन 44 लाख नए खाते खोले गए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने पहली बार लाखों लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया है।

### सड़क हादसे में एक की मौत

**रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू की छपोटी कैंची के पास एक कार एचपी10सी 2427 बुधवार सुबह 5 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना में घायल राहुल (18) पुत्र संजीव कुमार गांव भलून, तहसील रोहड़ू, जिला शिमला व उसका दोस्त कुनाल (18) पुत्र रवि पांचटा गांव अढ़ाल तहसील रोहड़ू मचोती से अपने दोस्त पीयूष (17) पुत्र अच्छर सिंह गांव बारला तहसील रोहड़ू को छोड़ने के लिए बारला जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब 5 बजे चालक गाड़ी को चलाता हुआ छपोटी कैंची के पास पहुंचा तो गाड़ी पर से अपना नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क के नीचे ढांक में जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

## अब पर्ची बनाते समय ही डाला जा रहा टोकन नंबर

### आईजीएमसी प्रशासन ने मरीजों के हित में लिया बेहतरीन निर्णय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी शिमला में अब मरीजों की ओपीडी में लड़ाई नहीं होगी, क्योंकि पर्ची बनाते समय ही टोकन नंबर पर्ची पर ही डाल दिया जा रहा है। मरीज जब ओपीडी में जाता है तो उसका अब सुरक्षा नंबर नहीं लगा सकता है। पहले सुरक्षा गार्ड पर्ची पर नंबर लगाते थे, लेकिन मरीजों की इसको लेकर लड़ाई होती थी। मरीजों को कहना था कि सुरक्षा कर्मी अपने चेहतों की पर्ची पर टोकन नंबर पहले लगाते हैं। अब ऐसा कुछ भी नहीं होगा। मरीजों को पहले पर्ची काउंटर में



जाना होगा जैसे ही पर्ची बनाएंगे तो उसमें ही टोकन नंबर दर्शाया होता है।

बता दें कि आईजीएमसी की ओपीडी में मरीजों की काफी भीड़ लगी होती है। एक दिन में 3500 के करीब मरीज होते हैं। ओपीडी में मरीजों की डॉक्टरों के पास दिखाने के लिए भीड़ लगी होती है, लेकिन मरीज भी एक दूसरे से पहले डॉक्टर के पास जाने की होड़ में लगे होते हैं।

कई बार यहां पर सुरक्षा कर्मियों के साथ मरीजों की कहासुनी भी हो जाती है। हालांकि सुरक्षा कर्मी अपनी ओर से स्पष्ट शब्दों में कहते है कि मरीजों के साथ किसी भी तरह हरकत नहीं की जाती हैं। मरीजों को यह भी देखना होगा कि आईजीएमसी में कितनी भीड़ होती है। ऐसे में भीड़ हो संभालना भी मुश्किल हो जाता है। सुरक्षा कर्मी मरीजों के साथ एक जैसा व्यवहार करते हैं।

## अगले वर्ष पहली मार्च से शुरू होगा 13.79 किमी लंबे रज्जू मार्ग का निर्माण : मुकेश

### शिमला में उपमुख्यमंत्री से मिला न्यू डेवलपमेंट बैंक का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में 1734.40 करोड़ रुपए से बनने वाले रज्जू मार्ग के संबंध में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से न्यू डेवलपमेंट बैंक के तीन सदस्यीय दल ने भेंट की। यह दल शिमला, धर्मशाला और मनाली में गत 10 सितंबर से पांच दिवसीय फैक्ट फांइडिंग मिशन पर है। इस मिशन की शिमला नवाचार शहरी परियोजना के लिए ऋण प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला में दुनिया का दूसरा, भारत और एशिया का पहला 15 स्टेशनों को जोड़ने वाले 13.79 किलोमीटर लंबे रज्जू मार्ग का निर्माण कार्य



पहली मार्च, 2025 से आरंभ होगा। इसे चार वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिमला में ट्रैफिक की समस्या के स्थाई समाधान, स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को यातायात की सुलभ सुविधा प्रदान करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में यह परियोजना मील पत्थर साबित होगी। मुकेश ने दल के प्रतिनिधि टोनी नकूना, गर्वित शाह और चरमेन काजामूला से मुलाकात में आश्वस्त किया कि ऋण से जुड़ी सभी औपचारिकताओं को राज्य सरकार पूरा करेगी ताकि न्यू डेवलपमेंट बैंक केंद्र के आर्थिक कार्य विभाग के साथ ऋण संबंधी औपचारिकताओं को निर्धारित समयावधि में पूरा कर सके।

## कांग्रेस नेता का बेटा 45.60 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पुलिस ने जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर 46.71 ग्राम चिट्टा पकड़ा है। एक मामले में घुमारवीं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी का बेटा भी शामिल है। बिलासपुर पुलिस की विशेष टीम ने कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर नाकाबंदी करके एक टैक्सी से इस वर्ष की चिट्टे की सबसे बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस की विशेष टीम ने संबंधित कार से 45.60 ग्राम चिट्टा पकड़ा है। पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गरामोड़ा में नाका लगाया तथा पंजाब की तरफ से आई टैक्सी नंबर एचपी-01-बी-2009 को रोका। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने कार से यह चिट्टा बरामद किया। आरोपियों की पहचान 38 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र जागीर सिंह निवासी पडयालग डाकघर दधोल तहसील घुमारवीं व 30 वर्षीय गौरव शर्मा पुत्र महेंद्र पाल निवासी दकड़ी तहसील घुमारवीं के रूप में हुई है। अनिल कुमार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमारवीं के पदाधिकारी का बेटा है। वहीं एक अन्य मामले में मंगलवार देर रात बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर निवासी रजत कुमार उर्फ सन्नी के घर से गुप्त सूचना के आधार पर 1.11 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।



चिट्टे के साथ पकड़े गए आरोपी।

## मजदूरों को मिले समान काम का समान वेतन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश एसटीपी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू ने किसान मजदूर भवन चिटकारा पार्प शिमला में राज्य कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, शिमला जिला के सचिव रमाकांत मिश्रा एसटीपी यूनियन के अध्यक्ष पंकज शर्मा, महासचिव दलीप सिंह, कोषाध्यक्ष धनेश, संतोष कुमार, विशाल, अशोक, पवन, सुनील, सूरज, रोहित, राहुल, संजय सामटा, संजू, विनोद,आदि मौजूद रहे।



बैठक में मांग की गई की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व नेटवर्क के सभी मजदूरों को सुप्रीम कोर्ट के 26 अक्तूबर, 2016 के निर्णय अनुसार समान काम का समान वेतन दिया जाए। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व नेटवर्क के मजदूरों को सुप्रीम कोर्ट के 12 मार्च, 2024 के निर्णय अनुसार रेगुलर किया जाए। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व नेटवर्क के मजदूरों का अलग से वेतन शेडयूल बनाया जाए और न्यूनतम वेतन के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक वेतन दिया जाए, क्योंकि साधारण काम के मुकाबले सीवरेज का काम बहुत मुश्किल होता है जिसमें काम करते हुए मजदूरों को बहुत सारी जहरीली और ज्वलनशील गैसों का सामना करना पड़ता है।

सभी एसटीपी को फैक्टरी एक्ट के दायरे में पंजीकृत किया जाए और फैक्ट्री एक्ट के दायरे में आने वाली सारी सुविधाएं मजदूरों को दी जाएं। मैन्युअल स्कैवेंजर्स एक्ट 2013 के अनुसार मजदूरों को सभी प्रकार के सुरक्षा उपकरण दिए जाएं। जिसमें पीपीई किट, ऑक्सीजन मास्क, गम बूट, हेलमेट, ग्लब्स, लाइफ जैकेट, सुरक्षा चश्मे, सेफ्टी बेल्ट, पोर्टेबल फैन, प्राथमिक उपचार पेटी, साबुन, सेनेटाइजर, स्किन लोशन, मास्क आदि शामिल हैं। मैन्युअल स्कैवेंजर्स एक्ट 2013 को सख्ती से लागू किया जाए तथा इसकी अहवेलना करने वालों पर माननीय सुप्रीम कोर्ट के 27 मार्च 2014 के निर्णय अनुसार ठोस कार्रवाई की जाए। सभी मजदूरों को पहचान पत्र जारी किए जाएं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व नेटवर्क के मजदूरों को महिला तथा पुरुष के अनुसार कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम, बाथरूम, लॉन्ड्री और टॉयलेट की सुविधा दी जाए।

### नेरवा विद्यालय में 20 लाख से बनेगी स्टेज



**चौपाल, नेरवा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नेरवा के खेल परिसर में जल्दी ही बीस लाख रुपए की लागत से एक भव्य स्टेज का निर्माण करवाया जाएगा। यह ऐलान स्कूल में आयोजित अंडर-19 छात्र वर्ग जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शिरकत करने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव रजनीश किमटा ने किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को आश्वासन दिया कि इसके लिए वह शिक्षा विभाग से जल्दी ही पैसे का इंतजाम करने का प्रयत्न करेंगे। इसके अलावा छह लाख से स्कूल भवन के कमरों की मरम्मत और रख-रखाव भी किया जाएगा। प्रधानाचार्य केवल राम चौहान एवं एसएमसी ने किमटा का आभार व्यक्त किया।

## पैरा स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए होंगे विशेष प्रयास

### डीसी सादिक ने कहा, बिलासपुर जिले में दिव्यांगों के बनेंगे स्वयं सहायता समूह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय के बचत भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग की ओर से दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999, प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम और मैन्युअल स्कैवेंजर्स के संबंध में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने की।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में पैरा स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए जिला खेल विभाग और सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के साथ अलग से चर्चा कर सभी संभावनाओं को तलाशा जाएगा। उपायुक्त ने दिव्यांग कल्याण संघ को आश्वासन दिया कि जिला अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के साथ दिव्यांगों के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल के अधिकारियों को दिव्यांगों को प्रमाण पत्र बनाते समय पेश आ रही समस्याओं को जल्द निपटने के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने जिला परियोजना अधिकारी डीआरडीए को दिव्यांगों के समूह और अकल दिव्यांग व्यावसायों के लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को सरकार की सभी योजनाओं के अंतर्गत दिव्यांगों को लाभ देने के लिए निर्देश जारी किए। बैठक में जिला अटार्नी चंद्रशेखर भाटिया, एसीपी शिवा चौधरी अध्यक्ष नगर परिषद, कुमार सी रीता सहगल जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल सहित जिला बिलासपुर के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### खिलाड़ी अखिल को दी आर्थिक सहायता

**बिलासपुर।** उपायुक्त सादिक ने कंदरौर के गांव निचली भटेड़ से संबंध रखने वाले



नौजवान किक बॉक्सिंग खिलाड़ी अखिल कुमार ठाकुर को कंबोडिया में होने वाले एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने से पूर्व एनटीपीसी के माध्यम से 1 लाख रुपए की राशि प्रदान की। उपायुक्त ने कहा कि अखिल कुमार अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई बार मेडल जीत चुके हैं और जिला बिलासपुर सहित प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। जिला प्रशासन इस होनहार खिलाड़ी के साथ खड़ा है और हमारी कामना है कि यह होनहार खिलाड़ी देश और प्रदेश के लिए और अधिक से अधिक मेडल जीते। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि इस खिलाड़ी को किसी भी प्रकार की आर्थिक कमी न हो।

## एससी/एसटी एक्ट के तहत 38 मामले न्यायालयों में लंबित : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के विरुद्ध किए गए अपराधों के निवारण के लिए है। उन्होंने बताया कि अधिनियम ऐसे अपराधों के संबंध में मुकदमा चलाने तथा अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए राहत एवं पुनर्वास का प्रावधान करता है। उपायुक्त ने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत जिला बिलासपुर में अप्रैल से अगस्त 2024 तक 38 मामले विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं। तीन मामलों में न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत दर्ज धाराओं को हटा लिया गया है तथा एक मामले में दोष सिद्धि हुई है। उन्होंने लंबित पुराने मामलों को जल्द से जल्द निपटारा करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जिला में अप्रैल 2024 से अब तक अधिनियम के अंतर्गत 19 पीड़ितों को लगभग 12 लाख रुपए की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अधिनियम के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूक शिविरों का भी आयोजन किया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी को जिला के अलग-अलग स्थानों पर शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए।

## पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर मानहानि का केस करेंगे एएसपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व विधायक बंबर द्वारा गत दिवस चिट्टे के खिलाफ रैली के दौरान एएसपी शिव चौधरी पर नशा माफिया के साथ मिले होने के आरोप पर एएसपी शिव चौधरी ने मानहानि का केस दर्ज करवाने की बात कही है। बिलासपुर में पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने ये आरोप इसलिए लगाए हैं, क्योंकि गोलीकांड मामले के मुख्य आरोपित एवं उनके बेटे को पुलिस ने निष्पक्षता के साथ गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि घटना के साथ ही जब शूटर पकड़ा गया था तो उसके फोन को एएसपी ने खुद अपने कब्जे में लिया। यह फोन गोलीकांड मामले को सुलझाने में सबसे बड़ा जरिया था। जब यह फोन अपने कब्जे में लिया तो पूर्व विधायक ने फोन को गायब करवाने के कई प्रयास किए, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अब वह अपने बेटे को बचाने एवं पुलिस पर सबूतों को मिटाने का दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंबर ठाकुर पुलिस महानिदेशक और उन पर आरोप लगाने एवं उनकी छवि खराब करने का प्रयास छोड़कर अपने बच्चों को सुधारे।

**मेले-त्योहार** 16 को शिव मंदिर से मेला स्थल तक निकाली जाएगी विशाल शोभा यात्रा

## रणधीर शर्मा करेंगे जिला स्तरीय सायर मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

तीन दिवसीय जिला स्तरीय सायर मेले का आयोजन 16 से 18 सितंबर तक किया जाएगा। मेले के शुभारंभ पर श्री नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा करेंगे तथा खूंटा गाड कर मेले का आगाज करेंगे। यह जानकारी मेला ग्राउंड में हुई सायर मेला समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दी। सायर मेला समिति के महासचिव श्याम लाल ने बताया कि इस बार मेले का शुभारंभ शाम की जगह सुबह ही हो जाएगा। शिव मंदिर बटोली में सुबह



दस बजे मेले के सफल आयोजन हेतु पूजा-अर्चना होगी, जिसके बाद शिव मंदिर से मेला स्थल तक विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। मेले में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, पार्किंग तथा सुरक्षा इत्यादि का विशेष प्रबंध किया गया है, ताकि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार कि किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

खेल समिति के प्रभारी प्रदीप ठाकुर ने बताया कि इस मेले में कबड्डी के राज्य स्तरीय मुकाबले करवाए जा रहे हैं। खिलाडियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं मेला समिति की तरफ से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। रात्रि के समय सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा में सड़क हादसे में 2 अध्यापकों की मौत



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** खडामुख-होली सड़क मार्ग पर मंगलवार रात करीब 9:00 बजे त्यारी पुल के पास गाड़ी नंबर एच.पी.46-1884 अल्टो कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई है। हादसे के वक्त अल्टो कार होली से तियारी की तरफ जा रही थी कि अचानक त्यारी पुल के समीप अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त कार में कुल चार लोग सवार थे, जिसमें तीन लोग घायल थे और एक की मौके पर मौत हो गई। नवीन कुमार (52) पुत्र पहाडू राम निवासी गांव व डाकघर कुलेठ तहसील होली की गंभीर अवस्था में चंबा ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घायलों में कमलेश कुमार (48) पुत्र बलिया राम गांव, डाकघर व तहसील होली और धर्म सिंह (52) पुत्र जहाज राम निवासी गांव कलाह डाकघर व तहसील होली, जिला चंबा शामिल है। एक अन्य मृतक की पहचान दिलीप कुमार (57) पुत्र कर्म चंद निवासी गांव सरैना डाकघर राख तहसील व जिला चंबा के रूप में हुई है। ये सभी पेशे से अध्यापक थे, जो अपने एक साथी को तियारी तक छोड़ने जा रहे थे कि रास्ते में घटना के शिकार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निकाल कर होली अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें चंबा रैफर किया गया।

### ब्यास नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल ।** पतलीकूहल थाना के अंतर्गत डोहलुनाला बिहाल में ब्यास नदी में अज्ञात शव मिला है। पुलिस ने शव को अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से ब्यास नदी से बाहर निकाला। पतलीकूहल पुलिस थाना प्रभारी रजत शर्मा ने बताया कि प्रथम दृश्य में शव निपाली मूल के व्यक्ति का लग रहा है जिसकी उम्र करीब 50 से 55 साल के बीच की लग रही है, जिसे शिनाख्त के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रखा गया है। कुल्लू पुलिस अधीक्षक डॉ. गोकुल चंद्रन कार्तिकियन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### हामटा में कोलकाता के पर्यटक की मौत

**अनंत ज्ञान, कुल्लू ।** कुल्लू जिला के मनाली स्थित हामटा में ट्रैकिंग पर गए कोलकाता के एक पर्यटक की मौत हो गई। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि ट्रैकिंग के दौरान पर्यटक की छाती और बाजू में दर्द होने के कारण सैलानी को मनाली के मिशन अस्पताल में लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान रोहनधर(32) पुत्र कुनाल धर निवासी शांति निकेतन अपार्टमेंट कोलकाता के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।



### नड्डा, सुक्खू ने नरेंद्र के स्वजनों से व्यक्त की संवेदना

**अनंत ज्ञान, अंब ।** जिला ऊना के प्रख्यात अधिवक्ता एवं भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा (69) का 4 सितंबर को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। वह सब डिविजनल मैजिस्ट्रेट गगरेट की अदालत में एक केस के सिलसिले में आए थे कि वहीं उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्हें सिविल अस्पताल गगरेट लाया गया, यहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। राजनीतिक सफर में वह पार्टी में बड़े-बड़े ओहदों पर रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फोन कॉल के माध्यम से परिवारजनों को सांत्वना दी।

# निहत्थों पर लाठी चार्ज और वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बल प्रयोग करना, वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इस पूरे प्रकरण में सरकार द्वारा पहले दिन से ही पक्षपात पूर्ण कार्रवाई की जा रही है। जब यह स्पष्ट है कि मस्जिद क़ानूनी नहीं है तो न्यायोचित कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय मुख्यमंत्री प्रदर्शन करने वाले लोगों की ही धमकाते रहे, सख़्ती से निपटने की बात करके जन भावना को आहत करने का प्रयास करते रहे।

यह सरकार की नाकामी है। सरकार इस मुद्दे को डील करने में, जनभावनाओं को समझने और उसका सम्मान करने में असफल रह गई। जो काम क़ानून के हिसाब से किया जा सकता था, वह आलाकमान के दबाव में नहीं कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में



जनभावना पहले दिन ही पता चल गई थी लेकिन सरकार ने पूरे मामले को हल्के में लिया।

प्रदेश सरकार ने पूरे प्रकरण को हल्के में लिया। यह मामला शुरू हुआ एक लड़ाई झगड़े से। एक स्थानीय लोगों को कुछ लोगों ने मिलकर मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये और मारने वालों ने संजौली की उसी इमारत में शरण ली। उस जगह ऐसे लोगों का आना जाना है जो ठीक नहीं हैं। स्थानीय लोगों की बातें और भी हैरानी वाली हैं। जिस तरह से वहां आने वाले लोगों का बर्ताव है, वह असहनीय हैं। हिमाचल सरकार का मंत्री कह रहे हैं कि यह लोग कौन हैं, रोहिंग्या हैं या बांग्लादेशी हैं कुछ पता नहीं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि पूर्व सरकार के समय से प्रवासियों के लिए चल रहे रजिस्ट्रेशन और सत्यापन की प्रक्रिया को बंद क्यों किया गया? इसके पीछे सरकार की क्या मंशा है? मुख्यमंत्री को यह सब बातें प्रदेश के लोगों को बतानी चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस मामले में सरकार का रवैया बहुत नकारात्मक रहा।

मुख्यमंत्री ने इस मामले में न तो किसी से बात की, न शांति की अपील की, न ही इस मामले में न्याय का आश्वासन दिया। सरकार ने इस मामले को बेहद ही असंवेदनशीलता के साथ लिया। खुफ़िया तंत्र पूरी तरह फेल रहा। इतनी भारी भीड़ प्रदेश भर से आई। व्यवस्था अस्त-व्यस्त थी लेकिन सरकार ने संजौली के आस-पास के छोटे बच्चों के स्कूल तक नहीं बंद किए। जिससे छोटे बच्चे स्कूल की छुट्टी के बाद फंस गये। छोटे-छोटे बच्चों केको हुई इस परेशानी की जिम्मेदारी कौन लेगा।

### कोटी पोस्ट ऑफिस से नकदी लेकर फरार शाखा पोस्ट मास्टर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कुनिहार पुलिस ने कोटी पोस्ट ऑफिस से नकदी लेकर फरार शाखा पोस्ट मास्टर गिरफ्तार कर लिया। अमित कुमार गांव छोटा खुडा खुर्द तह. व जिला अंबाला हरियाणा हाल निरीक्षक सुबाथू उपमंडल ने पुलिस थाना कुनिहार में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि गत 22 जून को मोनू कुमार मुख्य डाकघर हमीरपुर से स्थानान्तरित होकर बतौर शाखा पोस्ट मास्टर कोटी में आया था। 30 जुलाई को इसे सहायक शाखा पोस्ट मास्टर कोटी ने इसे सूचित किया 27 जुलाई से मोनू कुमार शाखा डाकघर की 52,392 रुपए की नकदी व कार्यालय के उपकरण तथा जरूरी कागजात के साथ गायब है। इन्होंने उसके मोबाइल पर भी संपर्क किया परंतु उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है, जिस पर पुलिस थाना कुनिहार में मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग की जांच के दौरान 10 सितंबर को आरोपी मोनू पुत्र स्व. रणजीत सिंह निवासी गांव व डा. खा. दरूही विकासनगर तह. व जिला हमीरपुर को पुलिस थाना कुनिहार की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# नगर परिषद नेरचौक कार्यालय में सतर्कता विभाग की छापामारी

**आदर्श यादव, नेरचौक**

नगर परिषद नेरचौक कार्यालय में सतर्कता विभाग की टीम ने बुधवार को छापामारी की। जानकारी के मुताबिक (विजिलेंस) सतर्कता विभाग की टीम दोपहर उपरांत जैसे ही नगर परिषद कार्यालय पहुंची तो कार्यालय में सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता मौजूद नहीं थे। बताया जाता है कि सतर्कता विभाग की टीम ने नगर परिषद की कनिष्ठ अभियंता को फोन करके ऑफिस बुलाया तथा उन्हें एक सूची धमाकर रिकॉर्ड मांगा जिसके लिए टीम ने नगर परिषद को कल तक का समय दिया है।

जल शक्ति विभाग के बग्गी डिवीजन के उपरांत बल्ह उपमंडल में महज 15 दोनों के भीतर सतर्कता विभाग की यह दूसरी छापामारी है, जिससे उपमंडल में मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि सतर्कता विभाग को नगर परिषद में टेंडर व दूसरे कार्य में अनियमितताओं की शिकायत मिली है, जिसके आधार पर सतर्कता विभाग की टीम नगर परिषद में जांच करने जा रही है।




> लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में किसी विभागीय कार्य से गई थी, उसी समय सतर्कता विभाग की टीम नगर परिषद कार्यालय पहुंची। सूचना मिलते ही मैं वापस नगर परिषद कार्यालय आई तो सतर्कता विभाग की टीम ने कुछ रिकॉर्ड मांगा जिसके लिए कल तक का उन्होंने समय दिया है।
> **-दीक्षा, कनिष्ठ अभियंता, नगर परिषद नेरचौक**

> मेरे पास प्रदेश के कई जिलों का कार्यभार है इसलिए मंडी जिला के कार्यों को हमारे डीएसपी हेडक्वार्टर देखते हैं। मेरे ध्यान में मामला नहीं है। पर हो सकता है कि रुटीन चेकअप के लिए टीम नगर परिषद नेर चौक गई हो।
> **- कुलभूषण वर्मा, पुलिस अधीक्षक, सतर्कता विभाग मंडी।**

# नौणी विवि के कुलपति एनसीसी कर्नल की मानद रैंक से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के नौणी स्थित मुख्य परिसर में आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल को एनसीसी मानद कर्नल रैंक से सम्मानित किया।

जब मुख्यातिथि एनसीस, शिमला के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रोवीन ने प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल को कर्नल रैंक का बैज लगाया तो डॉ. एलएस नेगी सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का आयोजन 1 एचपी ब्वॉयज बटालियन सोलन द्वारा किया गया था।

प्रोफेसर चंदेल देशभर के उन 19 कुलपतियों की प्रतिष्ठित समूह का हिस्सा है, जिन्हें इस सम्मान से नवाजा



गया है। प्रोफेसर चंदेल अब विश्वविद्यालय के एनसीसी विंग के कर्नल 'कमांडेंट' की उपाधि धारण करेंगे। इस पहल का उद्देश्य कुलपतियों को उनके कार्यकाल के दौरान कर्नल कमांडेंट के रूप में नियुक्त करके विश्वविद्यालय परिसरों में एनसीसी के अनुशासन और देशभक्ति के लोकाचार को शामिल करना है।

इस कार्यक्रम के तहत छात्रों में राष्ट्रीय कर्तव्य की भावना को बढ़ावा देकर सैन्य सेवा के प्रति उनके रुझान को मजबूत करना है।

### नाबालिगा हुई गर्भवती, देना चाहती है बच्चे को जन्म

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में एक लड़की से लिखित शिकायत पत्र प्राप्त हुआ जिसमें शिकायतकर्ता ने दर्शाया है कि वह जिला मंडी की रहने वाली है तथा उसकी उम्र 16 साल 9 महीने हैं।

शिकायतकर्ता कुछ समय पहले जिला हमीरपुर के एक स्थानीय लड़के, जिसे वह एक साल से जानती है तथा उसका बहुत अच्छा दोस्त है और उसके साथ 4-5 महीने पहले अपनी मर्जी से उसके साथ बरठीं गई थी तथा वहां पर शिकायकर्ता तथा उसके दोस्त के बीच शारीरिक संबंध बने थे, जिस कारण अब शिकायतकर्ता तीन माह से गर्भवती है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह सब इसकी अपनी मर्जी से हुआ है तथा वह अब इस बच्चे को जन्म देना चाहती है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि महिला थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# देवभूमि संघर्ष समिति ने बीबीएन में बाहरी लोगों के बसाए जाने पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

शिमला के संजौली में मस्जिद विवाद के बाद अब औद्योगिक नगर बद्दी-नालागढ़ से भी मिलती जुलती आवाज उठने लगी है। यहां क्षेत्र में बाहरी राज्यों के विशेष समुदाय के लोगों को सुनियोजित तरीके से बसाए जाने का मामला संज्ञान में आया है। इस मामले को लेकर देवभूमि संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन पत्र एसडीएम बद्दी विवेक महाजन के माध्यम से सरकार को भेजा है।

समिति ने कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश की पहचान एक शांतिप्रिय और सांप्रदायिक सद्भाव वाले सुंदर राज्य के तौर पर रही है। यहां सदियों से सभी समुदायों के लोग मिलजुल कर रहते आए हैं और एक दूसरे के सुख.दुख में शामिल होते हैं, लेकिन पिछले



लगभग दो दशकों से हिमाचल की जनसांख्यिकी, डेमोग्राफी में शडयंत्रपूर्वक परिवर्तन करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे अनेक समस्याएं सामाजिक तनाव और झगड़े उत्पन्न हो रहे हैं।

समिति ने सरकार को अपना ध्यान इस ओर आकर्षित करने का आहवान किया है कि हिमाचल प्रदेश में बढ़ती बाहरी लोगों की संख्या के प्रति उचित कदम उठाया जाए, ताकि देवभूमि के गैर कानूनी गतिविधियों में बाहरी लोगों की संलिप्तता तथा हिमाचल के मूल चरित्र में परिवर्तन करने के प्रयासों को रोक कर हिमाचल को बचाया जा सके। समित के सदस्यों चंदन ठाकुर, रिक्की, अंकु, किशोर ठाकुर, श्रीकांत शर्मा, हरीश, हर्ष व अन्य ने कहा कि दो दशकों के दौरान बाहरी राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग यहां लाकर बसाए जा रहे हैं।

# चिट्टे के खिलाफ घर से लड़ाई शुरू करें बंबर ठाकुर : सांख्यान



प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष स्वतंत्र संख्यान, साथ हैं अन्य नेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व सदर विधायक बंबर ठाकुर चिट्टे की लड़ाई सबसे पहले अपने घर से शुरू करें। उनके घर से ही चिट्टे की शुरुआत हुई है। वह नुक्कड़ सभा करके चिट्टे के खिलाफ जो आवाज उठा रहे हैं, वह पूरी तरह से जनता को भ्रमित करना है।

यह बात बुधवार को बिलासपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष स्वतंत्र संख्यान ने प्रेसवार्ता करते हुए कही। संख्यान ने कहा कि आज के समय में बंबर ठाकुर बिलासपुर में विकास का दुश्मन बनकर सामने आए हैं। कई सालों से फोरलेन का जो कार्य रुका हुआ था, उसका मुख्य कारण भी बंबर ठाकुर ही थे। यह बात भाजपा नहीं, बल्कि कांग्रेस के ही दिग्गज नेता कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर में 10 हजार लोगों की जनसभा को संबोधित करने वाली बंबर ठाकुर की बात झूठ साबित हुई। बीते मंगलवार को मात्र बंबर ठाकुर एक नुक्कड़ सभा आयोजित कर गए। इसमें उन्होंने अपनी ही सरकार के अधिकारियों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर में डीएफओ की पिटाई, सीएमओ के घर पर पथराव, सरिए का ट्रक चोरी होना, ये सब बंबर ठाकुर के विधायक रहते हुआ था।

उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी तो भाजपा की ओर से अधिकारियों को पूरी तरह से चिट्टा माफियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही थी, लेकिन जैसे ही सरकार बदली तो बंबर ठाकुर ने उन अधिकारियों पर भी चुनाव में उनको हराने का आरोप लगाया गया।

इससे साफ तौर पर यह साबित हो गया है कि बंबर ठाकुर पूरी तरह से बौखला गए हैं।

### संदिग्ध अवस्था में मिला ट्रक चालक का शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शहर के रौड़ा सेक्टर में संदिग्ध अवस्था में ट्रक चालक का शव ट्रक के अंदर मिला है। पुलिस को ट्रक कैबिन में सिरिंज भी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ट्रक चालक लखवीर सिंह निवासी गांव मेहंदीपुर तहसील बलाचैर (पंजाब) बिलासपुर में ट्रक चलाने का कार्य करता था। वह पंजाब से ट्रक लेकर बिलासपुर पहुंचा। रात हो जाने के कारण चालक ट्रक में ही सो गया।

अगले दिन उसके परिजनों ने उससे संपर्क करने की कोशिश की तो उसका फोन बंद आ रहा था। इसके बाद परिजनों ने ट्रक मालिक से संपर्क किया और बताया कि लखवीर से उनका कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। ट्रक मालिक रौड़ा सेक्टर पहुंचा जहां पर ट्रक को खड़ा किया गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को खोला तो अंदर चालक मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**मशरूम मेला** मार्केट वैल्यू एक लाख से लेकर 5 लाख रुपए प्रति किलो तक

# कीड़ा जड़ी मशरूम कैंसर के इलाज में सहायक पर उत्पादन में आर्थिक जोखिम

**आर मोहन चौहान, सोलन**

खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन (चंबाघाट) ने दुर्लभ कीड़ा जड़ी मशरूम का सफल शोध तो किया लेकिन किसान फिलहाल इसके उत्पादन में रूचि नहीं ले रहे हैं। कहने को तो इस मशरूम की मार्केट वैल्यू 1 लाख से लेकर 5 लाख रुपए प्रति किलो तक है, लेकिन उत्पादन लागत और सीमित खरीदार होने के चलते किसान कीड़ा जड़ी मशरूम उत्पादन का जोखिम उठाने को तैयार नहीं है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-मशरूम अनुसंधान निदेशालय सोलन की तरफ से आयोजित राष्ट्रीय मशरूम मेले की प्रदर्शनी में कीड़ा जड़ी मशरूम आकर्षण का केंद्र रही। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भी इस मशरूम की जानकारी ली। उन्होंने वैज्ञानिकों की उपलब्धि की सराहना की साथ ही किसानों को इसके उत्पादन के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)



**कीड़ा जड़ी मशरूम कैंसर के इलाज में सहायक**

खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन के वैज्ञानिकों के मुताबिक कीड़ा जड़ी मशरूम कैंसर के इलाज में सहायक होने के साथ-साथ एक शक्तिवर्धक एनर्जी बूस्टर का काम करती है। इसका उपयोग खासतौर पर फाइव स्टार होटलों और वीआईपी लोगों द्वारा किया जाता है। यह मशरूम देखने में केसर जैसी होती है और पानी में डालने पर पानी का रंग पीला हो जाता है। इसे ऊर्जा बढ़ाने वाले ड्रिंक के रूप में प्रयोग किया जाता है।

### मशरूम की खेती में अत्यधिक जोखिम

**कीड़ा** जड़ी मशरूम की खेती में अत्यधिक जोखिम जुड़ा हुआ होने के चलते कृषि विज्ञान केंद्र से सलाह लिए बिना इसे शुरू करना आर्थिक रूप से जोखिम भरा साबित हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैदावार बढ़ने के बावजूद इसकी डिमांड सीमित है। कीड़ा जड़ी मशरूम की खेती मुख्य रूप से बर्फीले क्षेत्रों में की जाती है लेकिन मशरूम अनुसंधान निदेशालय सोलन में इससे भूसी पर प्रयोगशाला में भी उगाया गया है। वैज्ञानिक इसके उत्पादन की लागत को कम करने को लेकर भी शोध में जुटे हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा शुरू


प्रतियोगिता के शुभारंभ पर टेबल टेनिस में हाथ आजमाते सांसद अनुराग ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां की खेलो इंडिया रेजिडेंशियल अकादमी में 11 से 18 सितंबर तक यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर के लगभग 2500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। शुभारंभ पर सांसद अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि हिमाचल प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के प्रेसिडेंट टीसी चोपड़ा, सेक्रेटरी आदिश राणा, टूर्नामेंट डायरेक्टर यशपाल राणा, कंपटीशन मैनेजर एन गणेशम, रेफरी एएस कलेर,नगरोटा के एसडीएम मुनीश शर्मा, धर्मशाला के पूर्व विधायक विशाल नेहरिया , बीजेपी कांगड़ा के प्रेजिडेंट सचिन शर्मा, ओबीसी मोर्चा स्टेट प्रेसिडेंट विनय कुमार, रेनबो ग्रुप ऑफ स्कूल्स की मैनेजमेंट मेंबर मीनाक्षी कश्यप ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

### तृप्ता स्कूल के स्टॅडेंट्स ने जीता गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने अंडर-19 खेल



प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना स्थान बनाया है। विद्यालय के 11वीं के छात्र शौर्य पगडोत्रा ने 79 किलोग्राम कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है और कार्तिक जरियाल ने 74 किलोग्राम भार में ब्रांज मेडल जीता। यह अंडर-19 प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सुरियां में हुई। शौर्य पगडोत्रा का चयन जिला स्तर के लिए हुआ हुआ है। इस उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों के विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।चेयरमैन बीरेंद्र नरियाल व प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों को मिठाई खिला कर बधाई देते हुए कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत और कठिन परिश्रम का फल है।

### खैरा के तीन छात्रों का जिला स्तर के लिए चयन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा के छात्रों ने सुलह जोन की अंडर-19 खेल प्रतियोगिता में वॉलीबाल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही वॉलीबाल में तीन खिलाड़ियों आर्यन,सूर्यांश व आर्यन का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ व बैडमिंटन में एक खिलाड़ी आदित्य का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। खिलाड़ियों व उनके कोच डीपीई सुनील कटोच को स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य विजय कुमार ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान राकेश राणा, एसएमसी सदस्य व स्कूल के अध्यापक उपस्थित रहे।

### थुरल कॉलेज की लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद मैमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गठित की गई जांच समिति की ओर से संस्थान के पुस्तकालयों का श्रेणीकरण करने के लिए भौतिक सत्यापन किया गया। जांच समिति में राजकीय शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला की प्राचार्य डॉ. आरती वर्मा ने बतौर अध्यक्ष, राजकीय महाविद्यालय रिडकमार के प्राचार्य डॉ. युवराज पठानिया, उपाध्यक्ष राजकीय शिक्षा महाविद्यालय सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष अजीत कुमार बतौर सदस्य शामिल रहे। जांच समिति ने संस्थान के पुस्तकालय अध्यक्ष रणजीत राणा तथा मंजु कुमारी की अगुवाई में पुस्तकालय की मूलभूत सुविधाओं को बारीकी से जांचा और पुस्तकों का विवरण तथा अन्य प्रकार की जांच पड़ताल भी की।

### डरोह स्कूल खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परौर में अंडर -19 छात्र ज़ोनल



खेल प्रतियोगिता में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डरोह की टीम ने खो - खो खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में स्कूल के प्रधानाचार्य रजनीश अत्री एवं समस्त शिक्षक वर्ग ने खिलाड़ियों का अभिनंदन किया तथा शारीरिक प्राध्यापक अजय सूद को बधाई दी।

### डगेरा स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 6 मेडल

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जिला कांगड़ा के देहरा में खेली गई अंडर-14 जिला



स्तरीय लड़कियों की एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शिक्षा खंड थुरल के राजकीय माध्यमिक पाठशाला डगेरा के लड़के-लड़कियों ने 6 मेडल जीत कर उपविजेता ट्रॉफी हासिल की है। यह प्रतियोगिता 4 से 8 सितंबर तक देहरा में खेली गई। स्कूल की छात्रा कामिनी ने 600 मीटर में गोल्ड मेडल और 400 मीटर में सिल्वर मेडल जीते, जबकि तन्वी ने 400 मीटर में गोल्ड मेडल और 600 मीटर में सिल्वर मेडल जीते, अरुशिका ने 100 मीटर में सिल्वर मेडल जीता, सक्षम ने 400 मीटर ब्रॉन्ज मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। बच्चों के कोच माथुर धीमान ने बताया कि अब यह बच्चे राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हमीरपुर अणु के सिंथेटिक ट्रैक में अपना जलवा दिखाएंगे।

### 38 करोड़ की दो योजनाओं की डीपीआर मंजूर : काजल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विधायक पवन काजल ने कहा कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र की दो पेयजल योजनाओं की लगभग 30 करोड़ रुपए की डीपीआर मंजूर हुई है। विधायक प्राथमिकता योजनाओं के आधार पर इन पेयजल योजनाओं के बजट की सिफ़रिश नाबार्ड बैंक से की गई है। आधुनिक तकनीक के आधार पर इनका निर्माण कर ग्रामीणों को शुद्ध पीने का पानी मुहैया करवाया जाएगा। काजल नें कहा कि वोहड़क्वालू पेयजल योजना की 19 करोड़ 32 लाख, घूरकड़ी वीरता के लिए 10 करोड़ 66 लाख के डीपीआर मंजूर हुई है। वोहड़क्वालू पेयजल योजना के अंतर्गत नंदरूल, खरटी, टला, गाहलियां, अमतराड़, राजल, सिरमणि और साथ लगते गांव शामिल होंगे, जबकि घुरकड़ी पेयजल योजना के अंतर्गत वीरता, नटेहड़, रिहालपूरा, घुरकड़ी और साथ लगते गांवों को नई पेयजल योजना बनने से ग्रामीणों को शुद्ध पीने का पानी मुहैया करवाया जाएगा।

### नियांगल पंचायत को मिला सिर्फ एक मकान

**अनंत ज्ञान, जवाली।** ग्राम पंचायत नियांगल के उपप्रधान ठाकुर संदीप सिंह समकड़िया का कहना है कि हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना के



तहत 92364 मकान स्वीकृत हुए हैं। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि नियांगल पंचायत को केवल एक ही मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत हुआ है। अन्य जगह चालीस-चालीस मकान एक ही पंचायतों को स्वीकृत हुए हैं। समकड़िया का कहना है कि जिस तरह से अन्य पंचायतों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिल रहे हैं, उसी तरह हमारी पंचायत को भी घर मिलने चाहिए।

### राज्य कराटे प्रतियागिता में डीसी होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जिला शिक्षा विभाग की ओर से करवाए जा रहे 68वें अंतर जिला पंजाब राज्य कराटे प्रतियोगिता में डीसी पठानकोट आदित्य उप्पल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इस संबंधी बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी राजेश कुमार और जिला खेल कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार की ओर से डिप्टी कमिश्नर को निमंत्रण पत्र दिया गया है।

#### नगरोटा बगवां में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर खूब बरसे सांसद अनुराग ठाकुर

# सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर फेल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को नगरोटा बगवां में प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस समय प्रदेश की हालत सही नहीं है। मजदूर, किसान, व्यापारी वर्ग और कर्मचारी सरकार की नीतियों से तंग आ चुके हैं।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा हो या सुविधा प्रदेश सरकार पूरी तरह से फेल हुई है। कांग्रेस सरकार के मंत्री सदन में बोल रहे थे तो मुख्यमंत्री सोते नजर आ रहे थे। जगह-जगह प्रदेश सरकार के खिलाफ जनता आवाज उठा रही है, पर सरकार ने अपने कान बंद कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि सब कुछ प्रदेश की राजधानी शिमला में हो रहा था और सरकार सोई हुई थी। इससे पता चलता है कि हर फ्रंट पर कांग्रेस सरकार फेल है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार ने हिमाचल प्रदेश का बंटा धार कर दिया है। कांग्रेस को पता ही नहीं है कि सरकार चलानी कैसे है। जो झूठे वादे कांग्रेस ने किए थे, वो पूरे होते नजर नहीं आ रहे हैं। सरकार की माली हालत इतनी खराब हो गई है कि कर्मचारियों और पेंशनर्स को एक-एक हफ्ता अपने वेतन और पेंशन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार बनते ही पेट्रोल और डीजल पर दो बार टैक्स बढ़ा दिए और अब दूध और पर्यावरण के नाम पर सेस लगाने वाले हैं। किसी न किसी तरह जनता की जेब से पैसा निकालने का काम कांग्रेस सरकार कर रही है और जनता पर बोझ डाल रही है। अनुराग ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी सरकार नहीं चला पा रही है, तो इसे सत्ता छोड़ देनी चाहिए।

#### कांग्रेस ने की लोकतंत्र की हत्या

**अनुराग** ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जहां रिजर्वेशन खत्म करना चाहते हैं, वहीं इनकी पार्टी और परिवार ने ही लोकतंत्र की हत्या इमरजेंसी लगाकर की थी और संविधान में कई संशोधन पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक ने किए। इससे स्पष्ट है कि यह लोग बाबा साहब अंबेडकर के खिलाफ हैं और अब जम्मू-कश्मीर के लोगों से उनके हक भी छीनना चाहते हैं। हमीरपुर से सांसद ने कहा कि संजौली मुद्दे की गहराई तक जाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह के प्रयास आगे न किए जा सकें। ये जो नई परिस्थितियां बनी हैं, इसके कारण क्या हो रहा है, स्थानीय लोगों में जो रोष है, इसके कई कारण हैं। ऐसी अनेकों घटनाएं हैं, जो पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिली हैं।



#### सांसद बोले, सरकार का खजाना खाली

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व सांसद ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पहली तारीख के स्थान पर अब 10 तारीख को पेंशन मिलना शुरू हुई है। कर्मचारियों को 5 तारीख को वेतन का भुगतान होना यही दर्शाता है कि सरकार का खजाना खाली हो गया है।

### तनावपूर्ण स्थिति संभालने में सरकार रही विफल : परमार

**धर्मशाला।** प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा के भाजपा प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार ने संजौली प्रकरण पर जारी बयान में कहा है कि आम जनता पर लाठीचार्ज का भाजपा विरोध करती है। कांग्रेस की सरकार पूरी तरह से निकम्मी सरकार है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार किसी भी प्रकार की तनावपूर्ण परिस्थिति को संभालने में असफल है। भाजपा संजौली में जनता द्वारा किए गए आंदोलन के साथ है और जिन लोगों को इस धरने में चोटें आई हैं, उनके प्रति संवेदनशील है। भाजपा का मानना है कि आज के आंदोलन को सरकार और अच्छे रूप से संभाल सकती थी, पर सरकार को मंशा यह करने की नहीं थी। सरकार और कांग्रेस के नेता एक सोचे समझे एजेंडा पर कार्य कर रही है। कांग्रेस केवल मात्र हिमाचल और देश में एक एजेंडा खड़ा करना चाहती है। परमार ने कहा कि संजौली में मासूम लोगों पर लाठी चार्ज किया गया, पानी की बौछार की गई।

### हैप्पी बर्थडे


मनेई की अन्वेषा शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


रंगस के अमन राणा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## 5 महीने में 551 चालान कर वसूला 22 लाख रुपए जुर्माना

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के तहत अप्रैल से अब तक तक अवैध खनन के कुल 551 चालान कर करीब 22 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। भले ही अवैध खनन को लेकर वन विभाग तथा उपमंडल प्रशासन समेत करीब आधा दर्जन विभागों को कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया है, लेकिन खास बात यह है कि खनन विभाग के अलावा सिर्फ पुलिस विभाग ही अवैध खनन के मामलों में कार्रवाई करता है जबकि अन्य किसी भी विभाग की ओर से इस साल में ऐसी किसी कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया गया। खनन तथा पुलिस विभाग ने इस वित्तीय साल में अवैध खनन के कुल 551 मामलों में कार्रवाई की। इनमें से 464 मामलों में कार्रवाई करते हुए 2254250 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं, 28 मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार खनन विभाग ने 5 माह में 204 चालान कर 529400 जुर्माना वसूल किया। वहीं दूसरी तरफ पुलिस विभाग ने अवैध खनन के 347 मामले दर्ज कि और 1724850 रुपए का जुर्माना वसूल किया। (अनंत ज्ञान)

#### भविष्य में भी जारी रहेगी कार्रवाई : राजीव कालिया

**जिला** खनन अधिकारी कांगड़ा राजीव



कालिया ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ सरकारी तंत्र समय-समय पर कार्रवाई को अंजाम देता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### ईको फ्रेंडली मूर्ति कला पर प्रतियोगिता का किया आयोजन

**नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में ईको क्लब की प्रभारी निपुनिका राणा ने ईको फ्रेंडली मूर्ति कला विषय पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और कला को प्रोत्साहित करना था, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों से मूर्तियों का निर्माण किया। इसमें विभिन्न संकायों के छात्रों ने भाग लिया और अपने अनूठे एवं रचनात्मक विचारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई। प्रतियोगिता के अंत में, सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और उनकी कृतियों की सराहना की गई। प्रथम स्थान पर आलीशा, दूसरे पर दीक्षा, तीसरे पर तनु और वंश और शिवानी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## श्री साई कॉलेज बधानी में करवाया सुंदर कांड का पाठ



**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी में हवन यज्ञ तथा सुंदर कांड का पाठ करवाया गया। कार्यक्रम में ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज और रिया पुंज शामिल हुए। इसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज, स्टाफ तथा स्टूडेंट्स के उज्ज्वल की मनोकामना करना रहा। सुंदर कांड को सबसे पहले रामायण में वाल्मीकि ने संस्कृत में लिखा था। बाद में तुलसी दस ने जब श्री राम चरित मानस लिखी, तो सुंदर कांड को अवधी भाषा में लिखा। सुंदरकांड में हनुमान जी द्वारा सीता माता को खोजने के लिए की गई लंका यात्रा का संपूर्ण बखान किया गया है।

इस अवसर पर डायरेक्टर रणजीत सिंह, डॉ. नवदीप सवाल, सजय पंडित, पुनीत सांवल, सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा, हरमोहिंदर सिंह, डॉ केवल कृष्ण, जसवंत कौर, सुमन कॉलेज स्टाफ और स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

### साई मंदिर मनसिंबल में भागवत कथा संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** साई मंदिर मनसिंबल में देवी भागवत कथा का बुधवार को समापन हो गया। साई मंदिर के संस्थापक रोशन रैना ने बताया कि पिछले 9 दिन से साई मंदिर मनसिंबल में कथा वाचक अनिल डोहरु द्वारा देवी भागवत सुनाई गई। जिसको सुनने के लिए आसपास के गांव से बहुत सारे लोग एकत्रित हुए। उन्होंने देवी भागवत को सुनने का आनंद प्राप्त किया। आज सुबह 9 बजे हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ उसके पश्चात 10 बजे से देवी भागवत सुनाई गई तथा उसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। दोपहर को भंडारे का प्रबंध भी था इस बीच देवी भागवत के दौरान मंदिर परिसर में धीरा के एसडीएम राकेश शर्मा, साई यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर निपुण पुंज व भवारना के बीएमओ नवीन राना ने भी भागवत सुनी और देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### पनियाली स्कूल को बंद करने के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**डरोह।** गलूही, घमूह, पनियाली, डगाहण व काहनफट गांव के लोगों में केंद्रीय प्राथमिक स्कूल पनियाली को सरकार द्वारा बंद किए जाने पर बहुत आक्रोश है। इस बारे उन्होंने बुधवार को एसडीएम धीरा राकेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा कि काहनफट के तीन स्कूल पहले ही बंद कर दिए हैं। ग्राम पंचायत काहनफट एक पिछड़ी और अति दुर्गम क्षेत्र वाली पंचायत है, जहां बच्चों को आने जाने की सुविधा न के बराबर है। गलूही का स्कूल भी पहले ही बंद हो चुका है। ग्रामीणों ने कहा कि केंद्रीय स्कूल पनियाली को बंद न किया जाए तथा ग्रामीण बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित न किया जाए। इस बावत सरकार तुरंत कार्रवाई करे।

#### अरनी यूनिवर्सिटी इंदौरा में एफडीपी सेमिनार का किया गया आयोजन

## स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षक 'मेंटर्स फॉर टुमॉरो' पुरस्कार से किए सम्मानित

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अरनी विश्वविद्यालय ने एनजीओ कावेरी के सहयोग से पठानकोट में पॉश अधिनियम-2013 पर एक दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सरकारी और निजी स्कूलों के 100 से अधिक प्राचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सरकारी और निजी स्कूलों के प्राचार्यों और शिक्षकों को 'मेंटर्स फॉर टुमॉरो' पुरस्कार से सम्मानित किया।पॉश अधिनियम, 2013 महिलाओं के लिए एक सुरक्षित



कार्य वातावरण प्रदान करने पर केंद्रित है। यह दंडात्मक प्रावधानों और यौन उत्पीड़न के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर देता है। कार्यक्रम में दिल्ली उच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता और दिल्ली पुलिस की परामर्शदाता अधिवक्ता ऐडवोकेट रेखा शुक्ला मुख्य वक्ता थीं। सामाजिक कार्यकर्ता और प्रसिद्ध वेलनेस कोच डॉ. शिफाली गर्ग भी अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने पॉश अधिनियम-2013 के संवैधानिक ढांचे और कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। अरनी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने अधिनियम के महत्व और संवेदनशीलता को रेखांकित किया। उन्होंने महिलाओं के लिए एक सुरक्षित कामकाजी माहौल प्रदान करने पर भी अपने विचार साझा किए। (अनंत ज्ञान)

### पालमपुर को 397 किलो कचरे से किया मुक्त

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** मंगलवार को हिलदारी परियोजना के अंतर्गत अत्यधिक प्रभावशाली सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मेयर, नगर निगम आयुक्त, वार्ड 2, 3 तथा 12 के पार्षद, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं समुदाय के विभिन्न वर्ग शामिल हुए। कार्यक्रम में 100 प्रतिभागी शामिल हुए और पूरे समर्पण के साथ कार्य किया। आयुक्त आशीष शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए सही कचरा विभाजन के महत्व पर जोर दिया। यह अभियान 397 किलोग्राम कचरे के संग्रह के साथ संपन्न हुआ।

### नौरा कॉलेज के पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग की ओर से गठित पुस्तकालय ग्रेडिंग निरीक्षण कमेटी के सदस्यों में राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला के प्राचार्य आरती वर्मा रिडकमार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज पठानिया तथा सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष अजीत कुमार का राजकीय महाविद्यालय नौरा के प्राचार्य डॉ. आरएस चंदेल ने स्वागत किया। निरीक्षण कमेटी ने पुस्तकालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं को जांचा और उसे संतोषजनक पाया तथा पुस्तकालय ने जिस ग्रेड के लिए प्रपत्र भरा है, उससे संबंधी दस्तावेज निरीक्षण कमेटी द्वारा जांचे गए तथा सभी दस्तावेज सही पाए गए।

### बैडमिंटन में साहिल बना सर्वश्रेठ खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंडपुर में आयोजित अंडर-19 छात्र खेल प्रतियोगिता में रावमापा कृष्णनगर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन स्पर्धा में विजेता और वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रनर अप का खिताब हासिल किया। कक्षा बारहवीं के छात्र साहिल कुमार को बैडमिंटन स्पर्धा में सर्वश्रेठ खिलाडी घोषित किया गया। कुश्ती में 96 किलोग्राम वर्ग में आदित्य कुमार को स्वर्ण पदक तथा 61 किलोग्राम वर्ग में दिव्यांश ने भी स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का झंडा बुलंद रखा। विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि कुमार ने इस सफलता का श्रेय समस्त स्टाफ को देते हुए शारीरिक शिक्षिका अर्चना देवी व टीम कोच अनिल राणा के विशिष्ट प्रयासों के लिए सराहना की तथा सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### डल झील में राधाष्टमी पर जुटे हजारों श्रद्धालु

**धर्मशाला।** मिनी मणिमहेश के नाम से विख्यात धर्मशाला डल झील में राधाष्टमी पर्व पर श्रदालुओ की भारी भीड़ उमड़ी। लगभग 35 हजार श्रद्धालुओ ने पवित्र डल झील में स्नान कर झील किनारे स्थित प्राचीन दुर्गेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। राधाष्टमी पर्व से आरंभ हुए मेले के चलते पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। श्रद्धालुओं ने दुर्गेश्वर महादेव का गुणगान करते हुए डल झील में स्नान किया तथा मंदिर में पूजा अर्चना कर मनत पूरी होने की कामना की । राधाष्टमी के बड़े स्नान पर पुरष व महिलाओं के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई थी। पुरषों के साथ महिलाओ ने भी राधाष्टमी पर्व पर स्नान कर डल झील में पुण्य कमाया। डल के आसपास पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ा। टेंगल बोर्ड से लेकर झील तक भारी जाम लगा रहा तथा श्रद्धालुओं को असुविधा हुई।

### क्योर में पशु औषधालय लोगों को समर्पित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत क्योर में करीब 17 लाख की लागत से बने पशु औषधालय के नवनिर्मित भवन लोगों को समर्पित किया। किशोरी लाल ने कहा कि ग्राम पंचायत क्योरी में पशु औषधालय से चार पंचायतों के लगभग 2000 पशुपालकों को पशु उपचार इत्यादि में फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पशुपालकों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर उनकी आय बढ़ाने के लिए दूध के मूल्यों को बढ़ाया गया है। सरकार ने भैंस और गाय के दूध का खरीद मूल्य बढ़ाकर 55 और 45 रुपए किया है। इससे पहले उपनिदेशक डॉ मोहिंदर शामा ने मुख्य अतिथि को सम्मान शाल, टोपी तथा स्मृति चिन्ह से किया और। उन्होंने इस अवसर पर विभाग की योजनाओं तथा जिला में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया।

### गणेश भक्तों अनसुई में निकाली शोभा यात्रा

**अनंत ज्ञान, गगल।** गणपति बप्पा मोरया की मधुर आवाज से बुधवार को रजोल के नजदीक अनसुई में गणेश के भक्तों ने गणेश की प्रतिमा को बनेर नदी में विसर्जन करने के लिए ग्रामीणों ने शोभा यात्रा निकाली।

### एबीवीपी ने मांगों को लेकर शुरू की भूख हड़ताल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार को प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के अंदर प्रदेश की वर्तमान शिक्षा विरोधी कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल की शुरुआत की गई। यह भूख हड़ताल हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र मोहली इकाई द्वारा बुधवार 12 बजे शुरू हुई, जो कि 12 सितंबर दोपहर 12 बजे तक चलेगी। इस भूख हड़ताल का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार को विद्यार्थियों की मूलभूत आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकर्षित कराना है।

### देवभूमि संघर्ष समिति ने प्रवासियों पर मांगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** देवभूमि संघर्ष समिति कांगड़ा के पदाधिकारियों ने बुधवार को प्रदेश में बाहरी लोगों की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को एसडीएम कांगड़ा के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा। उन्होंने ज्ञापन के जरिए यह मांग उठाई है कि राज्य में धर्म विशेष के बाहरी लोगों को षडयंत्रपूर्वक बसाने पर रोक लगाएं और जो लोग पहले से ही यहां अवैध रूप से बस गए हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### एरियर नहीं दिया, तो खटखटाएंगे कोर्ट का दरवाजा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बुधवार को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद् पेंशनर फोरम कांगड़ा ईकाई की मासिक बैठक ईकाई प्रधान एनडी चौधरी की अध्यक्षता में एक निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक में लगभग 105 विद्युत पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यतः लंबित पड़े एरियर व अन्य अदायगियों के जल्द भुगतान के लिए पुरजोर मांग की गई । बैठक में यह भी चर्चा हुई की अगर बोर्ड सीधे तरीके से इन लंबित एरियर की अदायगी नहीं करता है तो फिर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

### भाजपा मोर्चा की राज्य स्तरीय कार्यशाला 18 को

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा मोर्चा व प्रकोष्ठ की राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला 18 सितंबर को जिला कार्यालय पालमपुर में होगी। उक्त जानकारी भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं इस कार्यक्रम के संयोजक त्रिलोक कपूर ने पालमपुर में जिला भाजपा द्वारा आयोजित योजना कार्यशाला के समापन उपरांत एक पत्रकार वार्ता में दी।

#### आक्रोश — धर्मशाला में किया विरोध-प्रदर्शन, डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

## प्रवासियों पर फूटा हिंदू संगठनों का गुस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

देवभूमि संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को कांगड़ा के हिंदू संगठनों ने धर्मशाला में विरोध-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। संघर्ष समिति ने सरकार के समक्ष आवाज उठाते हुए कहा कि दूसरे राज्यों से कुछ रोहिंगिया और बांग्लादेशी पहचान छुपाकर यहां बस रहे हैं। इससे शांति प्रिय प्रदेश देवभूमि की जनता को खतरा है।

पिछले कुछ समय से फर्जी आधार कार्ड बनाकर हिंदू नाम लिखकर यहां लोग आने शुरू हुए हैं। इसकी बाकायदा जांच व वैरीफिकेशन होनी चाहिए। प्रदेश में धारा-118 को भी पूर्व योजना के आधार लगाया गया था, ऐसे में उसका पालन होना आवश्यक है, जिससे शांति बनी रहे। देव भूमि संघर्ष समिति, विश्व हिंदू परिषद समेत धर्मशाला-कांगड़ा के कई स्थानीय संगठनों आम जनता ने बुधवार को सड़कों पर उतरकर हिंदू एकता के नारे लगाते हुए कांगड़ा धर्मशाला में बढ़ रहे प्रवासियों पर चिंता जताई। हिंदू संगठनों की ओर से किए जा रहे चिंतन में कहा गया कि धर्मशाला और कांगड़ा जिला में प्रवासी लोगों की संख्या बढ़ रही है और ज्यादातर प्रवासी लोगों के आधार कार्ड में बेहद गड़बड़ियां हैं।



लोगों ने कहा कि कुछ प्रवासियों के पास जहां दो-दो आधार कार्ड हैं तो वहीं ज्यादातर प्रवासियों की जन्म तारीखें पहली जनवरी से ही शुरू हो रही हैं। चाहे उनमें दशकों का ही गैप क्यों न हो, ऐसे में इन प्रवासी मजदूरों की आड़ में कहीं कोई शरारती तत्व अराजकता न फैला दे, उसको लेकर स्थानीय जनता, गैर सरकारी संगठन और विश्व हिंदू परिषद सड़कों पर उतरा और कांगड़ा में बढ़ रही प्रवासियों की संख्या की निगरानी करने समेत उनके द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर भी सवाल खड़े किए।

विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समरसता सह संयोजक अजय कुमार ने कहा कि इन दिनों जो हालात शिमला और मंडी में देखने को मिले हैं अगर आज नहीं जागे तो कल ऐसी स्थिति धर्मशाला व कांगड़ा में भी देखने को मिल सकती है। ऐसे में इस मामले में कार्रवाई की जानी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### पल्ही गांव के पास तेंदुए की दहाड़ से सहमे ग्रामीण

**अनंत ज्ञान , भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाले भरेड़ी कस्बे के नजदीकी गांव पल्ही में इन दिनों तेंदुए का आतंक बढ़ गया है। शाम ढलते ही तेंदुआ दहाड़ना शुरू कर देता है, जिसके चलते लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनका सुबह-शाम घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। अब यह भी डर सताने लगा है कि छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल में अकेले कैसे भेजें। लोग खेत-खलिहान में भी जाने से भी कतरा रहे हैं कि कहीं तेंदुआ हमला न कर दे। तेंदुआ सीसीटीवी फुटेज में घूमता नजर आया है, जिसमें वह एक घर में घुस गया है। क्षेत्र वासियों ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि पल्ही गांव में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए, ताकि गांव में किसी प्रकार की अनहोनी होने से बचा जा सके। वहीं वन विभाग के वन रक्षक शुभम शर्मा ने कहा कि इस बारे में ग्राम पंचायत धमरोल उपप्रधान विजय कुमार ने शिकायत की है। विभाग पल्ही गांव के आसपास पिंजरा लगाकर तेंदुए को जल्द ही पकड़ने की कोशिश करेगा।

### लाल पथ लैब ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में लाल पथ लैब रंगस द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में लोगों के उचित एवं सस्ते दामों पर शुगर आदि के टेस्ट किए गए। इस दौरान कपिल मोहन शर्मा ने बताया कि हमारी लैब द्वारा उपमंडल में



जगह-जगह प्रोमोशनल शिविर लगाए जा रहे हैं। अब तक हमारी लैब रैल, रंगस, जोलसप्पड़ आदि स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण से सबंधित शिविर लगा चुकी है।

### ग्रीष्मावकाश गृहकार्य की लगाई चित्र प्रदर्शनी

**अनं ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में पीटीएम के साथ विषयों पर आधारित चित्रप्रदर्शनी 'मेराकी' का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यापकों ने बच्चों द्वारा



बनाई गई गतिविधियों को दिखाया। प्रिंसिपल की अध्यक्षता में सजी प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित बेहद आकर्षित करने वाले माडल सजाए। ईईडीपी के बच्चों ने भी अपने विभिन्न प्रकार की बनाई गतिविधियों से अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सड़क सुरक्षा के नियम और समाज में फैली अन्य बुराइयों के संदर्भ में माडलों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि बच्चों के अंदर छिपी हुई कला और प्रतिभा को निखारने के लिए बच्चों को अवकाश कार्य दिया जाता है। इसमें बच्चे दी गई गतिविधियों में अपनी कल्पना और कौशल को अभिव्यक्त करते हैं।

### झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे बच्चों को किया जागरूक




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन धनेटा से 3 किलोमीटर दूर मानखंड के किनारे झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे बच्चों को शिक्षा के बारे में जागरूक किया गया। इसकी अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने की तथा इस अभियान में प्रधान मधुबाला तथा जिला परिषद सदस्य संजय कुमार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर्स और रेंजर्स, रेड रिबन क्लब, महिला प्रकोष्ठ समिति के सौजन्य से इस अभियान को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. राणा ने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा शिक्षा का महत्व बताया। राजकीय महाविद्यालय धनेटा रेड रिबन क्लब के सौजन्य से धनेटा व आसपास के क्षेत्र में एचआईवी एड्स महामारी से बचने संबंधी विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर प्रो. नीलम कुमारी, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. अजय कुमार आदि उपस्थिति रहे।

### तरक्वाड़ी में सायर उत्सव 14 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत कला एवं खेल मंच भोरंज के सौजन्य से सायर उत्सव 2024 का आयोजन तरक्वाड़ी कस्बे के मुख्य शॉपिंग कांप्लेक्स में 14 सितंबर को होने जा रहा है। कला एवं खेल मंच भोरंज के प्रेसिडेंट कुलदीप डोगरा व जनरल सेक्रेटरी अधिवक्ता दिनेश संधू ने बताया कि 14 सितंबर को 11 से 3 बजे तक सायर उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसके मुख्यतिथि विधायक सुरेश कुमार व विशेष अतिथि एसडीएम भोरंज संजय स्वरूप होंगे। इस उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### स्काउट एंड गाइड की चयन प्रक्रिया में 43 स्टूडेंट्स चयनित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में भारत स्काउट एंड गाइड के छात्रों की चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में 55 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा। विश्वविद्यालय के स्काउट एंड गाइड के समन्वयक कुंदन लाल ने बताया कि विश्वविद्यालय को राज्य मुख्यालय शिमला से भारत स्काउट एंड गाइड की 48 सीटें मिली हुई हैं। इस प्रक्रिया में आज छात्र-छात्राओं का लिखित परीक्षा, शारीरिक फिटनेस टेस्ट, ऊंचाई और वजन भी मापा उसके बाद साक्षात्कार और मेडिकल किया गया। स्काउट या गाइड बनना आपको ऐसे जीवन कौशल से सुसज्जित करता है जो व्यक्ति स्कूल या दैनिक जीवन में नहीं सीखा सकता है। उसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नेतृत्व अनुशासन टीम वर्क, नागरिक कर्तव्यों, शारीरिक और मानसिक फिटनेस के बारे में सीखने को मिलता है। स्काउट एंड गाइड के रोवर लीडर डॉ. संजीव कुमार, रोवर लीडर डॉ. शुभम कपिल व एनसीसी एएनओ डॉ. दीक्षा शर्मा की देख-रेख में चयन प्रक्रिया का संचालन किया गया। उन्होंने कहा कि डॉ. मनु विनीत शर्मा कमिश्नर भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा 43 छात्र-छात्राओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

# विद्युत बोर्ड के आवासीय परिसर और कार्यालय परिसर गिरने की कगार पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कर्मचारी यूनियन, यूनिट हमीरपुर की बैठक बुधवार को विद्युत विश्राम गृह में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान किशन पाल ने की। बैठक में यूनियन के राज्य प्रधान कामेश्वर शर्मा, राज्य उपमहासचिव मनेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। यूनिट ने फैसला लिया है कि प्रबंधक वर्ग व राज्य सरकार से संबंधित मांगों पर जन जागरण अभियान पूरे प्रदेश में चलाया गया, उसका पूर्ण रूप से समर्थन करते हैं।

बैठक में स्थानीय मांगों पर चर्चा करते हुए बताया कि पिछले वर्षों से लगातार आवासीय परिसर व कार्यालय परिसर के निर्माण व मरम्मत के लिए जो वित्तीय राशि बोर्ड प्रबंधन द्वारा आवंटित की जाती है, उस राशि का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। आवासीय परिसर व कार्यालय



परिसर गिरने की कगार पर हैं। कार्यालय में शौचालयों की दयनीय स्थिति बनी हुई है। विद्युत बोर्ड दिन-प्रतिदिन बढ़ते हुए काम के बोझ और घटती हुई कर्मचारियों कि संख्या के चलते अकेले कर्मचारी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। पिछले वर्ष लगभग 45 और इस वर्ष अभी तक 7 कर्मचारियों ने अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए जान गवाई है।

यूनियन प्रदेश सरकार व बोर्ड प्रबंधन से मांग करती है कि 25 मई 2023 को सर्विस कमेटी द्वारा स्वीकृत 1300 पदों पर अतिशीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। बिजली बोर्ड में 132 केवी उपकेंद्र व 33 केवी उपकेंद्र का निर्माण हुआ है, उनमें नए पदों के सृजन के लिए समय-समय पर फील्ड कार्यालयों से नए पदो के सृजन के लिए प्रबंधक वर्ग को अवगत करवाया गया है। मगर इसके बावजूद इन 33 केवी उपकेंद्रों को

**प्रतिदिन बढ़ते काम के बोझ से कर्मचारी हो रहे दुर्घटनाओं का शिकार**

आउटसोर्स के लिए टेंडर कर दिए गए हैं। यूनियन मांग करती है कि इन उपकेंद्रों में यार्ड स्टिक तहत नए पदों का सृजन किया जाए व नई भर्ती से अतिशीघ्र भरा जाए। बैठक में बिजली बोर्ड में कार्यरत कर्मचारियों को जून 2023 से ओवरटाइम, यात्रा भत्ता, महंगाई भत्ते का भुगतान आज दिन तक नहीं किया गया है जिससे बिजली बोर्ड में कार्यरत कर्मचारियों में भारी रोष है। बैठक में मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि विद्युत बोर्ड के इस विशाल ढांचे का सही संचालन करने के लिए पर्याप्त स्टाफ मुहैया करवाया जाए। इस बैठक में यूनिट सचिव राजेश कुमार, राज कुमार, सुमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जिले की 3 उच्च पाठशालाओं में 19 से कम संख्या वाले स्कूलों को किया जाएगा बंद

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार कम संख्या वाले स्कूलों को बंद करने जा रही है। इससे पहले भी प्राथमिक और मिडल स्कूलों को बंद कर दूसरे स्कूलों में मर्ज किया गया है। अब प्रदेश सरकार ने उच्च पाठशालाएं जिनमें बच्चों की कम संख्या है, उन्हें भी बंद करने का निर्णय लिया है।

शिमला में शिक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक के दौरान उच्च पाठशालाओं में 19 या 19 से कम संख्या वाले बच्चों का ब्यौरा उपनिदेशकों से मांगा गया था। उपनिदेशकों ने अपने-अपने जिला से कम संख्या वाले स्कूलों का ब्यौरा भेज दिया है। प्रदेश भर में 65 उच्च पाठशालाएं हैं, जिनमें 19 से कम बच्चों की संख्या है।

जिला हमीरपुर की बात करें तो राजकीय उच्च पाठशाला कन्या बिझड़ी, राजकीय उच्च पाठशाला धबड़ियाणा और राजकीय उच्च पाठशाला लंजयाणा में छठी कक्षा से लेकर 10वीं कक्षा तक 20 और 20 से कम बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन स्कूलों को 2 किलोमीटर के दायर में आने वाले स्कूलों में मर्ज किया जाएगा।

बता दें जिला हमीरपुर में 26 प्राथमिक और 4 मिडल स्कूलों को बंद कर दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को 2 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्कूलों में भेज दिया है वहीं अध्यापकों को दूसरे स्कूलों में तैनात कर दिया है। हालांकि जिले के कुछ एक स्कूलों को बंद न करने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों ने विरोध किया था, लेकिन सरकार के आदेशों के बाद उन्हें भी बंद कर दिया गया है।

इस बारे में उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने बताया कि शिक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक में जिन हाई स्कूलों में 19 से कम बच्चों की संख्या है उनका ब्यौरा मांगा था। उन्होंने बताया कि जिला में 3 स्कूल ऐसे हैं जिनमें 19 से कम बच्चों की संख्या है। उन्होंने बताया कि इन स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व सैनिक कोटे से भरे जाएंगे पीजीटी प्रवक्ता के पद

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व सैनिकों को कोटे के आधार पर शिक्षा विभाग में नौकरी मिलेगी। पीजीटी प्रवक्ता के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन 13 सितंबर को किया जाएगा। सभी जिला के योग्य पूर्व सैनिकों को स्क्रीन टेस्ट में भाग लेने के लिए बुलाया गया है।

पीजीटी कमर्स, पीजीटी ज्योग्राफी, पीजीटी फिजिक्स, पीजीटी कैमेस्ट्री और टीजीटी बायोलॉजी के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। स्क्रीनिंग टेस्ट के बाद योग्य पूर्व सैनिकों का पैनल तैयार किया जाएगा। योग्य पूर्व सैनिकों का पैनल तैयार करने के बाद इन्हें चरणबद्ध तरीके से नौकरी प्रदान की जाएगी।

स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन पूर्व सैनिक रोजगार सेल हमीरपुर

**13 सितंबर को पूर्व सैनिक रोजगार सेल में होगा स्क्रीनिंग टेस्ट**



पूर्व सैनिक रोजगार सेल के अधिकारी रविंद्र ठाकुर से

**विशेष बातचीत**

में किया जाएगा। पूर्व सैनिक रोजगार सेल के माध्यम से स्क्रीनिंग टेस्ट के संदर्भ में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बता दें कि पूर्व सैनिक कल्याण निदेशालय के माध्यम से पूर्व सैनिक कोटे के आधार पर सरकारी विभागों में पद भरे जाते हैं। सभी विभागों में पूर्व सैनिकों का कोटा पहले से ही तय है। इसी के आधार पर पद मिलते हैं और फिर योग्य पूर्व सैनिकों की वहां तैनाती की जाती है।

पूर्व सैनिक रोजगार सेल के अधिकारी रविंद्र कुमार ठाकुर ने बताया कि 13 सितंबर को पीजीटी प्रवक्ता के पदों के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए हिमाचल प्रदेश से सभी वर्ग के योग्य पूर्व सैनिकों को बुलाया गया है। प्रमाण पत्रों की जांच करने के बाद योग्य पूर्व सैनिकों का पैनल तैयार किया जाएगा तथा उसके बाद चरणबद्ध तरीके से इन्हें तैनाती दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## संतोषी माता मंदिर में 'गणेश उत्सव' संध्या का भव्य आयोजन

**अतुल, हमीरपुर**

संतोषी माता मंदिर में गणेश उत्सव संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। गणेश उत्सव के इस विशेष आयोजन में धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसने समस्त उपस्थितजनों का ध्यान आकर्षित किया।

मुख्यातिथि डॉ. डोगरा ने भगवान गणेश के आशीर्वाद से सभी को सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने समाज में आपसी सद्भाव और एकता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मंदिर समिति ने डॉ. डोगरा का स्वागत



**डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत**

करते हुए उनकी उपस्थिति को उत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। गणेश उत्सव के इस कार्यक्रम ने शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया। इस मौके पर निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के यूथ वाइस प्रैजिडेंस निशांत सामा, अरुण ठाकुर, राजीव और नीतिश भारद्वाज उपस्थित थे। इस दौरान आयोजन सीमित को डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने पौधा भेंट किया। (अनंत ज्ञान)

## सीएम सुक्खू के नेतृत्व में शिक्षा में हो रहा बड़ा व्यवस्था परिवर्तन: डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरोह में अंडर-14 जिला स्तरीय खेलों का शुभारंभ मुख्यातिथि कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने किया। जिला खेल प्रभारी करतार चंद व प्राचार्य राकेश कुमार वर्मा, प्रधान ग्राम



पंचायत अमरोह स्नेह लता, प्रधान एसएमसी संजय कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने मार्च पास्ट किया और रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस मौके पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में एक भारी परिवर्तन हिमाचल प्रदेश की स्कूली शिक्षा में लाया जा रहा है। हर स्कूल में खेलने के लिए स्पोर्ट्स मैट और हर कक्षा में स्मार्ट टीवी देने के प्रयास किए जा रहे हैं और उसके लिए राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल और अपना विद्यालय जैसी परियोजनाओं को लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने पिछले एक महीने में 1058 टीजीटी, 1186 जेबीटी और 45 पीजीटी अध्यापकों की नियुक्ति करके एक कीर्तिमान स्थापित करते हुए स्कूली शिक्षा में बदलाव की ओर संकेत दिए हैं। इसी के साथ डॉ. वर्मा ने स्कूल के लिए जो भी स्कूल प्रशासन ने जो भी मांग रखी उन मांगों पर विचार करते हुए तुरंत प्रभाव से उनके लिए विभागों को आदेश जारी किया और बच्चों को भविष्य में नशे से दूर रहने और खेलों के साथ-साथ पढ़ाई का भी ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## वृद्धों के बैठने के लिए रैन बसेरा में बनाया जाएगा रेस्ट रूम : सोनी

**अनंत ज्ञान, नादौन।**

नगर पंचायत नादौन के समस्त वार्डों में एक समान विकास करवाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके चलते इन वार्डों में अधिकांश विकास कार्य आरंभ हो चुके हैं या शीघ्र आरंभ होने वाले हैं।



नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि ब्यास नदी के तट पर पर्यटन विभाग द्वारा 62 करोड़ रुपए की लागत से राफ्टिंग परिसर के अलावा घाट का भी निर्माण होगा। रैन बसेरा के एक भाग में वृद्ध लोगों के बैठने के लिए एक रेस्ट रूम का निर्माण करवाया जा रहा है। जहां किताबें, अखबार के अलावा टीवी का भी प्रबंध किया जा रहा है। आगामी 6 माह में इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा। वार्ड एक, पांच व साथ में हेल्थ सेंटर स्थापित करने का भी कार्य प्रगति पर है। वार्ड 6 में ऐतिहासिक कुएं की मरम्मत करवाई जा रही है, जबकि यहां एक पार्क के निर्माण भी रास्ता साफ हो चुका है। पत्तन बाजार में एक गेस्ट हाउस का भी निर्माण होगा। वार्ड 7 में दलित बस्ती तक रास्ते का निर्माण होगा। 25 लाख रुपए की लागत से अस्पताल से कूड़ा सेंटर तक रास्ते का निर्माण किया जा रहा है। 51 लाख रुपए के लागत से बस अड्डे पर दो चार्जिंग प्वॉइंट लग रहे हैं। वहीं, पत्तन बाजार में अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगवाने की योजना है। वार्ड चार में 40 करोड़ रुपए की लागत से बहुमंजिला होटल का निर्माण पर्यटन विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। सोनी ने शहर के लिए मुख्यमंत्री द्वारा दी गई इन सब सौगातों के लिए नादौन की जनता की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### मोबाइल चोर को पुलिस ने दबोचा नकदी और एलईडी बरामद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** थाना सदर नादौन में चोरी के मामले में वांछित आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार करके चोरी किए गए मोबाइल फोन, एलईडी तथा नकदी की बरामद कर दी है। चोरी का यह मामला अजय कुमार की दुकान पर 6 और 7 सितंबर को हुआ था। जिसमें चोर 20 से 22 मोबाइल चुरा कर ले गया। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशानुसार डीएसपी नितिन चौहान के नेतृत्व में टीमें गठित कर अर्जुन सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव हतोल ज्वालाजी को गिरफ्तार कर उससे कुछ मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं तथा शेष चोरी हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी उक्त गिरफ्तार किए व्यक्ति की निशानदेही पर की जा रही है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया था जहां से उसे तीन दिन का पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

### छह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 27 सहायकों के लिए आवेदन 30 तक

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** महिला एवं बाल विकास हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या 14 के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी बिझड़ी कार्यालय के अंतर्गत पड़ने वाले विभिन्न सर्किलों में रिक्त चल रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायकों के पदों को भरने के लिए कार्यालय द्वारा इच्छुक स्थानीय महिलाओं से सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। परियोजना अधिकारी बिझड़ी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र करमाकड़, महारल, बढ़नी, मंझेड़, दलचेहड़ा एवं बुढान में आंगनबाड़ी कर्यकर्ताओं के रिक्त पद भरे जाएंगे। इसी के साथ पलेहड़ा, लोहारड़ा, उसनाड़कलां, जमली-2, समैला मोड़, जजरी, खड़साई-1, पपलोहल, कसवाड़, वघेड, कोटलु, मतकर, नेरी, टंगोल, नेरी-1, घंगोट कलां, सूदर, हारमा, मथोल, सोहारी-1 में आंगनबाड़ी सहायकों की भर्ती की जानी है। इच्छुक उम्मीदवार 30 सितंबर तक एक सादे कागज पर अपना आवेदन कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

### भरमोटी में नाली में गिरी भैंसों को पोकलेन की सहायता से निकाला बाहर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर के साथ लगती भरमोटी में नेशनल हाईवे पर एक भैंसा व चार भैंसें जा रही थीं कि तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गई है। वाहन की टक्कर से डर कर दो भैंसे हाइवे के किनारे की नाली में गिर गईं। खबर मिलते ही समाजसेवी भरमोटी पंचायत के पूर्व प्रधान प्रियतोष निशु जाट मौके पर पहुंच गए और पोकलेन बुलाई भैंस को बाहर निकाला।

### पूर्व सैनिक समिति भोरंज की आधिकारिक बैठक 19 को

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत पूर्व सैनिक समिति भोरंज उपाध्यक्ष औनरेरी कैप्टन बलवंत सिंह ने सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और विधवाओं को सूचित किया है कि पूर्व सैनिक समिति भोरंज की आधिकारिक बैठक 19 सितंबर को सन स्काई होटल बस्सी भोरंज होने रही है। जिसमें समिति का चुनाव किया जाएगा, जो भी पूर्व सैनिक चुनाव लड़ना चाहते हैं 15 सितंबर को अपना नाम औनरेरी नाइव सुबेदार मिलाप चंद के पास लिखा सकते हैं। आप सभी से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या बल के साथ आएं और अपना मनपसंद सदस्यों को कमेटी में चुनें।

## गरसाहड़ शिव मंदिर की भूमि पर जबरन दावा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**एसके शर्मा, जाहू**

उपमंडल भोरंज के गरसाहड़ शिव मंदिर की भूमि विवाद को लेकर शिव मंदिर कमेटी के सदस्य व अन्य लोग भोरंज एसडीएम और जिला उपायुक्त हमीरपुर से शिकायत और पूरे भूमि विवाद के मामले से अवगत करवाएंगे। मंदिर कमेटी के सदस्य व अन्य लोगों अमरनाथ शर्मा, किशोरी लाल, अजीत कुमार, राजेश कुमार, संतोष शर्मा आदि ने बताया शिव मंदिर गरसाहड़ की भूमि पर शकुंतला देवी अपना दावा कर रही है। इन्होंने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा इस जगह की तीन बार निशानदेही की गई और उसमें विभाग के द्वारा शकुंतला देवी को बताया गया कि शिव मंदिर की भूमि और सड़क के साथ कोई भी जमीन आपकी नहीं निकलती है।

**जमीन की तीन बार निशानदेही होने के बावजूद नहीं मान रही दूसरी पार्टी**

ग्रामीणों का कहना है कि शकुंतला देवी निशानदेही को भी नहीं मान रही है। लोगों ने शकुंतला व उसके लड़के पर मंदिर कमेटी के सदस्यों व अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि मंदिर की भूमि पर जबरदस्ती से कब्जा करने की कोशिश कर रहा है और कमेटी के सदस्यों को लोगों को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं।

लोगों का कहना है कि जिस भूमि पर शकुंतला देवी अपना दावा कर रही है उस पर मंदिर कमेटी के द्वारा नवाही माता मंदिर में मेले के दौरान भंडारे का आयोजन व अन्य गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है। उपरोक्त सभी लोगों ने जिला उपायुक्त हमीरपुर व एसडीएम भोरंज से आह्वान किया है कि राजस्व विभाग की निशानदेही न मानने पर शकुंतला देवी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। (अनंत ज्ञान)



### जौड़े अंब स्कूल में लगाया एनीमिया परीक्षण शिविर

**बड़सर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण माह के तहत बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सीनियर सेकेंडरी स्कूल जौड़े अंब में एनीमिया परीक्षण शिविर आयोजित किया। इस शिविर में 14 से 18 वर्ष की 150 किशोरियों की खून की जांच की गई। शिविर में डॉ. किरण मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि डॉ. नेहा ने विद्यार्थियों को एनीमिया से होने वाली परेशानियों और इससे रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भोजन में लौह तत्व की कमी एवं खून की कमी से होने वाली बीमारी एनीमिया को बढ़ावा देती है जो कि महिलाओं एवं किशोरियों में सबसे ज्यादा देखने को मिलती है। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने पोषण माह आयोजन के सभी विषयों से लोगों को अवगत करवाया। इस मौके पर मोरिंगा के पौधरोपण भी किया गया। प्रधानाचार्य पृथ्वीराज शर्मा ने शिविर के आयोजन के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी का धन्यवाद किया।

**अपील** शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने राज राजेश्वरी कॉलेज के वार्षिकोत्सव में कहा-

# सिर्फ डिग्री ही नहीं, काबिलियत हासिल करने का करें प्रयास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा है कि शिक्षा का मकसद सिर्फ डिग्री हासिल करना ही नहीं होना चाहिए, बल्कि युवाओं को डिग्री के साथ-साथ उससे संबंधित काबिलियत हासिल करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। तभी वे जीवन में बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।

बुधवार को भोटा के निकट मनसूई में राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 'गैलेक्सी' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए हेमराज बैरवा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आज के दौर की मांग के अनुसार अपने भीतर काबिलियत एवं स्किल विकसित करें। इससे उन्हें अच्छा रोजगार ही नहीं मिलेगा, बल्कि वे स्वयं भी सफल उद्यमी बन सकते हैं।

बैरवा ने कहा कि भारत इस समय सबसे युवा देश है और इस दौर में देश की युवा शक्ति के जोश एवं ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने की आवश्यकता है। अगर युवा जोश एवं ऊर्जा के साथ-साथ अपने भीतर काबिलियत भी विकसित करेंगे तो हमारा देश कई गुणा तेजी से तरक्की कर सकता है। नशे की समस्या पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग एवं व्यक्ति को आगे आना होगा। इस अवसर पर उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने



शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज बैरवा छात्रा को सम्मानित करते हुए।

वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा कालेज की पत्रिका का विमोचन भी किया। इससे पहले, राज राजेश्वरी शिक्षण सोसायटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा सोसायटी एवं कॉलेज की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी दी।

प्रधानाचार्य डॉ. राजकुमार धीमान ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सहायक प्रोफेसर आशीष कुमार ने धन्यवाद उद्बोधन दिया। समारोह में बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष ढटवालिया, अरविंद्र कौर डोगरा, पार्टी के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि, राज राजेश्वरी शिक्षण सोसाइटी के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### केसीसी बैंक के एमडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला एवं सत्र न्यायालय धर्मशाला के आदेशों के बाद कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के एमडी के खिलाफ पुलिस थाना धर्मशाला में मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 2 एफिडेविट में गलत जानकारी देने की शिकायत के बाद ये एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत के बाद अदालत ने प्रबंध निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए, जिसके बाद मंगलवार को पुलिस थाना धर्मशाला में एमडी के खिलाफ आईपीसी 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर, एमडी पर एफआईआर दर्ज करने की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना धर्मशाला के एसएचओ नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर आगामी छानबीन कर रही है।

### बच्ची से दुष्कर्म की शिकायत, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना शाहपुर में एक बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार करीब 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की यह शिकायत चाइल्ड हेल्प लाइन के माध्यम से पुलिस थाना शाहपुर को मिली है। शिकायत मिलने के बाद डीएसपी धर्मशाला भी शाहपुर पहुंची तथा इस मामले में जांच की जा रही हैं। उधर, एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि बच्ची से दुष्कर्म को लेकर शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा जांच पूरी होने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ पाएगी।

### राजगढ़-कैहड़ के लोगों ने जानी डिजिटल बैंकिंग

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा राजगढ़ के द्वारा राजगढ़ व कैहड़ पंचायत के ग्रामीणों के लिए एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दोनों पंचायत के ग्रामीण और राजगढ़ स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता ज्ञानचंद कश्यप ने बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं ऋण संबंधी जानकारी प्रदान की तथा डिजिटल बैंकिंग के बारे में भी बताया, जिसमें नेट बैंकिंग सहित अन्य कई प्रकार की आधुनिक व्यवस्था बारे सभी को अवगत करवाया।

### पेंशनर्स 20 को सुन्नी में निकालेंगे आक्रोश रैली

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन खंड बसंतपुर स्थित सुन्नी कोर कमेटी की बैठक पेंशनर्स कार्यालय सुन्नी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन खंड बसंतपुर स्थित सुन्नी के अध्यक्ष ऋतुराज शर्मा द्वारा की गई। महासचिव बाबू राम ने बताया कि एसोसिएशन खंड बसंतपुर स्थित सुन्नी के त्रैवार्षिक चुनाव करने का निर्णय बैठक में लिया गया। संगठन के त्रैवार्षिक चुनाव 15 सितंबर को सुन्नी स्थित रैन बसेरा हाल में 10 बजे करवाएं जाएंगे। 15 सितंबर को सभी इस त्रैवार्षिक चुनाव में अपनी अनुपस्थिति सुनिश्चित करवाएं। राज्य कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि हिमाचल प्रदेश सरकार को पेंशनर्स के सभी प्रकार का एरियर एक मुश्त अदा करने बारे 15 सितंबर तक का नोटिस भेजा जाएगा। यदि सरकार द्वारा फिर भी अनदेखी की गई तो 20 सितंबर को प्रत्येक जिला स्तर पर प्रदर्शन व सरकार के इस रवैये पर आक्रोश रैली निकाली जाएगी।

### कानून के दायरे में करनी होगी कार्रवाई : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मस्जित मामले को लेकर हुए प्रदर्शन को लेकर कहा कि सभी को अपनी बात रखने व प्रदर्शन करने का अधिकार है। इसे देखते हुए भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया था। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल भी करना पड़ा है और हल्का लाठीचार्ज भी हुआ है। कितने लोग घायल हुए हैं, इसकी रिपोर्ट ली जाएगी। किसी को नुकसान पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। कानून के दायरे में कार्रवाई करनी होगी, भावनाओं में बहकर किसी भी तरह के गलत कदम से बचना होगा। तहबाजारी पॉलिसी मामले पर सरकार मंत्रिमंडलीय उप समिति गठित कर रही है। इसकी पहल हो चुकी है। प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा व तहबाजारी नियमों को और कड़ा करने के लिए फैसला लिया जाएगा। कमेटी में मंत्री भी शामिल होंगे।

# महिलाओं की जागरूकता से दूर होगा गांवों में कुपोषण : सुनील

## कुर्सी दौड़ में सावित्री व सीमा ने पाया पहला स्थान

**अनंत ज्ञान भरेड़ी**

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना भोरंज के अधीन आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र झंडवीं में पोषण माह के तहत वृत्त स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन वृत पर्यवेक्षक सुनील नड्डा की अध्यक्षता में किया गया।


आंगनबाड़ी केंद्र झंडवीं में वृत्त स्तरीय पोषण माह शिविर में उपस्थित महिलाएं।

शिविर में महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यक्रर्ताओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया व नींबू व कुर्सी दौड प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें नींबू दौड़ की प्रतियोगिता में झंडवीं की शालू और आंगनाबाडी कार्यकर्ता जाहू कलां सावित्री रांगड़ा प्रथम रही।

इसी तरह कुर्सी दौड़ की प्रतियोगिता में झंडवीं गांव की सीमा व आंगनबाड़ी केंद्र जाहू की कार्यकर्ता सावित्री रांगड़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर चार लड़कियों व एक लड़के का अन्नप्राशन करवाया गया तथा छह बेटियों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा पौष्टिक आहार के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर वृत्त पर्यवेक्षक सुनील नड्डा ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ एंव क्रियाशील रखने के लिए उचित पोषण की आवश्यकता होती है। पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार के अभाव में बच्चों का शारीरिक विकास प्रभावित होता है। इसके साथ-साथ मानसिक और सामाजिक विकास भी ठीक से नहीं हो पाता। ऐसे में कुपोषण से बचने के लिए पौष्टिक व संतुलित आहार बहुत जरूरी है। इस दौरान स्तनपान के महत्व से भी जागरूक किया। अंत में नींबू व कुर्सी दौड़ में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रीना देवी, शीला देवी, जमना देवी, मीना देवी, अंजना देवी, शीला देवी, वीना देवी, अनुपमा आदि उपस्थित रहीं।

# बोहणी में डाक विभाग ने कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्रवर अधीक्षक डाकघर हमीरपुर मंडल पवनजोत कौर की अध्यक्षता में बोहणी ग्राम पंचायत में डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में उधम सिंह चौधरी व ज्ञान सिंह चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान डाक विभाग के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रोग्राम में आए हुए सभी लोगों को दी गई।

प्रवर अधीक्षक डाकघर हमीरपुर द्वारा कार्यक्रम में आए हुए लोगों को बेहतर भविष्य के लिए आज से ही बचत करने के लिए प्रोत्साहित किया। महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र, बच्चियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीनियर सिटीजन योजना का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को लेने की अपील की तथा विभाग द्वारा दी जा रही विभिन्न प्रकार की बचत योजनाओं कि जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त आज कार्यक्रम स्थल पर आधार शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमे लोगों के द्वारा अपने आधार अपडेट किए।

इस मौके पर इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक उज्ज्वल मलिक द्वारा नाबार्ड द्वारा दी जा रही सुविधाओं और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा लोगो को घर द्वार दी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा दी जा रही सस्ती दुर्घटना बीमा का लाभ सभी को लेने की अपील की। इस अवसर पर निरीक्षक डाक हमीरपुर पूर्व उपमंडल संजीव कुमार ठाकुर, उदय पठानिया, विकास अधिकारी पीएलआई, डाक पर्यवेक्षक अजीत कुमार व विजय कुमार, शांति स्वरूप आदि उपस्थित रहे।

# लोक गायकों ने गणपति बप्पा के भजनों पर नचाए लोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर के संतोषी माता मंदिर में चल रहे गणपति महोत्सव की चौथी भजन संध्या में हिमाचली लोक गायक संजू डोगरा, पलवी चंदेल और सरदार गुरप्रीत सिंह गुप्पी ने एक से बढ़कर एक गणपति बप्पा के भजनों को गाकर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया।


सरदार गुरप्रीत सिंह गुप्पी को सम्मानित करते हुए डॉ. सुरेंद्र डोगरा व अन्य।

इस मौके पर मुख्यातिथि डॉ. सुरेंद्र डोगरा व उनकी पत्नी और नितिश भारद्वाज, निशांत शामा, अरुण कुमार पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारे धर्म संस्कृति को बचाने के लिए जरूरी हैं। हमने निस्वार्थ भाव संगठन बनाया है जिसमें पर्यावरण को बचाने के लिए लगभग 1000 पौधे लगाए गए। इस कड़ी में एक पौधा मंदिर में भी लगाया गया।

उनका मानना है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। निस्वार्थ भाव से सब की मदद करना हर व्यक्ति का व्यक्तित्व है। इस मौके पर पहुंचे एसएचओ होशियार सिंह व उनकी पत्नी ने डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा व उनकी पत्नी को सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने आए हुए सभी कलाकारों को भी सम्मानित किया।

# लोगों पर लाठीचार्ज और पानी की बौछारें करना निंदनीय : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** डॉ. राजीव बिंदल प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा आम जनता पर किए गए लाठीचार्ज और पानी की बौछारों की निंदा करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार पूरी तरह निर्लजता से भर गई है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार को जनमानस की भावनाओं का आदर करना तो दूर की बात, जब शांतिपूर्वक विरोध करने के लिए आम जनमानस सड़कों पर उतरा तो भयानक लाठीचार्ज के माध्यम से अनेक लोगों को बुरी तरह घायल कर दिया और इस तरह से पानी की बौछारें की कि न जाने कितने बड़े आतंकी और आंदोलनकारी सामने खड़े हैं। बिंदल ने कहा की सरकार ने अभी तक अनाधिकृत बनी हुई मस्जिद के बारे में अपना स्टैंड स्पष्ट नहीं किया है। एक ओर जहां जन मानस भविष्य की दृष्टि से भयभीत है और एक जायज मांग कर रहा है, ऐसे में कांग्रेस की सरकार उन निहत्थे लोगों पर लाठीचार्ज करके क्या बताना चाहती है। बिंदल ने इस प्रकार के कुकृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की और सलाह दी कि हिंदू जनमानस का विरोध करना छोड़ दे।



# राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति आयोग के तहत बनाए जाएंगे आयुर्वेद एवं यूनानी बोर्ड के नियम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल राज्य आयुर्वेद एवं युनानी बोर्ड की बैठक निदेशक आयुष एवं अध्यक्ष हिमाचल राज्य आयुर्वेद एवं युनानी बोर्ड डॉ. निपुण जिंदल, आईएएस की अध्यक्षता में आयुष निदेशालय शिमला में संपन्न हुई।

राज्य आयुर्वेद एवं युनानी बोर्ड के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा ने कि सर्वप्रथम बैठक में वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 व 2022-23 का बोर्ड द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर पारित किया गया। इसके अतिरिक्त आयुर्वेद एवं युनानी बोर्ड एक्ट 1968 व 1977 में आवश्यक संशोधन प्रस्तुत किया और बोर्ड में नियमित पद भरने के लिए भी बोर्ड से संस्तुति प्राप्त की। उन्होंने कि उक्त विषय की विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश सरकार को सौंपी जाएंगी। तदोपरांत हिमाचल राज्य आयुर्वेद एवं युनानी बोर्ड के नियम भारतीय राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति आयोग के अनुसार बनाए जाएंगे। बोर्ड के सभी सदस्यों ने एकमत से रजिस्ट्रेशन के शुल्क में कोई भी बढ़ोतरी न करने की अनुशंसा की। इसके अतिरिक्त प्राइवेट प्रैक्टीशनर की चिकित्सा दक्षता के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में प्रस्ताव पारित किया। रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा ने हिमाचल राज्य आयुर्वेद एवं यूनानी बोर्ड के सभी कार्य में पूर्ण डिजिटलाइजेशन के संबंध में बोर्ड सदस्यों को जानकारी दी।

## सिने जगत

बॉलीवुड फिल्मों में अब नई-नई जोड़ियां बड़े पर्दे पर देखने को मिलती हैं। फिर चाहे इन जोड़ियों की उम्र में कितना ही गैप रहा हो। हालांकि, कई बार इन सेलेब्स की केमिस्ट्री को लोगों ने पसंद किया तो कई बार ये बुरी तरह ट्रोल भी हुए। आज हम अपनी इस रिपोर्ट में आपको बॉलीवुड के उन एक्टर्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने अपने से लगभग 20 साल से भी ज्यादा छोटी उम्र की लड़कियों संग ऑनस्क्रीन इश्क फरमाया। इस लिस्ट को देखने के बाद आपको हैरानी जरुरी होगी।

# छोटी उम्र की हसीनाओं संग इन एक्टर्स ने बड़े पर्दे पर किया रोमांस


सलमान खान-रश्मिका मंदाना

**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान नई फिल्म सिकंदर में रश्मिका मंदाना संग बड़े पर्दे पर रोमांस करते दिखाई देंगे। दोनों की उम्र में लगभग 30 साल का बड़ा अंतर है। सलमान खान 58 के हैं तो रश्मिका 28 की हैं।


शाहरुख खान-तापसी पन्नू

**शाहरुख** खान ने फिल्म डंकी में तापसी पन्नू संग कड़े पर्दे पर इश्क फरमाया था। शाहरुख खान और तापसी पन्नू की उम्र में लगभग 22 साल का अंतर है।


ऋतिक रोशन-कियारा आडवाणी

**ऋतिक** रोशन और कियारा आडवाणी की जोड़ी वॉर 2 में दिखाई देंगी। दोनों की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने के लिए फैन्स भी बेताब हैं। दोनों की उम्र में 17 साल का अंतर है।


नवाजुद्दीन सिद्दीकी व अवनीत कौर

**फिल्म** टिकू वेड्स शेरू में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर की फ्रेश जोड़ी नजर आई थी। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर का एक किसिंग सीन भी था, जो खूब चर्चा में रहा था। अवनीत कौर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की उम्र में 28 साल का फर्क है।


अनिल कपूर-शोभिता धुलिपाला

**डिज्नी**+हॉटस्टार पर आई वेब सीरीज द नाइट मैनेजर में अनिल कपूर और शोभिता धुलिपाला की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली थी। इन दोनों की उम्र में 35 साल का फर्क है।


नसीरुद्दीन शाह और विद्या बालन

**नसीरुद्दीन** शाह और विद्या बालन ने एक साथ फिल्म द डर्टी पिक्चर में काम किया था। इस फिल्म में दोनों के बीच कई रोमांटिक सीन्स थे। नसीरुद्दीन शाह और विद्या बालन की उम्र में 28 साल का बड़ा अंतर है।


अक्षय कुमार-मानुषी छिल्लर

**अक्षय** कुमार और मानुषी छिल्लर को पहली बार फिल्म सम्राट पृथ्वीराज में देखा गया था। एक्ट्रेस ने इस फिल्म में अक्षय कुमार की प ी का रोल निभाया था। दोनों की उम्र में अंतर की बात की जाए तो यह 30 का है।



# माधुरी दीक्षित के 30 साल पुराने लुक में काजोल ने ढाया कहर

**काजोल** बॉलीवुड इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक फोटो शेयर की है। एक्ट्रेस ने फिल्म 'हम आपके हैं कौन' के गाने 'दीदी तेरा देवर दीवाना' से माधुरी के लुक को कॉपी किया है, हालांकि काजोल इस साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। काजोल एक्टिंग के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कीं हैं, इनमें हम उन्हें गोल्डन मोटिफ्स और बॉर्डर वाली पर्पल साड़ी पहने हुए देख सकते हैं। प्लीट्स में वाइन और ग्रीन कलर के शेड्स भी नजर आ रहे हैं। काजोल की इस फोटो पर फैंस दिल खोलकर कर कमेंट कर रहे हैं। खुद माधुरी ने भी प्यार भरा कमेंट किया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल ने हाल में गणपति दर्शन के मौके पर एक ऐसी साड़ी पहनी जिसे देखकर फैन्स को तीस साल पुरानी फिल्म याद आ गई। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने 1994 की क्लासिक फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में फेमस एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के आइकॉनिक लुक को अपनाते हुए अपनी एक फोटो शेयर की है। इस साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. एक्ट्रेस का पोस्ट काफी वायरल हो रहा है।

# फिल्म 'अल्फा' में एक्शन सीन करती नजर आएंगी आलिया और शरवरी वाघ



**एक्ट्रेस** आलिया भट्ट और शरवरी वाघ अपनी आने वाली फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। बताया जा रहा है कि आलिया और शरवरी के लिए 15 दिन एक्शन से भरपूर होने वाले हैं। एक सूत्र ने कहा, अल्फा का सबसे खतरनाक तथा शारीरिक रूप से थका देने वाला शेड्यूल आलिया और शरवरी का इंतजार कर रहा है।

सूत्र ने बताया कि मुंबई में एक बेहद सुरक्षित सेट तैयार किया गया है और दोनों एक्ट्रेस को बड़े स्टंट करने के लिए अच्छी शारीरिक फिटनेस की जरूरत होगी, ये शेड्यूल 15 दिनों तक चलेगा। जानकारी के अनुसार, आलिया और शरवरी फिल्म में काफी एक्शन करती हुई दिखाई देंगी। इस एक्शन से भरपूर फिल्म के लिए आलिया ने कई महीनों तक कड़ी ट्रेनिंग ली है। कुछ दिनों पहले उनके ट्रेनर ने एक वीडियो अपलोड किया था। इसमें दिखाया गया कि वह फिल्म अल्फा के लिए रोजाना शारीरिक रूप से मेहनत कर रही हैं। सूत्र ने कहा हर कोई यह देखने के लिए उत्साहित है कि आलिया भट्ट इस शेड्यूल में स्टंट करते समय कितनी शानदार दिखेंगी।

इस बीच, एक्ट्रेस शरवरी ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिटनेस से जुड़ी हुई कुछ तस्वीरों को शेयर किया है। एक सूत्र ने कहा, वह इन तस्वीरों के माध्यम से फिल्म अल्फा के अगले शेड्यूल के लिए खुद को फिट दिखाने की कोशिश कर रही हैं। उनके लिए फिल्म का 15 दिनों का शेड्यूल काफी चुनौतीपूर्ण होने वाला है, क्योंकि इस सेशन में एक्शन स्टंट फिल्माए जाएंगे। इससे पहले बीते रविवार को एक्ट्रेस आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' का टीजर जारी किया गया था।

# पंजाब से हेरोइन की खेप ला रहे दो युवक गगरेट में गिरफ्तार

## दो युवाओं में से एक युवक सरकारी नौकरी पर है कार्यरत, पुलिस ने मामला दर्ज कर की कार्रवाई शुरू

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

पंजाब के होशियारपुर से हेरोइन की खेप ला रहे उपमंडल अंब के कुठेड़ा खैरला गांव के दो युवाओं को गगरेट पुलिस ने रंगे हाथों धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस बावत मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों युवाओं को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गगरेट पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवा हेरोइन की खेप के साथ आ रहे हैं।

इस सूचना के आधार पर पुलिस ने आबकारी विभाग के नाके के नजदीक नाका लगा लिया। इस दौरान जब वाहनों की तलाशी ली जा रही थी तो एक काले रंग के पल्सर मोटरसाइकिल पर दो युवा आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब



इन्हें रोककर इनकी तलाशी ली तो उनके पास से कुछ बरामद नहीं हुआ, जिस पर पुलिस ने जब पल्सर मोटरसाइकिल की सीट निकालकर तलाशी ली तो वहां से एक पारदर्शी पुड़िया बरामद हुई। इसमें 6.80 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

पकड़े गए युवाओं में एक युवक सरकारी नौकरी पर कार्यरत है तो एक युवक निजी नौकरी करता है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## टटेहड़ा में सुनार की दुकान में सेंध लगाकर गहनों पर हाथ साफ कर गए अज्ञात चोर

**गगरेट।** उपमंडल गगरेट के टटेहड़ा गांव में अज्ञात चोर एक सुनार की दुकान में सेंध लगाकर स्वर्ण व चांदी के आभूषण उड़ा ले गए। सुनार की शिकायत पर गगरेट पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।



टटेहड़ा गांव में सुनार की दुकान करने वाले संजीव वशिष्ठ द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि नौ सितंबर सायं रोजाना की तरह शाम को वह दुकान बंद करके घर चला गया। दस सितंबर सुबह करीब ग्यारह बजे जब वह दुकान पर पहुंचा और दुकान का शटर खोलकर अंदर दाखिल हुआ तो पिछली दीवार में एक सुराख हुआ पाया। यही नहीं बल्कि दुकान केअंदर पड़ी अल्मारी टूटी हुई पड़ी थी और उसमें रखा सामान बिखरा हुआ था। पड़ताल करने पर इसमें रखे चांदी के जेवरात गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही गगरेट पुलिस ने मौका का मुआयना किया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है, लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि सुनार की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात चोरों की तलाश जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### उपप्रधान अशोक ने वितरित किए पौधे



**हीना पठानिया, बड़ूही।** ग्राम पंचायत खरियालता द्वारा लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु निरंतर जागरूक किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक हरियाली को बनाए रखा जा सके। इसी संदर्भ में ग्राम पंचायत खरियालता में एकीकृत परियोजना ऊना के सौजन्य से 300 से अधिक विभिन्न किस्मों के पौधे लोगों को वितरित किए गए। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत खरियालता के उपप्रधान एवं समाजसेवक अशोक कुमार मोनू ने बताया कि लोगों को खैर, भेड़ा, अर्जुन, शहतूत के पौधे वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि पौधों के दौरान पृथ्वी, वायु, जल आदि की शुद्धता व स्वच्छता तथा भूमि के संरक्षण के विषय में कई प्रकार के लाभों के विषय में भी बताया गया। इस अवसर पर रणधीर सिंह, परमजीत कौर, निशादेवी, रक्षा देवी, सरोज, अंजू देवी, किरण बाला, सोहन लाल, दिवान चंद, अमर चंद, सोमा देव केसरी देवी, लखविंद्र, पुष्पा देवी, चूहडद्दीन आदि उपस्थित थे।

### बाथू में फार्म मैनेजमेंट एंड बुक कीपिंग शिविर आयोजित




**बड़ूही।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना जाइका ओडीए के दूसरे चरण के अंतर्गत नलकूप सिंचाई उप परियोजना बाथू में खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा फार्म मैनेजमेंट एंड बुक कीपिंग का एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 30 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर खंड परियोजना प्रबंधक गुलशन मनकोटिया ने बताया कि नलकूप सिंचाई उप परियोजना बाथू में कुल 24.63 हेक्टेयर भूमि को सींचित किया जाएगा, जिससे लगभग 45 किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस उप परियोजना का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। कृषि विशेषज्ञ रशम सूद व कृषि अधिकारी मनीषा ने किसानों को सर्दियों में लगने वाली विभिन्न सब्जियों के बारे में जागरूक किया और उन्नत किस्मों के बीज भी प्रदान किए। इसके अलावा कृषक विकास एसोसिएशन के सदस्यों को कैश बुक व अन्य रिकॉर्ड के रखरखाव के बारे में भी बताया गया। किसानों को कृषि में कुल लागत पर कुल लाभ का रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया गया।

### बैठक न बुलाने पर पेंशनर्स करेंगे धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन की ऊना में एक अहम बैठक जिला मुख्यालय में हुई। बैठक में पेंशनर्स ने सरकार को उनकी मांगों को लेकर 15 सितंबर तक सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि नोटिस दिए जाने के बावजूद भी सरकार ने वार्तालाप को नहीं बुलाया तो पेंशनर 20 सितंबर से हर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन शुरू करेंगे। इस दौरान पेंशनरों ने अपनी मांगों को लेकर चर्चा के साथ ही अन्य समस्या को लेकर विचार रखे। मीडिया से रू-ब-रू होते हुए पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने जानकारी देते बताया कि इसमें छठे वेतन आयोग का एरियर, महंगाई भत्ता, मेडिकल बिल के भुगतान समय पर न होना, पेंशन लेट आने को लेकर जो समस्या आ रही है और विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई है। साथ ही हिमाचल सरकार को जो नोटिस दिया गया है, अगर 15 सितंबर तक पेंशनरों को सरकार वार्तालाप के लिए नहीं बुलाती है तो हमने यह निर्णय लिया है कि 20 सितंबर को हर जिला मुख्यालय पर सरकार के खिलाफ पेंशनर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# बातल पंचायत में जानवरों ने मक्की और अन्य फसलों को किया तबाह

**अनंत ज्ञान, अर्की**



जंगली जानवरों ने मक्की की फसल को किया तबाह।

उपमंडल अर्की के गांवों में जंगली जानवरों द्वारा मक्की व अन्य फसलों को तबाह किया जा रहा है। बातल गांव के पूर्व उपप्रधान व समाजसेवक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत बातल के ज्यादातर गांवों में किसान जंगली जानवरों से परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि दिन के समय बंदर मक्की की फसल को बर्बाद कर रहे हैं, वहीं रात के समय बारहसिंघा व जंगली सुअर फसल तबाह कर रहे हैं।



हालांकि स्थानीय लोग फसलों की सुरक्षा के लिए रात-दिन खेतों में ही निवास कर रहे हैं, परंतु जैसे ही इस जानवरों को मौका मिलता है, ये दर्जनों की तादाद में खेतों में घुसकर फसल को फसल का नुकसान कर जाते हैं। उनका कहना है कि आज हालात यह है कि अगर इन जानवरों को पटाखों आदि से भगाने की कोशिश की जाती है तो यह चुपचाप खड़े हो जाते हैं और थोड़ी देर बाद पुन: फसल बर्बाद करने लग जाते हैं। फसल बचाने के लिए कोई भी अपनी जान जोखिम में नहीं डालता है क्योंकि जंगली सुअर द्वारा किसानों को खेत में घायल करने की कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि सुअरों को मारने की परमिशन दी जाए और प्रशासन पटवारी को आदेश करें कि जानवरों से हुए फसल नुकसान का आकलन कर विभाग को दें। सरकार उसका उचित मुआवजा प्रदान करे ताकि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

## चहेतों को लाभ पहुंचाना चाहती है कांग्रेस सरकार : बिट्टू

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

चिंतपूर्णी महोत्सव में लग रही दुकानों को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमेश कुमार बिट्टू ने कहा कि जिला प्रशासन व स्थानीय विधायक अपने चहेतों को इस मेल की आड़ में लाभ दिलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार पैसा न होने का रोना रो रही है और दूसरी तरफ अपने मित्रों को लाभ दिलाने के लिए उनको मेले के टेंडर आबंटित कर रही है।

सुमेश बिट्टू ने कहा कि प्रदेश सरकार कहती है कि हम हर कार्य प्रदेश की जनता के हित में करते आ रहे हैं, मै उनसे पूछना चाहता हूं 17 सौ दुकानदार व 5 हजार परिवारों को मेले में बाहरी लोगों को दुकानें आवंटित कर परेशानी देना, क्या यह उनका जनता हित में फैसला है। उन्होंने कहा कि हम स्थानीय व्यापारियों के साथ इस मुहिम में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को महोत्सव के 3 दिन तक ही दुकानें लगाने की अनुमति देनी चाहिए, पहले दिए गए आदेशों को वापस लेना चाहिए।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मां श्री चिंतपूर्णी महोत्सव से हमे कोई आपत्ति नहीं है, उसके लिए हम भी सहयोग करेंगे, लेकिन महोत्सव की आड़ में दुकानों को एक महीने लगाने की परमिशन बर्दाश्त के बाहर है। हम प्रशासन व मेला आयोजन कमेटी के आयोजकों से आग्रह करते हैं कि महोत्सव के बाद दुकानें लगाने वाले निर्णय को कमेटी वापस ले ताकि, आम दुकानदारों को इस का खामियाजा न भुगतना पड़े।

## बीबीएन में डेंगू के सात नए मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में डेंगू के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। अब दो नए मरीज आए हैं। बुखार आने के बाद इनका एलीजा टेस्ट करवाया गया था, जिसमें इनकी रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। बीबीएन में अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या सात हो गई है। इसमें बद्दी से तीन और नालागढ़ से चार मरीज पॉजीटिव पाए जा चुके हैं। डेंगू के मरीज आने के बाद अस्पताल प्रशासन भी सतर्क हो चुका है। उन्होंने संदिग्ध मरीजों के टेस्ट करने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित क्षेत्रों में नगर परिषद को फॉगिंग करने के भी निर्देश दिए हैं।

> नालागढ़ अस्पताल में किए गए टेस्टों में दो मरीज डेंगू के नए आए हैं। लोग डेंगू की रोकथाम के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखें और पानी एक जगह पर जमा न होने दें।
> **- डॉ. मुक्ता रस्तोगी, खंड चिकित्सा अधिकारी, नालागढ़**

## पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए कर रहे संघर्ष : रणेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

एनयूजेआई देश में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून, राष्ट्रीय पत्रकार रजिस्टर और मीडिया काउंसिल बनाने के लिए संघर्षरत है। जिस तरह अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट सहित विभिन्न पेशों के लिए पंजीकरण की देश में व्यवस्था है, उसी तरह की व्यवस्था पत्रकारों के लिए भी होनी जरूरी है। यह बात एनयूजेआई हिमाचल के प्रदेशाध्यक्ष रणेश राणा ने बंगाणा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।



एनयूजेआई कार्यकारिणी के सदस्य।

उन्होंने कहा कि देश में पत्रकारों के लिए कोई भी विशिष्ट कानून न होने के कारण पत्रकारिता का स्तर भी गिर रहा है, साथ ही उन्होंने कहा कि पत्रकार अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें, संगठन उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ता रहेगा। इस दौरान एनयूजेआई के राष्ट्रीय सदस्य जोगिंद्र देव आर्य की देख-रेख में जिला ऊना इकाई के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।

इसमें भरत भूषण को जिलाध्यक्ष, वंश जसवाल को जिला उपाध्यक्ष, स्पर्श शर्मा को जिला महामंत्री और अशोक कुमार को जिला सहसचिव, ज्योति स्याल को कोषाध्यक्ष की कमान सौंपी गई। वहीं, जितेंद्र शर्मा को जिला संगठन मंत्री और संदीप शर्मा को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई।

इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमित शर्मा, विचित्र सिंह, अरविंद्र जैन, गुरदेव कुमार, राम प्रकाश, ऋषभ मौदगिल, अल्का चौधरी, अंजू बैंस, किरण वाला, रिंपल ठाकुर, बलविंद्र चौधरी, संजीव डोगरा, अविनाश चौहान, राकेश जंगा, विनोद कुमार, सुखविंद्र सागर, नीना कुमारी, अशोक चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

# शिमला में हिंदू संगठनों पर लाठीचार्ज की निंदा, किया शांतिपूर्वक प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

संजौली मस्जिद प्रकरण को लेकर शिमला के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के ऊना में भी हिंदू संगठनों ने हिंदू एकता मंच के बैनर तले हनुमान चालीसा का पाठ कर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। हिंदू संगठनों ने संजौली मस्जिद को हिमाचल सरकार द्वारा भी अवैध घोषित किए जाने का हवाला देते हुए जल्द से जल्द प्रदेश में सभी प्रकार के अवैध निर्माण गिराए जाने की मांग की।

उन्होंने प्रदेश में शांति बनाए रखने के लिए इसके अतिरिक्त बाहरी लोगों का पंजीकरण किए जाने और उनका पूरा रिकॉर्ड रखे जाने की मांग भी की। ऊना के हिंदू संगठनों ने प्रदेश भर में जनहित में हिंदू संगठनों के एक होने की बात कही और सरकार से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए बिना राजनीति के कार्रवाई किए जाने की मांग भी की है। इस अवसर पर कई हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने भी घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि एमसी पार्क में काफी देर तक प्रदर्शन करते रहे।



एमसी पार्क में प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि।

## निशुल्क नेत्र जांच और रक्तदान शिविर 14 को

**बड़ूही।** शिवालिक सेवा समिति सोहरी के तत्वावधान में 14 सितंबर को राजकीय प्राथमिक पाठशाला हारसा जोल खंड विकास बंगाणा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएंगी तथा साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी क्षेत्रीय अस्पताल ब्लड बैंक ऊना के सहयोग से लगाया जाएगा।

गौरतलब है कि शिवालिक सेवा समिति पिछले 48 वर्षों से इस क्षेत्र में चिकित्सा शिविरों के माध्यम से निशुल्क सेवाएं देती आ रही है। इस आशय की जानकारी शिवालिक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश गर्ग वसचिव राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने जरूरतमंद अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने का आग्रह किया है। इस दौरान जरूरतमंद अभ्यर्थियों को निशुल्क दवाइयां व नजर के चश्में भी वितरित किए जाएंगे।

# खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छाए वशिष्ट स्कूल के विद्यार्थी



वीपीएस के छात्र खिलाड़ी जिन्होंने खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शिक्षा विभाग के द्वारा तीन दिवसीय लड़कों की खंड स्तरीय अंडर -19 खेलकूद प्रतियोगिता 7 से 9 सितंबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहलां में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं के रूद्रा सहोर, आरव कटोच, कार्तिक ठाकुर, पीयूष कुमार व कक्षा आठवीं के शौर्य मांडला ने गोल्ड मेडल जीता।चैस प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा के आयुष कुमार, शाश्वत जसवाल, कक्षा दसवीं के सार्थक शर्मा, आयुष रायजादा तथा कक्षा 9वीं के कृष्णव शर्मा ने गोल्ड मेडल जीता।

रेसलिंग प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के योगाश कुमार ने 79 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता। इसके अतिरिक्त संयम और आशुतोष का जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। बैडमिंटन प्रतियोगिता में रुद्रा सहोर, आरव कटोच, कार्तिक ठाकुर, पीयूष कुमार, शौर्य मांडला, चैस प्रतियोगिता में आयुष कुमार, शाश्वत जसवाल, सार्थक शर्मा ,आयुष रायजादा, कृष्णव शर्मा तथा रेसलिंग प्रतियोगिता में योगाश कुमार आगामी दिनों में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ऊना ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि वशिष्ट पब्लिक स्कूल के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अपना तथा स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने इस उपलब्धि के लिए विजेता रहे छात्रों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा उनकी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सलोह में 15 दिन से लापता मां-बेटी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली क्षेत्र से एक विवाहिता अपनी दूध मुंही बेटी समेत घर से लापता हो गई है। गुम हुई विवाहिता की बड़ी लड़की घर पर है, जबकि विवाहिता व छोटी बच्ची 27 अगस्त से अचानक घर से लापता हुई हैं। मां-बेटी का 15 दिन बीतने के बाद भी कोई अता पता नहीं चल पाया है। लापता महिला का पति महेश कुमार निवासी सलोह अपनी पत्नी व बेटी को ढूंढने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। पीड़ित पति ने सुसराल समेत अन्य सभी सगे संबंधियों के घर जाकर पत्नी ब बेटी को ढूंढा, लेकिन निराशा हाथ लगी।



पीड़ित पति ने बताया कि 27 अगस्त को उनकी पत्नी अचानक ही छोटी बच्ची सहित लापता हो गई। उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिन से पत्नी व बच्ची को ढूंढ रहे हैं और घर में बड़ी बेटी भी मां व बहन का इंतजार कर रही है और बार-बार बोल रही है कि मम्मा कब तक घर आएगी। छोटी बहन कहां गई है। पीड़ित ने कहा है कि उनकी पत्नी व बेटी के अचानक गायब होने के बाद स्थानीय एक युवक भी उस दिन से गायब है। उनकी पत्नी व बेटी असुरक्षित हैं, कोई हादसा भी हो सकता है। पीड़ित पति ने पुलिस से लापता पत्नी व बच्ची को ढूंढने की गुहार लगाई है। उधर, एसपी ऊना राकेश सिंह ने कहा कि गुमशुदा महिला व उसकी बच्ची के फोटो सभी पुलिस थानों में इश्तेहार के लिए भेज दिए हैं। पुलिस मामले की जांच जारी है। अगर किसी को जानकारी मिले तो पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 100 व 01975 226048 पर जानकारी दी जा सकती है।

### सूडोकु 0054 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0053 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

12 सितंबर, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** भाद्रपद **तिथि** नवमी : (11:34): **नक्षत्र** मूल (09:53), **पक्ष :** शुक्ल **योग:** आयुष्मान (10:40) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:52 - 12:41 तक, **राहुकाल** (01:50 -03:23)।

**विशेष दिन**

- 12 सितंबर 2024 : अदुख नवमी आज।
- 12 सितंबर 2024 : महालक्ष्मी व्रत आज होंगे पूर्ण।

**मेष:** जल्दबाजी में गलत फैसले लेने से बचें। रुके कार्यों में अचानक गति आ सकती है। सुख साधनों पर बड़ा खर्च आज संभव है।

**वृषभ:** व्यवसाय में नई योजना लागू हो सकती है। व्यस्तता के चलते स्वास्थ बिगड़ सकता है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए और कड़ी मेहनत करनी होगी।

**मिथुन:** मन की अस्थिरता के कारण फैसले लेने में सक्षम नहीं रहेंगे। अपने क्रोध पर अंकुश रखें। अपने संबंधों के कारण रुके कार्य को

**कर्क:** आकस्मिक धन लाभ होगा। किसी बड़े निवेश से लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय को नई ऊंचाई मिलेगी। विरोधी सक्रिय होंगे।

**सिंह:** नौकरी पेशा लोगों के लिए समय शुभ है। पारिवारिक समारोह की तैयारी में लगे रहेंगे। परिजनों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** अटके काम पूरे होंगे। किसी विशेष व्यक्ति से मुलाकात होगी। अपने कार्य के प्रति आप समर्पित नहीं हैं, ध्यान देकर कार्य करें।

**तुला:** मांगलिक कार्यों में शामिल होंगे। संतान की उन्नति से प्रसन्न होंगे। अपने सहकर्मियों से मतभेद संभव हैं।

**वृश्चिक:** क्रोध की अधिकता रहेगी। किसी लाभकारी अवसर की तलाश में हैं। नए व्यापारिक सौदे लाभ देंगे।

**धनु :** स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक झगड़े बैठ कर हल होंगे। नई जिम्मेदारी मिलने से लोगों का नजरिया बदलेगा।

**मकर:** सेना व प्रशासन से जुड़े लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। विरोधी सक्रिय होंगे सतर्कता से समय व्यतीत करें।

**कुंभ:** आज मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। नए वस्त्र आभूषण की प्राप्ति हो सकती है। पारिवारिक माहौल आनंदप्रद रहेगा। पेट संबंधित रोग से ग्रस्त रहेंगे।

**मीन:** यात्रा के योग बन रहे है। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। परीक्षार्थी सफल होंगे। अपने व्यवहार से अधीनस्थों का दिल जीत लेंगे।

**आयोजन** लठियानी पाठशाला में अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट का विधायक ने किया शुभारंभ

# नशे को त्याग कर पढ़ाई के साथ खेलों को अपनाएं छात्र: विवेक

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी में अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। बतौर मुख्यातिथि लठियानी स्कूल पहुंचने पर स्थानीय स्कूल स्टाफ एवं स्थानीय लोगों ने विधायक विवेक शर्मा का भव्य स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया।

ज्ञात रहे इस अंडर 19 गर्ल्स टूर्नामेंट में उपमंडल बंगाणा के 28 स्कूलों की 308 गर्ल्स भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट में बच्चों द्वारा वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और शतरंज खेल खेले जाएंगे। इस दौरान सबसे पहले खिलाड़ियों ने शानदार मार्चपास्ट के साथ मैदान में प्रवेश किया और मुख्य अतिथि को सलामी दी। दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विवेक शर्मा ने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए खेल जरूरी हैं, क्योंकि खेलने से हमारे शरीर की



लठियानी स्कूल ने बतौर मुख्यातिथि विधायक विवेक शर्मा को सम्मानित किया।

शक्ति बढ़ती है और हम तंदुरुस्त रहते हैं। इसके साथ ही खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करता है। खेल का महत्व सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य की ही सीमा नहीं होता है, बल्कि यह हमारे मनोविज्ञानिक विकास के लिए भी आवश्यक है, इसलिए पढ़ाई के साथ खेलना भी जरूरी है।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से मोबाइल के नशे से भी बाहर आने का आह्वान किया। शिक्षा के साथ खेलकूद में भी कुटलैहड़ विस क्षेत्र राज्य में पहले स्थान पर हो, हम उसी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर स्कूल के स्टाफ के साथ बैठक करके स्कूल में चल रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली जा रही है, ताकि जल्द से जल्द सारी समस्याओं के समाधान की एक रूपरेखा तैयार करके उस पर काम किया जा सके।

कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा ने जनसमस्याओं को भी सुना और अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, अश्वनी शर्मा, देवेंद्र वेली, बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता इंजीनियर उदय सिंह राणा, थाना प्रभारी रोहित कुमार, शिक्षा विभाग के अधिकारी के अलावा स्कूल का स्टाफ, स्थानीय स्कूल के प्रिंसिपल एवं सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

### ये की घोषणाएं

विधायक विवेक शर्मा ने लठियानी स्कूल के लिए चार कमरों की डीपीआर तैयार करने निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए तथा स्कूल में लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए 50 हजार रुपए और 15 लाख रुपए स्कूल ग्रांउड बनाने के लिए देने की घोषणा की, साथ में टूर्नामेंट में भाग रहे ले रहे बच्चों के लिए 5100 देने की घोषणा की। विधायक विवेक शर्मा ने आश्वासन दिया कि उक्त स्कूल के लिए और जो भी मांग होगी, उसे हरसंभव पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं धर्म सिंह** (52 वर्ष) पुत्र स्व. श्री खेम राज पुत्र श्री बुधू राम गांव भौणकाटली डाकघर कलौहड, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र गगनेश कुमार व उसकी पत्नी विजेता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। वह दोनों शराब और चिट्टे के आदि हैं और मुझे और मेरी पत्नी को तंग करते हैं। अत: मैं अपने पुत्र गगनेश कुमार व उसकी पत्नी विजेता को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

"मैं चाहता हूं कि भारत एक महान राष्ट्र बने, शक्तिशाली बने, संसार के राष्ट्रों में प्रथम पंक्ति में आए। –अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# धारा 118 का शोर

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों एक बार फिर धारा 118 का शोर मच गया है। सीएम सुक्खू ने विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन यह कहकर इस मसले को और हवा दे दी कि प्रदेश सरकार धारा 118 को लचीला बनाने की दिशा में काम करना चाहती है। अब सवाल यह है कि धारा 118 को पूर्व भाजपा सरकार भी लचीला बनाना चाहती थी, लेकिन तब विपक्ष में बैठी कांग्रेस सरकार ने बड़े जोर-शोर से विरोध किया था। यहां तक कि तब पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने इस बाबत नोटिफिकेशन जारी भी कर दी थी, लेकिन विपक्षी कांग्रेस के प्रेशर में आकर तब भाजपा सरकार को वह नोटिफिकेशन वापस लेनी पड़ी थी। अब जबकि सीएम सुक्खू ने धारा 118 को लचीला बनाने की बात कही है तो यह भी तय है कि भाजपा इसमें कहीं न कहीं रोड़ा अवश्य अटकाएगी।

दरअसल, मसला क्रेडिट लेने का है कि कौन सी सरकार धारा 118 पर अपना स्टैंड क्लियर कर पाती है। मंशा कांग्रेस और भाजपा की एक जैसी ही है। दोनों ही पार्टियां धारा 118 को लचीला बनाकर उद्योगपतियों को हिमाचल में निवेश करने के लिए आकर्षित करना चाहती है। अगर मंशा ठीक है तो फिर दिक्कत कहां है, यह जानना बेहद जरूरी है। जयराम ठाकुर ने कहा था कि सरकार चाहती है कि नियमों को थोड़ा सरल किया जाए ताकि हिमाचल में निवेश बढ़ सके। कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाया और कहा कि धारा 118 से छेड़छाड़ प्रदेश के लिए नुकसानदेह है। इसके बाद दोबारा धारा 118 में संशोधन की खबरों को लेकर विवाद उठा और जयराम सरकार ने स्पष्टीकरण दिया था कि धारा के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है बस आवेदन करने के एक नियम को सरलीकृत किया है। हालांकि, सरकार ने आवेदन के नियमों में उस संशोधन को भी तुरंत वापस लेने का ऐलान किया था।

आखिर यह धारा 118 है क्या? दरअसल, 1972 में हिमाचल प्रदेश में एक विशेष कानून बनाया गया था ताकि ऐसा न हो कि बाहरी संपन्न लोग हिमाचल प्रदेश में धड़ाधड़ जमीनें खरीद लें और उस समय आर्थिक रूप से कमजोर हिमाचल के लोग तुरंत पैसा पाने की चाह में अपनी जमीनें बेच सकते थे। आशंका थी कि इस तरह से अन्य राज्यों के लोग भूस्वामी बन जाएंगे और हिमाचल प्रदेश के मूल निवासियों को दर-दर भटकना पड़ेगा। हिमाचल निर्माता प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार के समय यह कानून लाया गया था। तब डॉक्टर परमार से कुछ ऐसे लोग मिले थे, जिन्होंने अपनी जमीन बेच दी थी और बाद में वे उन्हीं लोगों के यहां नौकर बन गए थे, इसलिए हिमाचल प्रदेश टेनंसी एंड लैंड रिफॉर्म्स एक्ट 1972 में एक विशेष प्रावधान किया गया ताकि हिमाचलियों के हित सुरक्षित रहें। इस एक्ट के 11वें अध्याय 'कंट्रोल ऑन ट्रांसफर ऑफ लैंड' में आने वाली धारा 118 के तहत 'गैर-कृषकों को जमीन हस्तांतरित करने पर रोक' है। सेक्शन 118 ऐसे किसी भी व्यक्ति को जमीन ट्रांसफर किए जाने पर प्रतिबंध लगाता है, जो हिमाचल प्रदेश में कृषक नहीं है।

इसका मतलब है कि हिमाचल का गैर-कृषक व्यक्ति भी हिमाचल में जमीन नहीं खरीद सकता। कई धर्मार्थ ट्रस्टों ने हिमाचल में धारा 118 की आड़ में जमीन खरीदी है। पदम संभाव गोंपा कमेटी ने भुंतर, हरियाणा राधा स्वामी सत्संग एसोसिएशन ने परौर, भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम ट्रस्ट ने बल्ह, चैतन्य ट्रस्ट सोनीपत हरियाणा, ओशो समर्थक जीवन ट्रस्ट जींद, रुहानी सत्संग प्रेम समाज ऊना, वैष्णों भजन मंडली ट्रस्ट ऊना और धाकपो शेड्रूप मोनेस्ट्री कुल्लू में जमीनें खरीदी हैं। वीरभद्र सरकार ने इन्हें इस जमीन को बेचने का अधिकार भी दे दिया था। इसके बाद मामला काफी गरमा गया था। न केवल कांग्रेस, बल्कि भाजपा के कार्यकाल में भी कई धार्मिक संगठनों को जमीनें मिली हैं।

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम ने पालमपुर के चचियां में, सुधांशु जी महाराज कुल्लू, बाबा अमरदेव सोलन, बाबा रामदेव साधुपुल, राधा स्वामी सत्संग के नाम पर प्रदेश में लगभग सभी ब्लॉक स्तर पर जमीनें हैं। सतपाल जी महाराज परमहंस संजौली, आसाराम ने नादौन के कलूर में और निरंकारियों ने प्रदेश के सभी जिलों तथा श्रीश्री रवि शंकर ने हिमाचल में कई जगहों पर जमीनें ली हैं। अब सुक्खू सरकार हिमाचल को इंडस्ट्रियल हब बनाने की दिशा में काम करना चाहती है तो इसमें बुराई क्या है। हिमाचल में जितना ज्यादा निवेश होगा, उतनी ही प्रदेश की आर्थिकी को पंख लगेंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रभावशाली सदस्य

**फिरोज** गांधी प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रभावशाली सदस्य थे। वे भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति थे। अगस्त, 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' में फिरोज गांधी कुछ समय तक भूमिगत रहने के बाद गिरफ्तार कर लिए गए थे। रिहा होने के बाद 1946 में उन्होंने लखनऊ के दैनिक पत्र 'नेशनल हेराल्ड' के प्रबंध निदेशक का पद संभाला। स्वतंत्रता सेनानी फिरोज गांधी का जन्म मुंबई के एक अस्पताल में पारसी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जहांगीर एवं माता का नाम रतिमाई था। 1915 ई. में वे अपनी मां के साथ इलाहाबाद में कार्यरत एक संबंधी महिला के पास आ गए। इस प्रकार उनकी आरंभिक शिक्षा-दीक्षा इलाहाबाद में हुई। इलाहाबाद उन दिनों स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों का केंद्र था। युवक फिरोज गांधी इसके प्रभाव में आए और नेहरू परिवार से भी उनका संपर्क हुआ। उन्होंने 1928 ई. में साइमन कमीशन के बहिष्कार में भाग लिया तथा 1930-1932 के आंदोलन में जेल की सजा काटी। फिरोज गांधी 1935 में आगे के अध्ययन के लिए लंदन गए और उन्होंने 'स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स' से अंतरराष्ट्रीय कानून में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। फिरोज गांधी ने क्षय रोग से पीड़ित अपनी पत्नी इंदिरा गांधी की मां कमला नेहरू की भारत और जर्मनी के चिकित्सालयों में बड़ी सेवा की। उसी समय उनका और इंदिरा का संपर्क हुआ और मार्च, 1942 ई. में इलाहाबाद में दोनों का विवाह हो गया। ■



**फिरोज गांधी**
**जन्म :** 12 सितंबर, 1912
**मृत्यु :** 8 सितंबर, 1960

## अपनी बात

**गणेश** चतुर्थी भारत के सभी बड़े त्योहारों में से एक है जो भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह त्योहार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि (अगस्त या सितंबर) को मनाया जाता है। इसे विनायक चतुर्थी व गणेश उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू धर्म के अनुसार गणेश प्रथम पूज्य देवता हैं और किसी भी शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश की पूजा करने की परंपरा है। भगवान गणेश को समृद्धि और ज्ञान का देवता माना जाता है। गणेश चतुर्थी को महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन इस उत्सव का सबसे अधिक महत्व मुंबई में है। बप्पा के आगमन से लेकर उनके विसर्जन तक मुंबई के कोने-कोने में 'गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया' गूंजता है। हर मोहल्ले में ढोल-ताशा की ध्वनि गूंजती है। यहां की गणेश चतुर्थी का त्योहार विश्व विख्यात है। गणेश चतुर्थी का उत्सव देखने के लिए खासतौर पर लोग मुंबई आते हैं। सिद्धि विनायक मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। शहर के कुछ प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस प्रतिमा को नौ दिनों तक पूजन किया जाता है। **मंजु शर्मा, मनेड**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# 'कबूतरबाजों' को सबक सिखाए केंद्र सरकार

डॉलरों की चमक व सोने के सिक्कों की खनक की चाह में भारतीय युवाओं को कबूतरबाज जिस तरह से लूट रहे हैं, किसी से छिपा नहीं है। ठगी के मामलों में बहुत इजाफा हो रहा है। केंद्र सरकार को इन घटनाओं पर संज्ञान लेना चाहिए। प्रतिदिन समाचार पत्रों में युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर ठगी के सैकड़ों मामले सुर्खियां बनते हैं। एक समाचार के अनुसार ऐसा ही एक ताजा मामला हिमाचल प्रदेश के मंडी व ऊना में घटित हुआ है। मंडी में युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर 20 लाख की ठगी हुई है और ऊना में 30 लाख की ठगी हुई है। ऐसे ठगों को आजीवन कारावास देना चाहिए। कुछ वर्ष पहले भी कांगड़ा में ही दो युवकों से दस लाख रुपए की ठगी की गई थी। पहले उन्हें विदेश बुला लिया और बाद में वीजा न लगने का कारण बताकर स्वदेश वापस भेज दिया। दोनों युवकों से पांच-पांच लाख की रकम ठग ली थी। कुछ दिनों पहले हिमाचल के जिला मंडी के युवकों के साथ भी ऐसा ही हादसा हुआ था, जो बड़ी मुश्किल से मलेशिया से वापस आए थे।

ऐसे ठगी के मामले निरंतर बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन व सरकारें इस गोरखधंधे पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक लोग कबूतरबाजों के कारण ठगे जा रहे हैं। अगर केंद्र सरकार इन कबूतरबाजों पर शिकंजा कसे तो यह मामले रुक सकते हैं। फर्जी ट्रेवल एजेंटों का जाल हर जगह फैलता जा रहा है, मगर सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं। जब कोई मामला प्रकाश में आता है, तब जरा सी हलचल होती है। मगर फिर वही सिलसिला बदस्तूर जारी रहता है। ठगों व कबूतरबाजों द्वारा आज तक देश में पता नहीं कितने लोगों को शिकार बनाया होगा। कबूतरबाजी में पुरुष ही नहीं महिलाएं भी लोगों को लाखों का चूना लगा रही हैं। महिलाओं के झांसें में आकर काफी लोग अपनी संपत्तियां खो चुके हैं। लोग जमीन जायदाद बेचकर और खून पसीने की कमाई अपने बच्चों को रोजगार हेतु विदेश भेजते हैं। मगर एजेंट लोग पैसा हड़प लेते हैं, कभी तो ऐसे हालात बनते हैं कि इन्हें अवैध तरीके से ले जाते हैं और पकड़े जाने पर जेलों में भेजे जाते हैं। आज पता नहीं कितने ही लोग जेलों में सड़ रहे हैं और नारकीय जीवन जिंदगी बिता रहे हैं। कबूतरबाजी के ज्यादातर मामले पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

हर रोज पंजाब के किसी न किसी कोने से ऐसी वारदातों की खबरें आती रहती हैं। हिमाचल प्रदेश में भी कबूतरबाजों का साया फैलता जा रहा है। समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के मुताबिक बीते सालों में होशियारपुर में कनाडा भेजने के नाम पर एक युवक से 6 लाख 55 हजार रुपए की ठगी की गई। वर्ष 2009 में बठिंडा में जापान भेजने के नाम पर लुधियाना के एक युवक से 9 लाख रुपए की ठगी हुई थी। गत वर्ष हिमाचल के मंडी जिले की बल्ह घाटी के दर्जनों युवकों से भी एक एजेंट ने ठगी की थी। पुलिस ने एजेंट को पकड़ लिया था। 2012 में कांगड़ा के जसूर में भी एक महिला ने इराक भेजने के नाम पर युवकों को ठगा और विदेश में नौकरी के नाम पर आधा दर्जन युवकों से 1.40 लाख, दूसरे युवक से 1.50 लाख और तीसरे युवक से 80 हजार रुपए ठगे। कांगड़ा के पालमपुर में भी एक युवक को मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपए की ठगी कर युवक को शिकार बनाया था। एजेंट ने उसे विदेश तो भेज दिया, मगर औपचारिकताएं पूरी न होने के कारण उसे वहां से बैरंग लौटना पड़ा। युवक के पिता ने बेटे को विदेश भेजने के लिए अपनी जमीन तक बेच दी थी। एजेंट ने न तो पैसे लौटाए और न ही नौकरी दिलवाई।

ऐसे बहुत से मामले हैं, मगर प्रकाश में नहीं आते हैं। लोगों की मेहनत का पैसा लूटा जा रहा है। आज झूठे विज्ञापन देकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और पैसा लूटा जा रहा है। देश में हर रोज ऐसे मामले हो रहे हैं, मगर युवाओं में विदेश जाने की ललक कम नहीं हो रही है। कुशल लोगों को तो विदेश में अच्छा पैसा मिलता है, मगर अकुशल लोगों को मुश्किल होती है, अक्सर देखा गया है कि लोग भी साम, दाम, दंड, भेद से वीजा हासिल कर लेते हैं, मगर जब फंसते हैं, तब अक्ल आती है। केंद्र सरकार को चाहिए कि विदेश भेजने के लिए देश के प्रत्येक राज्यों के मुख्यालयों में सरकारी एजेंसियां स्थापित करनी चाहिए, ताकि युवाओं को वैध तरीके से विदेश भेजा जाए। यदि सरकार ऐसे कदम उठाती है, तो युवा ठगने से बच सकते हैं, क्योंकि जब सारा काम वैध होगा, तो लोगों में भी विदेश जाने की ललक बढ़ेगी। कबूतरबाजों को उम्रकैद की सजा देनी चाहिए, ताकि इस प्रवृत्ति पर पूर्ण रूप से अकुश लगाया जा सके। दूतावासों के माध्यम से अगर लोगों को विदेश भेजने की योजना बनाई जाए, तो लोग ठगने से बच सकते हैं। सरकारों को इन मामलों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। सरकार को ठगी करने वाले लोगों व फर्जी तरीके से विदेश भेजने वालों के खिलाफ छापेमारी करनी चाहिए तथा इनकी जमीन-जायदाद की नीलामी करवानी चाहिए।

देश के प्रत्येक नागरिक को इसमें योगदान देना चाहिए तथा ऐसे लागों का पर्दाफाश करना चाहिए। अवैध रूप से चल रही ट्रैवल एजेंसियों पर प्रतिबंध लगाया जाए तथा इनके मालिकों को गिरफ्तार करके कारावासों में डाला जाए। अगर सरकार सक्रिय हो जाए, तो इस गोरखधंधे पर रोक लग सकती है और लोगों का पैसा भी सुरक्षित रह सकेगा। ऐसे लोगों को नेस्तनाबूद करना होगा। लोगों को भी चाहिए कि पूरी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद ही विदेश जाना चाहिए। येन-केन-प्रकारण तरीकों को न अपनाएं तथा विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों की पूरी छानबीन करके ही जोखिम उठाएं।

सरकार को जागरूकता शिविर लगाने चाहिए तथा लोगों को विदेश जाने के नियमों की जानकारी देनी चाहिए। क्योंकि नियमों का पता न होने के कारण ही कबूतरबाज लोगों को शिकार बनाते हैं। विदेशों में स्थापित दूतावासों को भी समय-समय पर लोगों को फर्जी एजेंटों की सूची जारी करते रहना चाहिए, ताकि लोगों की खून पसीने की कमाई बच सके। पुलिस प्रशासन को इनके विरुद्ध धारा 420 के तहत मामला दर्ज करना चाहिए। कबूतरबाजों को सबक सिखाने का समय आ गया है। सामूहिक रूप से इनका खात्मा करना होगा, यह देश हित में है। केंद्र सरकार को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए, ताकि भारतीय युवा विदेशों में रोजगार के लिए जा सके और ठगने से बच सके। यह देश हित में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# पंजाब और हरियाणा में गंभीर जल संकट

पंजाब और हरियाणा में धान की खेती भारत की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, परंतु जल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण यह असंधारणीय होती जा रही है। धान की खेती के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन होने से इस क्षेत्र में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। हरियाणा में 88 जल इकाइयों को अत्यधिक दोहन वाली श्रेणी में रखा गया है। इस समस्या से निपटने के लिए कृषि और जल संसाधन दोनों की सुरक्षा के लिए तत्काल सुधार की आवश्यकता है। भूजल का अत्यधिक दोहन: पंजाब और हरियाणा में धान की खेती के लिए अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है. जिससे भूजल स्तर में भारी कमी आई है।

**लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

केंद्रीय भूजल बोर्ड के 2023 में किए गए अध्ययन में पाया गया कि धान की खेती के लिए अत्यधिक जल दोहन के कारण पंजाब के 87 प्रतिशत ब्लॉकों का अति दोहन किया गया। धान की खेती में प्रति किलो चावल के लिए लगभग 4000-5,000 लीटर जल की खपत होती है, जिससे क्षेत्र के जल संसाधनों पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ता है। इसकी तुलना में बाजरे को प्रति किलो केवल 500 लीटर जल की आवश्यकता होती है, जो जल की आवश्यकताओं में भारी अंतर और धान की खेती की असंधारणीय प्रकृति को दर्शाता है। ट्यूबवेल के लिए दी जाने वाली मुफ्त बिजली ने भूजल के अनियंत्रित दोहन को बढ़ावा दिया है, जिससे यह संकट और भी बढ़ गया है।

पंजाब के किसानों को वर्ष 2023-24 में बिजली, नहर के पानी और उर्वरक के लिए 38.973 रुपए प्रति हेक्टेयर की सब्सिडी मिली, जिससे भूजल का निरंतर रूप से अतिदोहन हो रहा है। धान की खेती के कारण बढ़ता जल तनाव, जलवायु परिवर्तन के कारण और भी अधिक हो गया है, अनियमित वर्षा के कारण जलभृतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब और हरियाणा के जल स्तर में तेजी से हो रही गिरावट से कृषि की दीर्घकालिक व्यवहार्यता को खतरा है। धान की खेती एकल फसल प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिससे जैव विविधता कम होती है और मृदा के पोषक तत्व कम होते हैं, जिससे कृषि संधारणीयता में कमी आती है। अध्ययनों के अनुसार फसल चक्रण से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है, परंतु धान की खेती ऐसी विविधता को हतोत्साहित करती है। जल की अधिक मांग के कारण रासायनिक उर्वरकों का उपयोग भी बढ़ जाता है, जिससे मृदा की गुणवत्ता और भी खराब हो जाती है तथा जल स्त्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बाढ़ सिंचाई, धान की खेती में प्रयुक्त होने वाली एक प्रमुख विधि है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### बलात्कार एक शर्मनाक घटना

**अंकिता भारद्वाज**

*बहु बेटियों की इज्जत*
*अब बिकती है बाजारों में।*
*हर रोज इक बलात्कार की घटना,*
*छपती है अखबारों में।*
*कैसे एक नन्ही बच्ची से*
*बलात्कार स्कूल में हो जाता है।*
*कैसे एक डॉक्टर बिटिया से*
*अत्याचार सेवा स्थल में हो जाता है।*
*क्यों बदल गई है सोच मानव की?*
*क्या परिवर्तन हुआ विचारों में,*
*हर रोज इक बलात्कार की घटना*
*छपती है अखबारों में।*
*इतना सब हो जाने पर भी*
*सब आंखें मीचे बैठे हैं।*
*कातर स्वर में द्रौपदी पुकारे*
*दुशासन साड़ी खींचे बैठे हैं।*
*कब तक घुटती रहेंगी बेटियां,*
*डूबी रहेगी चीत्कारों में।*
*हर रोज इक बलात्कार की घटना*
*छपती है अखबारों में।*
*कब इनसे मुक्त होगी नारी*
*कैसे बच पाएगी शैतानों से।*
*चारों तरफ बिचरते भेड़िए,*
*डर लगता है इन हैवानों से।*
*प्रश्न चिन्ह है परवरिश पर इनकी*
*या कमी रही होगी संस्कारों में।*
*हर रोज इक बलात्कार की घटना*
*छपती है अखबारों में।*

# फिरोज गांधी की इतनी उपेक्षा आखिर क्यों?

**जयंती विशेष**

जिस व्यक्ति का ससुर 17 साल तक, पत्नी 16 साल तक और बेटा 5 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहा हो और पोता संसद में विपक्ष का नेता हो, फिर भी उसकी बरसी या जयंती पर कोई याद न करे, तो उससे बड़ा अभागा और कौन हो सकता है। यहां बात कर रहे हैं स्वर्गीय फिरोज गांधी की जिनकी पुण्य तिथि 8 सितंबर को थी और आज जयंती है। इतने बड़े खानदान से संबंधित होने के बावजूद आज तक कभी किसी ने यह नहीं सुना कि उनके परिवार के किसी सदस्य ने उनकी जयंती या पुण्य तिथि पर उन्हें याद किया हो या अपने प्रयागराज दौरे के समय स्व.फिरोज गांधी की कब्र पर जाकर कभी श्रद्धांजलि दी हो, जबकि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और जवाहर लाल नेहरू की जयंतियों और पुण्य तिथियों के अवसर पर यह परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे देश में कांग्रेस द्वारा उन्हें श्रद्धांजलियां दी जाती हैं।

पिछले आम चुनाव के दौरान, जब अंतिम क्षणों में राहुल गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया, तो सोनिया गांधी ने रायबरेली में राहुल गांधी के लिए प्रचार के दौरान लोगों से भावुक अपील की थी कि मैं अपना बेटा और इंदिरा जी का पोता आपको सौंप रही हूं, किंतु उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि मैं फिरोज गांधी जी के पोते को आपको सौंप रही हूं। रायबरेली कांग्रेस की खानदानी सीट मानी जाती है, किंतु बहुत कम लोगों को पता होगा कि रायबरेली संसदीय क्षेत्र से सबसे पहले सांसद फिरोज गांधी ही थे। स्वतंत्र भारत में हुए, पहले आम चुनाव 1952 में हुए थे और उस समय फिरोज गांधी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे। उसके बाद 1957 में पुन: यहां से सांसद के रूप में निर्वाचित हुए थे। इंदिरा गांधी ने तो यहां से पहला चुनाव 1967 में लड़ा था। कांग्रेसी यह कहते हुए नहीं थकते कि प्रियंका वाढरा की शक्ल और नाक उसकी दादी इंदिरा गांधी से मिलती है, किंतु आज तक किसी कांग्रेसी ने यह नहीं कहा कि राहुल गांधी की शक्ल अपने दादा से मिलती है, जबकि यह वास्तविकता है। राजीव गांधी की शक्ल अपने पिता फिरोज गांधी से हूबहू मिलती है और राहुल की शक्ल राजीव से मिलती है। इतना कुछ होने के बावजूद क्या कारण है कि गांधी खानदान के वटवृक्ष को आगे बढ़ाने वाले इस व्यक्ति से गांधी खानदान ने दूरी बना कर रखी है।



**लेखक : हरिराम धीमान**
फ्रेंड्स कॉलोनी, नालागढ़

इसके लिए हमें इतिहास में जाना पड़ेगा। फिरोज गांधी का जन्म 12 सितंबर 1912 को मुंबई में एक पारसी परिवार में हुआ था। वे अपने माता-पिता की पांचवीं संतान थे। 1920 के दशक की शुरुआत में ही उनके पिता का देहांत हो गया था। अपने पिता की मृत्यु के बाद, फिरोज अपनी मां के साथ अपनी अविवाहित मौसी शिरीन कमिसारीट के पास रहने के लिए इलाहाबाद आ गए थे। वहीं उनकी शिक्षा-दीक्षा हुई। पढ़ाई के दौरान ही वे स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने लगे थे। जवाहर लाल नेहरू की पत्नी और इंदिरा गांधी की माता कमला नेहरू भी स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय थी। 1930 में एक दिन कमला नेहरू एक कॉलेज के सामने धरना देने के दौरान बेहोश हो गई थी। उस समय फिरोज गांधी ने उनकी बहुत देखभाल की थी। कमला नेहरू का हालचाल जानने के लिए फिरोज गांधी अक्सर उनके घर जाते थे। इसी दौरान उनके और इंदिरा गांधी के बीच नजदीकियां काफी बढ़ गईं थी।

कमला नेहरू की बीमारी के दौरान फिरोज ने उनकी काफी सेवा की। 1934 में उनके साथ भोवाली के टीबी सेनेटोरियम गए, अप्रैल 1935 में उनकी हालत खराब होने पर उनकी यूरोप यात्रा की व्यवस्था करने में मदद की और बेडनवीलर के सेनेटोरियम में उनसे मिलने गए और अंत में लुसाने में, जहां 28 फरवरी 1936 को उनकी मृत्यु हुई, उस समय भी वह उनके पास ही थे। उसके बाद, इंदिरा और फिरोज इंग्लैंड में अपनी पढ़ाई के दौरान एक-दूसरे के काफी करीब आ गए। अंतत: मार्च 1942 में पिता जवाहरलाल नेहरू की मर्जी के खिलाफ इंदिरा ने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार फिरोज गांधी से विवाह कर लिया। विवाह के कुछ समय बाद ही भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान इंदिरा और फिरोज एक साथ जेल भी गए। अगले पांच साल आरामदेह घरेलू जीवन के रहे और इस दौरान उनके दो बेटे हुए। 1944 में राजीव और 1946 में संजय का जन्म हुआ था। स्वतंत्रता के बाद जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री बन गए और वे दिल्ली में रहने लगे थे, जबकि फिरोज और इंदिरा अपने दो छोटे बच्चों के साथ इलाहाबाद में बस गए और फिरोज अपने ससुर जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित अखबार नेशनल हेराल्ड के प्रबंध निदेशक बन गए।

उधर दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू अकेले रहते थे और वे चाहते थे कि इंदिरा भी दिल्ली में उनके साथ रह कर उनकी देखभाल करें, इसलिए 1949 में इंदिरा दोनों बच्चों के साथ अपने पिता का घर संभालने के लिए दिल्ली आ गई, किंतु स्वाभिमानी फिरोज गांधी इलाहाबाद में ही रहे। वे 1950 से 1952 तक प्रांतीय संसद के सदस्य रहे। उसके बाद फिरोज गांधी 1952 में उत्तर प्रदेश के रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से पहले सांसद बने। इस दौरान इंदिरा से उनकी दूरियां काफी बढ़ गई थी। एक बार तो वे इंदिरा से तलाक लेकर लखनऊ की एक मुस्लिम महिला से विवाह करना चाहते थे। नेहरू को जब इसकी भनक लगी, तो वे विचलित हो गए, क्योंकि इसमें उनकी बदनामी होती। इसलिए उन्होंने अपने मित्र रामनाथ गोयनका से कह कर फिरोज को इंडियन एक्सप्रेस में नौकरी दिलवा कर दिल्ली बुला लिया। यहां भी वे नेहरू परिवार के साथ रहने की बजाए अपने सांसद के रूप में मिले घर में ही रहते थे। संसदीय करियर की शुरुआत में, वे एक बैकबेंचर थे, जो चर्चा में भाग लेने के बजाए सुनते थे। उन्होंने महसूस किया कि आजादी के बाद के वर्षों में, कई भारतीय व्यापारिक घराने राजनीतिक नेताओं के करीब हो गए थे और उनमें से कुछ ने कई वित्तीय अनियमितताओं को अंजाम दिया। इससे फिरोज को बहुत पीड़ा होती थी। इसलिए उन्होंने इसके विरुद्ध आवाज उठाने का निर्णय लिया और संसद में मुखर होकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने लगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वृक्ष पूजन की परंपरा में 'एक पेड़ मां के नाम'

'शौली डालिए तू किहां बढणी इक तेरा पाप लगदा' अर्थात वृक्ष की हरी टहनी को काटने से पाप लगता है। सूर्यास्त के बाद पौधे को नहीं छूना, यह पौधों के सोने का समय है, फूल पत्ती नहीं तोड़ना, यह हमारी संस्कृति रही है। देवभूमि हिमाचल में हर चौराहे पर चबूतरे के बीच में सजा पीपल और बड़ का पेड़ असंख्य लोगों को छाया देता है और दिन-रात ऑक्सीजन देकर सबके जीवन की रक्षा भी करता है। तभी तो लोग धार्मिक अनुष्ठानों की परंपरा में पीपल के पेड़ को पवित्र धागों से बांधते हैं। उसकी परिक्रमा करते हैं, जल चढ़ाते हैं हर रोज। यह हमारी परंपरा का एक हिस्सा रहा है और जीवन का एक नित्य कर्म भी। हिमाचल में अनेक देवी-देवताओं का निवास पेड़ों पर है।

कहीं-कहीं पेड़ भी देवता के रूप में पूजे जाते हैं। असंख्य मंदिर, स्थानीय देवी-देवता, मूर्तियां पेड़ों के नीचे रखकर आस्था और श्रद्धा से पूजी जाती हैं। अब बरसात आने पर हर वर्ष एक दो सप्ताह के लिए पौधरोपण किया जाता है। वन विभाग और विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा भी पौधरोपण किया जाता है। अखबारों और सोशल मीडिया पर पौधरोपण की सूचनाओं से उत्साह बनता है, लगता है कि अब चारों तरफ ही पेड़ पौधे और हरियाली होगी, पर्यावरण संतुलन बनेगा, परंतु अगले वर्ष तक न फिर पौधे दिखते हैं, न हरियाली। हां, सैकड़ों वर्षों पुराने पेड़ मकानों, सड़कों और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए काट लिए जाते हैं और नए पौधे लगते नहीं हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि शिमला जैसे स्थान पर सैकड़ों वर्ष पुराने देवदार और बान के पेड़ मकान के लिए खतरा बता कर काट दिए गए हैं और उनके स्थान पर स्मार्ट सिटी के नाम पर सड़क के किनारों पर डंगों पर छोटे-छोटे गमलों में पौधे लगाए गए हैं, जिन पर करोड़ों रुपए खर्च किया गया है।



**लेखक : हितेंद्र शर्मा**
गांव किंगल, कुमारसैन

स्मार्ट सिटी में कुछ पार्क भी बनाए गए, वहां भी पौधरोपण हुआ, लेकिन अब न पार्क दिखाई दे रहे हैं न पौधे। इधर एक पेड़ मां के नाम यह नारा भी खूब चल निकला, कुछ लोग ईमानदारी से पौधरोपण भी कर रहे हैं। कई असंख्य चित्र तो ऐसे भी देखने में आ रहे हैं कि एक पौधा लगाने के लिए भारी भीड़ जमा हो जाती है। फोटो में पर्यावरण प्रेमी लोग ही दिखते हैं पौधा कहीं नजर नहीं आता।

जबकि होना यह चाहिए कि जो पौधा हम लगाएं उसका संरक्षण भी हम करें। बराबर उसकी देखभाल की जाती रहे। अगर मां के नाम पर पौधा लगाया गया है, तो मां की तरह उसकी सेवा भी होनी चाहिए। गर्मी, सर्दी, बरसात में उसकी पूरी तरह से देखभाल होती रहे, तो वह पौधा कुछ वर्षों में विशाल पेड़ का आकार ले सकता है और पर्यावरण संतुलन के लिए नए जंगल उगाई जा सकते हैं। यह भी पौधरोपण के नाम पर दुर्भाग्य ही है कि ऐसे पौधे लगाए जा रहे हैं जो पर्यावरण और जलवायु की दृष्टि से अधिक उपयोगी नहीं हैं पौधारोपण में तीन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए, एक पौधा फल देने वाला हो, दूसरा उस पौधे से इंधन मिल सके, तीसरा उस पौधे की इमारती लकड़ी भी उपयोग में लाई जा सके। अन्यथा सड़कों के किनारे और जंगलों में छोटे-छोटे पौधे लगाकर पर्यावरण के साथ मजाक ही किया जा रहा है। इन पौधों से किसी का कुछ भला होने वाला नहीं है। पीपल, बड़, आम, गिलोय, देवदार और बान के पेड़ ऑक्सीजन देते हैं। इसलिए पहले इन पौधों को घरों के समीप और वनों में लगाया जाता था। अत: ऑक्सीजन देने वाले पौधों को लगाया जाना चाहिए। इन पौधों से ही भूमि की कटाव से भी सुरक्षा होती है। भूमि को क्षरण से बचाया जा सकता है। चीड़ और सफेदा के पौधे पर्यावरण के लिए नुकसान देने वाले हैं। सफेदा के पौधे पानी को सुखाकर भूमि की नमी को कम कर देते हैं। चीड़ के पौधे पर्यावरण संतुलन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं तथा गर्मी पैदा करते हैं। जहां चीड़ के जंगल सरकार द्वारा उगाए गए हैं वहां नए पौधे नहीं पनपते। गर्मियों में आग लगने से चीड़ के जंगल जला दिए जाते हैं। जीव जंतु पक्षी जल कर मर जाते हैं और घास पत्ती फूल पौधा वहां कुछ भी नहीं हो पता है, जबकि देवदार और बान के जंगल में अन्य प्रजाति के पौधे भी खूब पनपते हैं।

पहले सड़कों के किनारे आम के वृक्ष लगाए जाते थे। फल भी, छाया भी और ईंधन की लकड़ी भी उनसे खूब मिलती थी। आज भी मैदानी इलाकों में सड़कों के दोनों किनारे आम के बड़े-बड़े वृक्ष दिखाई देते हैं, जिन्हें सड़कों को चौड़ा करने के लिए बेरहमी से काट दिया गया है और उनके स्थान पर गमले में छोटे-छोटे पौधे उगाए जा रहे हैं, जो कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ है। अगर हम इसी तरह से प्रकृति के साथ खिलवाड़ करते रहे, विकास और भवन निर्माण के नाम पर पेड़ों को काटते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब पहाड़ों में भी दिल्ली जैसे महानगरों की तरह ऑक्सीजन बार खोलने की नौबत आ जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र ने स्वीकृत किए 92,364 पक्के मकान : राकेश



**अनंत ज्ञान, मंडी।** केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 92364 पक्के मकानों की स्वीकृति पर भाजपा मुख्य प्रवक्ता और सुंदरनगर विधायक राकेश जमवाल ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आभार व्यक्त किया है और कहा कि हिमाचल प्रधानमंत्री के लिए दूसरे घर की तरह है और हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहते हैं चाहे प्रदेश में किसी दल की सरकार रही हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी पात्र लोगों को तीन किश्त में 1 लाख 50 हजार रुपए केंद्र सरकार द्वारा दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पिछली वर्ष भी भारी आपदा के बाद केंद्र द्वारा 16000 से अधिक पक्के मकान और 2300 करोड़ से अधिक की राशि सड़कों के निर्माण के लिए दी थी। इसके साथ ही लगभग 18 सौ करोड़ की राशि भी प्रदेश को जारी की गई थी और लगभग साढ़े 400 करोड़ पिछले दो महीने में मनरेगा के तहत जारी किया गया है, परंतु राज्य सरकार इस राशि का सही तरीके से धरातल पर नहीं उतार सकी और भाई भतीजावाद की भेंट यह भरकम राशि चढ़ गई।

### अंडर-19 में कबड्डी की ट्रॉफी स्यांजी स्कूल के नाम



**अनंत ज्ञान, मंडी।** रिवालसर में समाप्त हुए बल्ह खंड के अंडर 19 वर्ष आयु वर्ग की खंड स्तरीय छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की। टूर्नामेंट में कबड्डी का खिताब इस बार सीसे स्यांजी ने अपने नाम किया। बेहद रोमांचक रहे इस मुकाबले में सीसे स्यांजी के खिलाड़ियों ने पिछले वर्ष की विजेता टीम सीसे राजगढ़ को मात देकर कबड्डी की ट्रॉफी अपने नाम की। स्कूल के प्रधानाचार्य अक्षय कुमार संग स्कूल के समस्त स्टाफ विद्यार्थियों को बधाई।

### एचआईवी के खिलाफ चलाया स्वास्थ्य जांच अभियान

**अनंत ज्ञान, करसोग।** एचआईवी एड्स जागरूकता व स्वास्थ जांच के दृष्टिगत करसोग में व्यापक स्तर पर एचआईवी/एड्स जागरूकता एवं एकीकृत स्वास्थ जांच अभियान चलाया जा रहा है। 12 अगस्त से शुरू हुए इस अभियान को 12 अक्टूबर, 2024 तक चलाया जाएगा। राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के दिशा निर्देश में संचालित किए जा रहे इस अभियान के दौरान आईसीटीसी परामर्शदाता व स्वास्थ्य कार्यकर्ता गांव-गांव में पहुंच कर लोगों को जागरूक कर रहे है। आईसीटीसी परामर्शदाता नागरिक अस्पताल करसोग नंदा शर्मा ने बताया कि इस अभियान के लिए करसोग उपमंडल में 9 गांव माहूंनाग, तत्तापानी, शाकरा, चुराग, भनेरा, ग्वालपुर, भंथल, चैरीधार व कांडा सोरता को चिन्हित किया गया है। जागरूकता अभियान में लोगों को अपने क्षेत्र व राज्य को एचआईवी/एड्स मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई जा रही है। इस अभियान में अनेक चिकित्सक अपना योगदान दे रहे है। जबकि राकेश कुमार, भगवान दास व लवली ठाकुर आदि इसमें विशेष सहयोग कर रहे है।

### पनारसा कॉलेज में मनाया हिंदी माह

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में राजभाषा हिन्दी माह मनाया जा रहा है। हिन्दी विभाग की प्रभारी प्रोफेसर अनिता ठाकुर ने बताया कि हिन्दी माह पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं, जिसमें नव-लेखन कार्यशाला, संस्मरण लेखन और साहित्यिक उपन्यासों पर अंताक्षरी, कविता-पाठ आदि शामिल हैं।

### प्राकृतिक खेती पर लगाया प्रशिक्षण शिविर



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मसौली पंचायत में उप कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के विकासखंड द्रंग द्वारा आत्मा मंडी के अंतर्गत प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत ग्राम पंचायत मसोली के ढकरेरा गांव में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सहायक तकनीकी प्रबंधक देवेंद्र कुमार ने किसानों को बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, द्रेकअस्त्र और अग्निअस्त्र जैसे प्राकृतिक खेती के महत्वपूर्ण घटकों की जानकारी दी। उन्होंने इन जैविक तत्वों का प्रयोगात्मक प्रदर्शन कर बताया कि किस प्रकार रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग कम कर किसान अपनी पैदावार में सुधार ला सकते हैं। ग्राम पंचायत मसोली की प्रधान अंजना शर्मा उपस्थित रहीं।

### हिंदी पखवाड़े में बच्चों ने दिखाया हुनर



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल, जोगिंद्रनगर में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कविता गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने हिंदी की सुंदर कविताओं के माध्यम से भाषा के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को प्रकट किया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने प्रतिभागियों की सराहना करते कहा, कविता हिंदी भाषा की एक महत्वपूर्ण विधा है, जिससे हम अपने विचारों और भावनाओं को प्रभावी ढंग से व्यक्त कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय खेलों के लिए डीबीपीएस के 5 बच्चे चयनित



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर के पांच बच्चे जिला स्तरीय चेस, वॉलीबॉल व बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित हुए हैं। अंडर-19 वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर चेस का विजेता रहा। प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने बताया कि चैस प्रतियोगिता में स्कूल के शिवांश कपूर, सूर्यांश व आयुष, वॉलीबॉल में विक्रमादित्य तथा बैडमिंटन में आदित्य ठाकुर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रधानाचार्य राजेश डोगरा व स्टाफ सदस्यों द्वारा सभी छात्रों का स्वागत किया गया।

### सड़क की सफाई के चलते कांगणीधार में काटे पेड़

**अनंत ज्ञान, मंडी।** देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने कहा कि सड़क की सफाई के दौरान सात से 10 सितंबर तक लोक निर्माण विभाग की लेबर ने मोतीपुर से लेकर हैलीपैड कांगणीधार तक बड़ी संख्या में छोटे मोटे पेड़ काट दिए है। इनमें तुन्ही, डोडे, लोकाट, चिमू, बदाम, आडू, दरेहडू आदि के पेड़ शामिल हैं। बता दें कि तुनी का पेड़ काटने पर अधिक सजा और जुर्माने का प्रावधान है। नरेंद्र सैनी ने कहा कि यह सारी लेबर की लापरवाही है। एसडीएम ओमकांत ठाकुर ने कहा कि यदि यह सत्य है तो शिकायत आते ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जेल रोड में मस्जिद के निर्माण को लेकर नगर निगम और मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के अलग-अलग मत

# मस्जिद के मालिकाना हक पर कशमकश

**पुष्पराज, मंडी**



मंडी के जेल रोड में निर्माणाधीन मस्जिद।

मंडी शहर में अवैध मस्जिद के निर्माण के बारे में नगर निगम द्वारा गहन जांच की जा रही है और मामला अब सार्वजनिक हो गया है तो नगर निगम की टीम द्वारा बारीकी से हर बात को जांच परख कर पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार मामला तब सामने आया जब नगर निगम के एसडीओ द्वारा निरीक्षण के दौरान जेल रोड में मस्जिद का निर्माण बिना नक्शा पास किए किया जा रहा था जिस पर नगर निगम द्वारा 28 मार्च 2024 को मस्जिद निर्माण करता संस्था एहले इस्लाम को नोटिस जारी किया गया। मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के सदस्यों द्वारा समय मांगा गया कि हमें दस्तावेज पेश करने के लिए समय दिया जाए जिस पर नगर निगम द्वारा उन्हें निर्माण कार्य रोकने और दस्तावेज पेश करने के लिए समय दिया, लेकिन बीच में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा आरोप लगाए गए की स्टे होने के बावजूद भी निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिस पर लोग नारेबाजी पर उतर आए। नगर निगम आयुक्त ने जनता से आग्रह किया है कि किसी के बहकावे में आकर किसी भी प्रकार की अशांति न फैलाएं। (अनंत ज्ञान)

#### 13 को साझा कर दी जाएगी जांच की रिपोर्ट : राणा

**नगर** निगम मंडी के आयुक्त एचएस राणा ने बताया कि जमीन का मालिकाना हक हिमाचल सरकार के पास है और नूर बीबी का जमीन पर कब्जा था और उनके द्वारा इस जमीन को एहले इस्लाम संस्था के नाम किया गया। उन्होंने बताया कि जो संस्था के नाम जमीन है वह 231.41 स्क्वायर मीटर है और कब्जा 240.99 स्क्वायर मीटर भूमि पर किया गया है जिसमें 9.58 स्कॉयर मीटर जमीन लोक निर्माण विभाग की है। टीसीपी अधिनियम के तहत धारा 38, 39 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है और जांच अपने अंतिम चरण पर है 13 तारीख को इसके बारे में पूर्ण जानकारी साझा कर दी जाएगी।

#### क्या है कहना मुस्लिम वेलफेयर कमेटी का

मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के सदस्य इकबाल अली ने बताया मस्जिद का निर्माण नहीं करते, लेकिन 2023 में आई आपदा के कारण मस्जिद एक तरफ से गिर गई थी क्योंकि मस्जिद कच्ची मिट्टी की बनी थी। इसके बाद मस्जिद का पुर्ननिर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में में कुछ आपत्तियां आई जिनको सही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कागजों के अनुसार मस्जिद आजादी से पहले 1916ई. में बनी है। उन्होंने कहा की मामला कोर्ट में है जो कोर्ट का फैसला होगा वह हमें मंजूर है।

### संजौली में अवैध मस्जिद निर्माण पर देव भूमि संघर्ष समिति ने निकाला जुलूस



**जोगिंद्रनगर।** देव भूमि संघर्ष समिति जोगिंद्रनगर ने शिमला के संजौली में कथित रूप से बनाई अवैध मस्जिद के निर्माण के विरोध में शहर में जुलूस निकाला। समिति के सदस्यों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। समिति ने जोगिंद्रनगर में बिना अनुमति के बनी एक अन्य मस्जिद के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग उठाई है। समिति ने नगर परिषद के उपाध्यक्ष अजय धरवाल को भी एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें जोगिंद्रनगर में मस्जिद के प्रथम और द्वितीय फ्लोर पर अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है।

नगर परिषद के उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने बताया कि देव भूमि संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे कार्यालय में मिला, जिसमें समिति ने जोगिंद्रनगर में बिना अनुमति के बनी मस्जिद के अवैध निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दो युवक 6 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने दो युवकों को 6 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम गश्त के दौरान ड्रीम्स कॉलेज खिलड़ा के समीप मौजूद थी। इसी दौरान दो युवक एक बुलेट मोटरसाइकिल नंबर एचपी-31बी-1884 पर मौके पर आकर कॉलेज गेट के आगे खड़ा कर दिया। इस दौरान मोटरसाइकिल पर मौजूद दोनों युवकों की तलाशी में उनसे 6 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

आरोपी युवकों की शिनाख्त निखिल पठानिया (22) पुत्र नरेंद्र पाल गांव व डाकघर महादेव तहसील सुंदरनगर जिला मंडी और युवराज (24) पुत्र किशन चंद निवासी गांव भौण काटली डाकघर कलौहड तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस का जारी विशेष अभियान लगातार जारी है।

### एबीवीपी वल्लभ महाविद्यालय मंडी इकाई की भूख हड़ताल का हुआ समापन

**अनंत ज्ञान, मंडी**



जूस पिलाकर हड़ताल को समाप्त करती प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी इकाई द्वारा की गई 24 घंटे सांकेतिक भूख हड़ताल का समापन बुधवार को हुआ। यह हड़ताल प्रदेश स्तरीय एवं स्थानीय मांगों के संदर्भ में आयोजित की गई थी।

कार्यकर्ताओं को कहना है कि हड़ताल का मुख्य उद्देश्य प्रदेश स्तरीय मांगों की ओर सरकार और जनता का ध्यान आकर्षित करना था, जो कि इस हड़ताल के माध्यम से सफल रहा है। प्रमुख मांगें छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाए, सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा पुन: बहाल किया जाए, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की 112 हेक्टेयर जमीन वापस कर दी जाए, मंडी महाविद्यालय में रखी ईवीएम मशीनों को जल्द हटाया जाए। भूख हड़ताल की समाप्ति मंडी महाविद्यालय की प्राचार्य एवं मंडी महाविद्यालय के अन्य अध्यापक द्वारा कार्यकर्ताओं को जूस पिला कर भूख हड़ताल तोड़ी गई।

### पंडोह मेल में हेमराज की एंकरिंग ने बांधा समां, लोग जमकर कर रहे तारीफ

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



हेमराज एंकरिंग करते हुए।

सात दिवसीय माता त्रिपुर भैरवा माता मेला पंडोह में मेले के दौरान पंडोह निवासी हेमराज द्वारा एंकरिंग की जा रही है और अधिकतर मंच संचालन का कार्य इन्होंने ही संभाल रखा है। हेमराज एक बेहतरीन गायक भी हैं और मिमिक्री आर्टिस्ट भी। यह कभी लोगों को गाने सुनाकर तो कभी मिमिक्री करके रिझाने का प्रयास कर रहे हैं।

हेमराज ने पांच दिनों से लगातार मंच को संभाला हुआ है और मेले के समापन तक इसे संभालने का जिम्मा मेला कमेटी ने इन्हें ही दे रखा है। हेमराज नेहरू युवा केंद्र का वॉलंटियर रह चुका है। युवाओं के उत्थान के लिए काफी ज्यादा सक्रियता से कार्य करता है। अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के साथ-साथ बहुत से अन्य मेलों में भी मंचों का संचालन कर चुका है। अपनी लोक संस्कृति को बढ़ावा देने का बेहतरीन कार्य कर रहा है।

### जनता पर बढ़ रहा महंगाई का बोझ : चंदन

**कविता, पधर।** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश की जनता पर आए दिन महंगाई का बोझ लादकर प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कहा कि प्रदेश में सत्तासीन कांग्रेस सरकार ने पिछले 20 दिनों के छोटे से अंतराल में सीमेंट के दामों में 25 रुपए प्रति बैग की बढ़ोतरी कर प्रदेश की जनता पर आर्थिक बोझ लाद दिया है। जबकि वर्तमान में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जब नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में थे तब वह कहते थे कि प्रदेश में सीमेंट के दामों में बढ़ोत्तरी सरकार की हिस्सेदारी के बिना संभव नहीं है।

### खस्ताहाल सड़क व टूटे पुल की हो मरम्मत

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



नेरचोक टकोली फोर-लेन निर्माण के बीच जवाहर नवोदय विद्यालय से पंडोह डैम के कैंची मोड़ तक का एनएच सड़क मार्ग का 5 किलोमीटर हिस्सा दयनीय स्थिति में है। इस सड़क मार्ग पर हल्के हल्के स्लीप से मलवा-पत्थर पिछले एक वर्ष से सड़क में पड़े होने से सात प्वाइंट पर सड़क मार्ग वन वे हुआ पड़ा है। 3 स्थानों पर सड़क के डंगे टूटने से सड़क वन-वे शेष बची है। मगर कोई सुध नहीं ले रहा।

हालांकि यह सड़क मार्ग एनएचएआई को वर्ष 2017 में हैंड ओवर किया गया है। मगर एनएचएआई इसकी मरम्मत के लिए बहाने बनाती रही है। हद तो तब हो गई जब गत एक माह पूर्व इसी सड़क मार्ग के मैन पुल की रेलिंग टूट गई और रेलिंग पुल के पैदल फुटपाथ पर बिखरी पड़ी हैं।

हैरानी की बात है कि न तो लोक निर्माण विभाग और न ही एनएचएआई इस टूटी रेलिंग को अपने कब्जे में ले रहा है। दोनों एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हुए लोगों को परेशान कर रहें हैं। सरकारी संपत्ति की सुरक्षा से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों की मांग है कि इस पर गिरे मलबे पत्थर को हटा कर सड़क मार्ग को सुरक्षित किया जाए तथा टूटी सड़क पर अति शीघ्र डंगे लगाए जाएं। पुल की टूटी रेलिंग की मरम्मत प्राथमिकता पर की जाए।

#### जल्द होगा काम : राजशेखर

**एसडीओ** लोक निर्माण विभाग प्रवीण तलवार ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय से कैंची मोड़ तक सड़क मार्ग एनएचएआई को वर्ष 2017 में हैंड ओवर कर दिया गया है। यह उनका काम है। जबकि एनएचएआई की फोरलेन निर्माण कंपनी के एमसी के एमबी राजशेखर ने कहा कि यदि एनएचएआई मरम्मत के आदेश करती है तो जल्द की काम शुरू कर दिया जाएगा।

### प्रवासी मजदूरों के आधार कार्ड और लाइसेंस किए चेक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



प्रवासियों से पूछताछ करते हुए सामूहिक चित्र में।

ग्रयोह पंचायत में पंचायत प्रधान बख्शी राम गुलेरिया और बीडीसी सदस्य शिवकुमार वर्मा के नेतृत्व में नाका लगाकर प्रवासी मजदूरों के आधार कार्ड और लाइसेंस चेक किए, जिनमें करीब दो दर्जन प्रवासियों के पास न तो आधार कार्ड था और न ही किसी प्रकार का कोई भी पहचान पत्र था यही नहीं इसके अलावा बाइक चलाने वाले लोगों के पास लाइसेंस भी नही मिले पंचायत समिति सदस्य शिवकुमार वर्मा ने बताया कि यह व्यवस्था पुलिस विभाग तथा जिन लोगों ने अपने मकान प्रवासियों को किराए पर दे रखे हैं उन्हें भी संदेह के दायरे में रख रही है।

पंचायत प्रधान बक्शी राम ने ने कहा कि अधिकतर मामलों में देखने में आया है की फेरी वालों और प्रवासी मजदूर की बढ़ती संख्या अपराधों को जन्म दे रही है। पंचायत समिति सदस्य शिवकुमार वर्मा ने कहा की प्रवासी ठेकेदार राज मिस्त्री मजदूर और किसी भी फेरी वाले को बिना पुलिस पंजीकरण के पंचायतों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

डीसीपी संजीव गौतम ने कहा कि प्रवासियों का पुलिस रिकॉर्ड में नाम दर्ज होना जरूरी है बिना किसी पुलिस वेरिफिकेशन के कोई भी मकान मालिक उन्हें कमरे पर किराए पर नहीं दें। मजदूरों की सूचना देने के लिए पंचायत से लेकर आम जनता भी सहयोग करें।

### पुलिस भवन की नीलामी होने पर होगा विरोध : शुभम शर्मा

**कविता, पधर**

द्रंग पुलिस चौकी का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। एक ओर विभाग ने शुक्रवार को इसके भवन की बोली रख दी है वहीं दूसरी ओर युवा नेता एवं ग्राम पंचायत टांडू के प्रधान शुभम शर्मा ने इस बारे नीलामी को रोकने के लिए उसी दिन धरने का ऐलान कर दिया है।

शुभम ने सरकार और विभाग को चेतावनी दी है कि भारी संख्या में लोग पुलिस चौकी को द्रंग में पुन: स्थापित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को पुरानी पुलिस चौकी के प्रांगण में विरोध प्रदर्शन करेंगे। शुभम शर्मा ने कहा कि जनता की जायज मांग के बारे स्थानीय विधायक ने विधानसभा में भी सवाल उठाया परंतु जवाब में सरकार ने यह मंशा जाहिर कर दी है जिससे आम जनता बहुत आहत हुई है। हमनें विधायक पूर्ण चंद ठाकुर से भी इस विरोध में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। वहीं उन्होंने विभाग से भी आग्रह किया है कि इस प्रकार की नीलामी के आदेशों को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। उन्होंने बोली लगाने वाले ठेकेदारों से अपील की है कि वे जनता की जायज मांग पर उनका सहयोग करें और नीलामी में आगे न आएं। (अनंत ज्ञान)

### दो युवक चिट्टे सहित काबू

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस ने दो युवकों को 6 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने गश्त के दौरान दो युवकों तलाशी ली तो उनके पास चिट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान गौरव शर्मा जोगिंद्रनगर और कमल कुमार निवासी गांव झलवाण के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ।

### अवैध मस्जिद निर्माण पर सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



ज्ञापन सौंपते हुए गणमान्य।

हिमाचल प्रदेश में अवैध रूप से बन रही मस्जिदों के खिलाफ सूबे के हिंदूओं में उठे गुस्से का उबाल थमने नाम नहीं ले रहा है। देवभूमि संघर्ष समिति हिमाचल के नेतृत्व में विभिन्न 22 हिंदू धार्मिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एसडीएम सुंदरनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया।

इस ज्ञापन में मुख्यमंत्री से हिमाचल प्रदेश में अवैध रुप से बन रही मस्जिदों की जांच करने और बाहर से आए एक धर्म विशेष के लोगों का बिना किसी वैध पहचान के रहना व्यवसाय तथा वक्फ कानून में संशोधन करने की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने सरकार को चेतावनी भी दी है कि सरकार द्वारा इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो हिंदू समाज आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकता है।

### बाहरी लोगों के करवाए जाएं पंजीकरण : देव भूमि संघर्ष समिति

**अनंत ज्ञान, मंडी**



डीसी अपूर्व देवगन को ज्ञापन सौंपते हुए सामूहिक चित्र में।

देव भूमि संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त अपूर्व देवगन से मिला और उनके माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को एक ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से देव भूमि संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मांग की है कि दूसरे राज्यों से आकर मुस्लिम समुदाय के लोग पहचान छुपा कर हिमाचल में बस रहे हैं, जिससे प्रदेश की शांति को खतरा बना हुआ है अत: इन लोगों का पंजीकरण किया जाए। देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्य घनश्याम और अनुपम टंडन ने आरोप लगाएं हैं कि बाहर से आकर यहां स्थाई रूप से बसने वाले मुसलमान संगठित होकर एक माफिया के रूप में कार्य कर रहे हैं।

### चार कमरों की गोशाला जलकर राख

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जायजा लेती तहसीलदार उर्मिला सुमन।

लडभड़ोल तहसील क्षेत्र के गांव चकरोड में अग्निकांड में चार कमरों की संयुक्त गोशाला जलकर राख हो गई। इस हादसे में मान सिंह, कश्मीर सिंह, दान सिंह और संजय कुमार की गोशाला में रखा सारा सामान और घास जलकर खाक हो गए।

जानकारी अनुसार, रात के समय गोशाला में आग लग गई। लोगों ने मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन गोशाला में रखी इमारती लकड़ी, घास और अन्य सामान पूरी तरह जल गए। आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही लडभड़ोल तहसीलदार उर्मिला सुमन ने राजस्व अधिकारियों और खद्दर पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

**सख्ती** | लोक निर्माण विभाग ने रुकवाया नेरचौक में निर्माणाधीन निकास नालियों का कार्य

# नियमों की अवहेलना पर नगर परिषद को नोटिस जारी

**आदर्श यादव, नेरचौक**

नेरचौक से डडोर तक राष्ट्रीय उच्च मार्ग के किनारे निर्माणाधीन निकास नाली का कार्य लोक निर्माण विभाग ने बंद करवा दिया है जिसके लिए लोक निर्माण विभाग ने नगर परिषद नेरचौक को नोटिस जारी किया है। नोटिस में लोक निर्माण विभाग ने नगर परिषद पर नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य करवाने का आरोप जड़ा है।

राष्ट्रीय उच्च मार्ग चंडीगढ़ मनाली पर नेरचौक से डडोर तक पानी की निकासी के लिए सड़क के एक किनारे लोक निर्माण विभाग ने कुछ समय पहले निकास नाली का निर्माण कर दिया है जबकि दूसरी ओर निकास नाली का निर्माण नगर परिषद नेर चौक स्वयं कर रही है। विकास नाली के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने गत वर्ष अगस्त माह में नगर परिषद को अनापत्ति प्रमाण पत्र शर्तों के साथ जारी किया था जिसमें नगर परिषद को लोक निर्माण विभाग के नियमानुसार कार्य करने की एनओसी जारी की गई थी।

वहीं बुधवार को दोनों विभागों के बीच निकास नाली के कार्य को लेकर कुछ विवाद हुआ जिससे खफा होकर लोक निर्माण विभाग ने नगर परिषद को निर्माण कार्य को तुरंत बंद करने का नोटिस जारी कर दिया।(अनंत ज्ञान)



निर्माण स्थल पर पहुंचे विभाग के अधिकारी, साथ हैं नगर परिषद के कर्मचारी।

#### नगर परिषद ने बीच से ही शुरू कर दिया कार्य

**नगर** परिषद नेर चौक ने लोक निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के उपरांत न ही डडोर से नाली का निर्माण कार्य शुरू किया और ना ही नेरचौक से बल्कि दोनों किनारों को दरकिनार कर नगर परिषद ने बीच से ही कार्य शुरू कर दिया जिससे न ही पानी बाहर जाने के लिए आउटलेट बन पाई और ना ही इनलेट का निर्माण हो पाया परिणाम परिणाम स्वरूप बारिश का पानी दोनों ओर रुका हुआ है। नगर परिषद द्वारा बीच से निर्माण कार्य शुरू करने के कारण सड़क के दोनों ओर बारिश का पानी रुका हुआ है जिसमें बदबू फैली हुई है ।

> हमने जितना टेंडर हुआ था जनहित में कार्य शुरू किया था मगर लोक निर्माण विभाग ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के बावजूद कार्य को बिना वजह रोक दिया है।
>
> **-शक्ति चंद पार्षद, नगर परिषद।**

> हमने अनापत्ति प्रमाण पत्र नेरचौक से डडोर तक फेस वाइस निर्माण कार्य करने के लिए संबंधित नगर परिषद को शर्तों के साथ जारी किया था मगर नगर परिषद द्वारा शर्तों से अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा था। चेतावनी के बावजूद नगर परिषद कोई सुनवाई नहीं कर रही थी इसलिए मजबूरन आज नगर परिषद को नोटिस जारी कर काम बंद करवाने के लिए कहा है।
>
> **-भूपेंद्र नायक, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग।**

# दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर ने अग्निकांड पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**




अग्निकांड पीड़ितों को राहत सामग्री भेजते हुए।

दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर ने बुधवार को अपना सामाजिक दायित्व को निभाते हुए अग्निकांड पीड़ितों के राहत सामग्री भेजी गई।

इस राहत सामग्री को ट्रस्ट द्वारा जिला प्रशासन और रेडक्रॉस सोसायटी मंडी के सचिव ओपी भाटिया की मौजूदगी में उपमंडल के दुर्गम क्षेत्र निहरी की ग्राम पंचायत पौड़ाकोठी के मसेरन गांव के लिए भेज दिया है।

वहीं राहत सामग्री का वितरण ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित अरुण प्रकाश द्वारा प्रभावित क्षेत्र में स्वयं जाकर वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष अरूण प्रकाश आर्य ने बताया कि इससे पूर्व भी ट्रस्ट द्वारा प्रदेश में आई विभिन्न आपदाओं में प्रभावितों की सहायता के लिए कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री में पीड़ित परिवार के लिए राशन, कपड़े, बिस्तर, बच्चों के लिए किताबें और स्टेशनरी सहित अन्य उपयोगी वस्तुओं को भेजा गया है। अरुण प्रकाश ने बताया कि अग्निकांड में पीड़ित परिवार के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में मुश्किल आने पर उन्हें ट्रस्ट के माध्यम से सहायता की जाएगी। दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर ने लोगों से अग्निकांड पीड़ितों की सहायता करने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)



# मणिमहेश यात्रा











## मणिमहेश यात्रा से कारोबारियों के खिले चेहरे

अनंत ज्ञान, भरमौर

मणिमहेश यात्रा के दौरान बड़े न्हौण के शाही स्नान में लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। वहीं इस बार मणिमहेश यात्रा के दौरान यहां के कारोबारियों की पौ बारह रही। उम्मीद से अधिक श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने पर यहां के व्यापार को काफी फायदा पहुंचा है और साथ ही यहां की ऑर्गेनिक फसलों को भी नया बाजार मिला है। सूत्रों की माने तो कृष्ण जन्माष्टमी के दौरान भरमौर में किराए पर लोगों को कमरे ही नहीं मिल पा रहे थे। बहरहाल उम्मीद से अधिक श्रद्धालुओं के आने पर इस बार यहां पर कारोबारियों के चेहरे खिले रहे हैं। इस बार हुई मणिमहेश यात्रा के दौरान कुल 8 कैजुअल्टी ही सामने आई है जो अब तक की सबसे कम है, जिसमें तीन लोगों की मौत गाड़ियों के एक्सीडेंट के जारिए हुई है। जबकि एक कैजुअल्टी यात्रा के आधिकारिक रूप से शुरू होने से पहले ही सामने आई है। लिहाजा यात्रा के आधिकारिक रूप से शुरू होने के बाद यहां पर मात्र चार कैजुअल्टी ही सामने आई है।





## न्यूज ब्रीफ

### कुलदीप सिंह पठानिया आज से जिला चंबा के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 11 सितंबर से जिला चंबा के प्रवास पर आ रहे हैं यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि



कुलदीप सिंह पठानिया 11 सितंबर को शाम 8 बजे शिमला से सिंहुता पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 12 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पर परछोड़ में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्रों की जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि होंगे तथा इसी दिन सांय 4:00 बजे भलेई माता मंदिर में आयोजित छिंज मेले में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 13 सितंबर को प्रातः 11:30 बजे विश्रामगृह डंढियारा बंगला में तथा 14 सितंबर को सिहुंता में जन समस्याएं सुनेंगे।15 सितंबर को कुलदीप सिंह पठानिया दोपहर 12:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काकीरा के नवनिर्मित साइंस ब्लॉक का उद्घाटन करने के पश्चात 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्रों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। 16 सितंबर को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सिंहुता में जन समस्याएं सुनी जाएंगी जब कि 17 सितंबर को विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12:30 बजे होबरडी खड्ड में गणेश मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 18 सितंबर को बाद दोपहर 1:00 बजे नाग मंढौर मंदिर चुवाड़ी में जातर मेले में शामिल होंगे। कुलदीप सिंह पठानिया 19 सितंबर को प्रातः 11:00 बजे सिंहुता से शिमला के लिए रवाना होंगे।

### षड्यंत्र पूर्वक विशेष मजहब के लोगों को बसाया जा रहा

**अनंत ज्ञान, पधर।** देवभूमि संघर्ष समिति पधर जिला मंडी ने प्रदेश मे दूसरे राज्यों के पहचान छुपाकर रह रहे अन्य राज्यों के मुस्लिमों के कारण बढ़ रहे आक्रोश को लेकर एक ज्ञापन उपमंडलाधिकारी पधर सुरजीत सिंह के माध्यम से प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। देव भूमि संघर्ष समिति पधर के अध्यक्ष मनोज ठाकुर की अगुवाई में विभिन्न हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि यहां सदियों से सभी समुदायों के लोग मिलजुल कर रहते आए हैं और एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं, लेकिन पिछले लगभग 2 दशकों से हिमाचल की जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) में षड्यंत्र पूर्वक परिवर्तन करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे अनेक समस्याएं, सामाजिक तनाव और झगड़े उत्पन्न हो रहे हैं। इस पर गहनता से विचार करके तुरंत उचित कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि देवभूमि के गैर कानूनी गतिविधियों में बाहरी लोगों की संलिप्तता तथा हिमाचल के मूल चरित्र में परिवर्तन करने के प्रयासों को रोक कर हिमाचल को बचाया जा सके। यह लोग सरकारी एवं निजी भूमि पर अवैध कब्जे करके मस्जिद, मदरसा एवं अन्य निर्माण कर लेते हैं। गुंडागर्दी और स्थानीय लोगों के साथ मारपीट भी यह लोग करते हैं। चोरी, नशीली दवाओं की तस्करी एवं अन्य अपराधों में भी यह लोग संलिप्त रहते हैं।

### अंडर-19 में राजगढ़ कबड्डी खिलाड़ी उपविजेता



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** अंडर-19 छात्र वर्ग की बल्ह खंड स्तरीय चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिवालसर में संपन्न हुई।जिसमें राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ की कबड्डी टीम उपविजेता रही। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्या डॉ अभिलाषा सेन, स्कूल स्टाफ व बच्चों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानाचार्य अभिलाषा सेन ने खिलाडियों को बधाई दी तथा जिला स्तर पर चयनित आर्यन, नैतिक व शुभम को जिला स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में अपना अव्वल प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल उप-प्रधानाचार्य गुरबचन सिंह, डीपीई रोशन भारती,शारीरिक शिक्षक हेमसिंह,प्रवक्ता अजय कुमार, सुभाष शर्मा तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## आज से शुरू होगा माता शिव शक्ति छतराड़ी का जातर मेला

ओपी शर्मा, भरमौर

जिला स्तरीय ऐतिहासिक माता शिव शक्ति चार दिवसीय जातर मेले का वीरवार को विधिवत रूप से आगाज हो जाएगा। इस चार दिवसीय मेले का शुभारंभ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता अमित भरमौरी करेंगे। इससे पहले बुधवार को ऐतिहासिक माता शिव शक्ति के मंदिर में स्थापित देवताओं को पवित्र जल से नहलाया गया और उन्हे नए वस्त्र पहनकर सजाया गया। इस दौरान मंदिर में लगाए गए पुराने झंडों को हटाकर उनकी जगह ने झंडे चढ़ाए गए।

वीरवार को माता शिव शक्ति की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के बाद सबसे पहले यहां पर रथ यात्रा निकाली जाएगी। ठीक इसके बाद माता के गुर अपना आशीर्वाद देकर इस मेले के संचालन की इजाजत देगे। ठीक इसके बाद यहां पर पौराणिक एवं







माता शिव शक्ति छतराड़ी के जातर मेले की फाइल फोटो।

ऐतिहासिक खप्पर बुड्ढा नृत्य का आयोजन किया जाएगा जिसे देखने के लिए देश-विदेश के अलग-अलग कोनों से यहां पर लोग आते हैं।

चार दिनों तक चलने वाले इस मेले के दौरान अलग-अलग सांस्कृतिक रात्रि कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें पहले दिन स्थानीय कलाकार अजय भरमौरी और पवन ठाकुर अपनी प्रस्तुति देंगे। रात्रि कार्यक्रम के दौरान मैहला ब्लॉक पंचायत समिति वाइस चेयरमैन सूरज शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा और अलग दिन अलग-अलग हिमाचली कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। मेले के तीसरे दिन यहां पर सबसे प्रसिद्ध आली माली डंडारस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के अलग-अलग गांव से लोग आकर यहां पर इस पारंपरिक नृत्य में भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

## पुलिस ने शराब का जखीरा किया बरामद, मामला दर्ज

मुकेश कुमार, डलहौजी

पुलिस थाना चुवाड़ी के अंतर्गत तुन्नूहट्टी में नाकाबंदी के दौरान एक महिंद्रा पिकअप जीप में शराब का जखीरा हाथ लगने का मामला प्रकाश में आया है ।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी प्रभारी बकलोह की अगुवाई में सोमवार रात को नाकाबंदी को अंजाम दिया गया था जहां आने जाने वाली गाड़ियों का शक के आधार पर निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान एक सफेद रंग की पिकअप (एचपी73-1364) जिसने नीले रंग की त्रिपाल से बॉडी को ढका हुआ था को निरीक्षण हेतु रोका गया किंतु चालक तलाशी के लिए आना कानी करने लगा।



काबू आरोपी के साथ पुलिस टीम और बरामद शराब ।

जब गाड़ी की तलाशी लेनी शुरू की तो गाड़ी में आटा, नमक की बोरियां रखी हुई थी जब उन बोरियों को हटाया गया तो नीचे शराब की कुल 75 पेटियां बरामद हुई, जिस पर पुलिस ने तुरंत जीप चालक 32 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र देवी चंद डाकघर खुंदेल तहसील में जिला चंबा को तुरंत हिरासत में लेकर हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना चुवाड़ी में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर द्वारा की गई है।( अनंत ज्ञान)

## बस के समय में बदलाव से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, डलहौजी

आज खैरी-बनीखेत हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस की समय सारणी में आंशिक बदलाव के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा ।

बताते चलें कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस रोजाना सुबह 7 बजे खैरी से रवाना होती है जो संजप, दुलारा, रंगड़ बगढार ढलोग एवं बडेरू होते हुए बनीखेत पहुंचती है जिसमें सरकारी गैर सरकारी कर्मचारी विद्यार्थी एवं बीमार लोग इसी बस का लाभ लेते हुए बनीखेत पहुंचते हैं, लेकिन आज इस बस के समय सारिणी में आंशिक बदलाव के कारण यह बस अपने तय समय से करीब एक घंटा देर से पहुंची जिससे लोगों को बनीखेत पहुंचने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बता दें इस बारे में जब हिमाचल पथ परिवहन निगम के बनीखेत कार्यालय में बात की गई



तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि निजी बस जो डोडा किश्तवाड़ रैली में जाने के कारण दोनों बसों का एक ही समय तय कर सुबह 8 बजे खैरी से बस को रवाना किया गया। यह इसलिए भी किया गया क्योंकि आज राधा अष्टमी एवं मणिमहेश पवित्र स्नान को लेकर प्रशासन द्वारा छुट्टी दी गई थी इसलिए समय सारणी में आंशिक बदलाव किया गया।

वहीं लोगों का कहना है कि किसी तरह का भी आंशिक बदलाव किया जाना हो तो एक दिन पहले ही उन्हें बता देना चाहिए ताकि वह पहले से ही इसका कोई इंतजाम करके रखें।

## सरस्वती विद्या मंदिर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सौजन्य से सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ़ में 34वी प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ सरदार वल्लभ पटेल यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में पूरे प्रांत के आठ जिलों से 400 एथलीट भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य सोमा राणा ने की जबकि मुख्य वक्ता हिमाचल शिक्षा समिति के महासचिव सुरेश कुमार कपिल विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सोहन सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## श्रद्धालुओं के लिए लगाया भंडारा



लंगर के दौरान मौजूद गणमान्य।

अनंत ज्ञान, डलहौजी

राधा अष्टमी के पावन अवसर पर आज डलहौजी के विभिन्न स्थानों पर भव्य भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें की मणिमहेश शाही स्नान पर शिव श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें आने-जाने वाले मणिमहेश यात्रियों को स्वादिष्ट पकवान परोसे गए।

पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर पठानकोट से लेकर भरमौर तक तथा भरमौर से लेकर पवित्र डाल तक जगह-जगह शिव भक्तों ने मणिमहेश यात्रियों के लिए लंगर व्यवस्था का आयोजन कर रखा है, जहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने तथा आराम करने के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर डलहौजी क्षेत्र में पंचपुला, मैगजीन, लाहड, तेलगुट, गांधी चौक डलहौजी, मुख्य बाजार बनीखेत, वैकुंठ नगर, बाथरी, देवी देहरा, गोली एवं जीरो पॉइंट पर मणिमहेश यात्रियों के लिए भव्य भंडारे आयोजित किए गए थे। जहां खाने पीने अथवा आराम की उचित व्यवस्था की गई थी।

राधा अष्टमी के पवित्र स्नान के उपरांत मणिमहेश यात्रा का समापन हो जाता है किंतु मणिमहेश से वापसी का सिलसिला चला रहता है।

## पधर आईटीआई में ड्राफ्ट्समैन मेकेनिकल सीट्स होगी सब्सिडाइज्ड

**पधर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पधर स्थित गवाली में आगामी नए सत्र से ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल ट्रेड की सभी सीट्स सब्सिडाइज रेट्स पर भरी जाएंगी। संस्थान में आयोजित आईएमसी की बैठक में सभी सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों ने यह सामूहिक निर्णय लिया। इलेक्ट्रीशियन और फिटर ट्रेड की एडिशनल यूनिट चलाने को भी मंजूरी दी। त्रैमासिक बैठक बुधवार को चेयरमैन मोहिंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

चेयरमैन मोहिंद्र शर्मा ने कहा कि बेरोजगार युवा ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल कोर्स करके मेकेनिकल डिजाइन इंजीनियर बनकर सरकारी और निजी क्षेत्र में जॉब कर अपना भविष्य संवार सकते हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य तनुज शर्मा ने कहा कि भविष्य में यह कोर्स बेहद प्रभावशाली साबित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 14 को लगाई जाएंगी राष्ट्रीय लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुल्लू श्रीमती आभा चौहान ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला के तत्वाधान में 14 सितंबर को जिला न्यायालय, कुल्लू-मनाली और बंजार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। चौहान ने अवगत करवाया कि 14 सितंबर की लोक अदालत में दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, जमीनी विवाद आदि लेन-देन के मामले लिए जाएंगे। इस अवसर पर मोटर व्हीकल की लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है। जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी के मामले लंबित हैं, वे ऐसे मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में फैसला दोनों पक्षों की रजामंदी से किया जाता है व किसी पक्ष की हार या जीत नहीं होती। उन्होंने कहा कि लोगों को लोक अदालत का भरपूर फायदा उठाना चाहिए व इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुल्लू हिमाचल प्रदेश के दूरभाष नम्बर 01902-222378 पर संपर्क किया जा सकता है।

### आरबीआई के स्थापना दिवस पर होगी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना को पूरे 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं। राजेंद्र कुमार जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक कार्यालय कुल्लू ने बताया कि इस अवसर पर बैंक द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लाखों रुपए के पुरस्कार जीतने के अवसर है। विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता के लिए 17 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि इस प्रतियोगिता का प्रथम चरण 19 से 21 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा, जबकि अगले चरणों में राज्य, जोन व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी की आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार 10 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 8 लाख और तृतीय पुरस्कार 6 लाख का होगा। उन्होंने कुल्लू जिले के सभी कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों के प्रधानाचार्यों से भी अपने-अपने विद्यार्थीयों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया है।

### बुच्छैर स्कूल में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा



प्रवक्ता योगेंद्र कुमार छात्रों को सही तरीके से हाथ धोना सिखाते हुए

**अनंत ज्ञान, आनी।** जिला कुल्लू के आनी उपमंडल के दूरस्थ गांव बुच्छैर में स्थित वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में छात्रों की उचित देखभाल व स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुच्छैर में ग्रीन स्कूल ड्राइव-डे के तहत 15 दिन तक चलने वाले यह स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बुधवार को व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान छात्रों, कर्मचारियों और अन्य को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करने के लिए ऑडियो विजुअल कार्यक्रम चलाया गया। छात्र रोजाना नाखून काटने और साफ रखने के उचित तरीके, साफ पानी से नहाना, साफ कपड़े पहनना, खुले में नहीं थूकना, जूते/चप्पल आदि पहनना (इसके अलावा सही ढंग से मास्क पहनना, हाथ नहीं मिलाना, श्वसन स्वच्छता, व्यक्तिगत वस्तुओं को दूसरों के साथ साझा नहीं करना)। छात्रों को शौचालय और पेयजल सुविधाओं का स्वच्छ तरीके से उपयोग करना सिखाया गया। छात्रों को इसे नियमित आदत बनाकर दिन में दो बार दांत साफ करने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रकाश चंद, प्रवक्ता योगिंद्र कुमार और लीला देवी, टीजीटी श्याम लाल, सुरिंदर सिंह, स्नेह लता, रीना कुमारी और उषा, ईश्वर दास और प्रदीप कुमार आदि शामिल रहे।

### 'कहानियों की कहानी' नाटक का मंचन 12 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रंगमंच के क्षेत्र में वर्षों कार्य कर रही स्थानीय संस्था एक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन अपनी नई नाट्य प्रस्तुति 'कहानियों की कहानी' का मंचन संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के सहयोग से 12 सितंबर को जमोट गांव तथा 13 सितंबर को राजकीय उच्च विद्यालय भुलंग के प्रांगण में करने जा रही है। संस्था के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि 'रंगमंच गांव-गांव, आंगन-आंगन' की अवधारणा को लोकप्रिय करने के उद्देश्य से इन मंचनों को गांवों के प्रांगणों में प्रयोगात्मक दृष्टि से किया जा रहा है। निकट भविष्य में इसी नाटक को कुल्लू घाटी के गांव-गांव में बहुत से स्थानों पर मंचित करने की योजना है ताकि 'रंगमंच गांव-गांव, आंगन-आंगन' की अवधारणा को बल मिल सके। केहर सिंह ठाकुर के अभिनय व निर्देशन में प्रस्तुत किया जाने वाला यह नाटक 'कहानियों की कहानी' हमारे मानव जीवन की कहानियों को पड़ाव दर पड़ाव दिखाता है। यह नाटक हमारे प्राचीन भारत की जीवन पद्धति की आश्रम व्यवस्था चर्चा करता है कि कैसे चार आश्रमों ब्रम्हचर्य, गृहस्त, वानप्रस्थ और वैराग्य बंटा इन्सान का जीवन कितना स्पश्ट और साधारण था। नाट्य प्रस्तुति के विभिन्न पक्षों जैसे वस्त्र परिकल्पना, सैट, प्रौपर्टीज़, आलोक तथा पार्श्व ध्वनि संचालन आदि में मीनाक्षी, रेवत राम विक्की, परमानंद, वैभव, आंचल व पायल आदि कलाकार मंच पार्ष्व में अपना अपना कार्य संभाल रहे हैं।

### दशहरा उत्सव में होगी बॉक्सिंग प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में हर बार की तरह इस बार भी बाक्सिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। बुधवार को ढालपुर में जिला बाक्सिंग एसोसिएशन की बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष किशन ठाकुर ने कहा कि बैठक में निर्णय लिया कि दशहरा उत्सव के दौरान 15 से 18 अक्तूबर तक बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिला वर्ग की राज्य स्तरीय और पुरुष वर्ग की जिला स्तर की जूनियर स्पर्धा होगी। एसोसिएशन के प्रेस सचिव विजय सूद ने कहा कि आयोजन के लिए सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर से सहयोग लिया जाएगा। किशन ठाकुर ने सूबे और जिले के बाक्सिंग खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर चित्रदेव ठाकुर, सुनील पराशर, कैप्टन चौबे राम, तारा चंद आदि मौजूद रहे।

# पतलीकूहल के खेल मैदान में गंदगी का आलम, लोग परेशान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



पतलीकूहल में स्थित पार्क में फैल रही गंदगी का दृश्य।

> मामला मेरे ध्यान में भी आया है। संबंधित डोम लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। पार्क की साफ सफाई करना जरूरी है जिसे करवा दिया जाएगा, ताकि बच्चों एवं बुजुर्गों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।
>
> -विकास शुक्ला, एसडीएम कुल्लू।

पिछले 3 महीने से पतलीकूहल में स्थित पार्क में लगे डोम का विवाद डोम हटाने के बाद खत्म तो हो गया था, मगर अब यहां एक ओर नया विवाद शुरू हो गया है। डोम हटाने के बाद जहां पार्क में गंदगी का आलम है, वहीं, आने-जाने वाले लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि यह पार्क पतलीकूहल चौक पर स्थित है। पार्क में फैल रही गंदगी लोगों को राहत की सांस मिलने की बजाय बदबूदार माहौल मिल रहा है। पतलीकूहल के बच्चे महीनों के इंतजार के बाद जब पार्क में खेलने के लिए आए तो यहां पर गंदगी देखकर सभी को घोर निराशा हुई।

कटराई व हलाण 2 पंचायत की सीमा पर होने एवं पंचायतों द्वारा क्षेत्राधिकार का रोना रोने के कारण ही इस पार्क की सफाई सहित देख-रेख कौन करेगा इसका फैसला प्रशासन को लेना है। अपने क्षेत्राधिकार का रोना-रोने वाली पंचायतों ने डोम लगाने वालों से कमाई तो कर ली है, मगर शायद अब अगली साल का इंतजार हो रहा है कि कब किस डोम वाले को डोम लगाने के लिए लीज पर देना है, क्योंकि इस पार्क की सफाई व्यवस्था सहित अन्य काम स्थानीय व्यापार मंडल व यहां की सोशल संस्थाओं के द्वारा किए जा रहे थे, मगर अब सभी अगले आदेशों का इंतजार कर रहे हैं।

हर साल 26 जनवरी और राम नवमी मेले सहित अन्य सोशल गतिविधियों के बाद स्वयंसेवी संस्थाएं यहां की साफ-सफाई का जिम्मा उठाती रही हैं। मगर इस बार चले विवाद के कारण सभी संस्थाओं ने भी किनारा कर लिया है। उपमंडलाधिकारी कुल्लू द्वारा डोम को हटाने के आदेश की पालना करने के उपरांत डोम को हटा भी दिया गया है, परंतु स्थानीय निवासी और व्यापारियों द्वारा आपत्ति जताई गई है कि डोम हटाने के बाद खेल मैदान की सफाई नहीं करवाई गई है, जिससे गंदगी और बदबू की समस्या पैदा हो गई है। स्थानीय निवासी और व्यापारी रमेश गौतम, रमन मधान, मयूर, शम्मी, प्रशांत, नीतीश, तरुण, राजीव, राम कुमार, राकेश, रमेश, शंकर ने स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ और प्रशासन से मांग की है कि खेल मैदान की तरफ भी ध्यान दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

## लाहौल-स्पीति के पंचायतीराज संस्था के 7 रिक्त पदों के लिए मतदान 29 को : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति के पंचायतीराज संस्था के 7 रिक्त हुए पदों के लिए मतदान 29 सितंबर को होगा। इन रिक्त पदों के उपचुनावों को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा-160 'क' तथा हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम 1994 के नियम 32 (4) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के विकास खंड लाहौल-स्पीति में पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव जिन पंचायत में होने हैं, उनके मतदान केंद्रों व मतगणना केंद्रों का प्रकाशन व अधिग्रहण की सूची आम जनता के ध्यानार्थ संबंधित पंचायतों में सूचनार्थ उपलब्ध करवाई है। उन्होंने बताया कि एक पद जिला परिषद सदस्य बार्ड सिस्सू व एक पद उपप्रधान डेमुल तथा वार्ड सदस्य के 5 पद गोंधला, केलोंग, जाहलमा, ढंकर, खुरिक के उपचुनाव होने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन की तिथियां 11 से 12 एवं 13 सितंबर 2024 निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की छटनी 16 सितंबर को होगी। नाम वापसी 18 सितंबर तिथि निर्धारित की गई है। ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों और उप प्रधान के लिए वोटों की गिनती मतदान की तारीख पर ग्राम पंचायत मुख्यालय में मतदान समाप्ति के तुरंत बाद की जाएगी।

30 सितंबर को खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष केलांग मुख्यालय पर सुबह 9 बजे प्रारंभ की जाएगी होगी। मतगणना के उपरांत रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। राहुल कुमार ने बताया कि इन वार्डों में कुल मतदाता 3402 हैं जिसमें 1711 पुरुष व 1691 महिला मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

उन्होंने यह भी आदेश जारी किए हैं कि आदर्श आचार संहिता अधिसूचना जारी होने के तुरंत प्रभाव से लागू की गई है जिस में ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य और उपप्रधान के चुनाव के लिए संपूर्ण ग्राम पंचायत आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत आएगी। जिला परिषद के सदस्य के चुनाव के लिए जिला परिषद का संबंधित वार्ड एमसीसी के अंतर्गत आएगा। लिहाजा इन पंचायतों में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रतिबंधित रहेगें। उन्होंने यह भी आदेश जारी किए हैं कि इस सूरत में अत्यधिक सावधानी बरतें।

## विश्व हिंदू परिषद ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बंजार**



विश्व हिंदू परिषद के सदस्य एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन सौंपते हुए।

विश्व हिंदू परिषद के द्वारा दूसरे राज्यों से आकर पहचान छुपा कर बस रहे अन्य राज्यों के मुस्लिम प्रवासियों से प्रदेश की शांति को होने वाले संभावित खतरे को लेकर उपमंडलाधिकारी नागरिक सहित उपायुक्त कुल्लू के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन पत्र भेजा गया।

इस संदर्भ में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद से विभाग मंत्री राजेंद्र प्रकाश ठाकुर ने बताया कि देवभूमि हिमाचल की पहचान एक शांतिप्रिय और सांप्रदायिक सद्भाव वाले सुंदर राज्य के तौर पर रही है। यहां सदियों से सभी समुदायों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते आए हैं, लेकिन पिछले लगभग 2 दशकों से हिमाचल की जनसंख्या में षडयंत्रपूर्वक परिवर्तन करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे अनेक समस्याएं, सामाजिक तनाव और झगड़े उत्पन्न हो रहे हैं। यहां के सीधे-साधे लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए धारा 118 जैसे नियम भी सोच समझकर बने गए हैं। इस दौरान राजेंद्र प्रकाश ठाकुर के साथ जिला मंत्री डोला राम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, दुर्गा वाहिनी जिला सह संयोजिका पूजा, कविता, गीता, ओम प्रकाश, बजरंगदल संयोजक देवेंद्र धामी, देव समाज से लालचंद व गंगे राम प्रखण्ड मंत्री वेद राम, गुशैनी प्रखण्ड अध्यक्ष मोहर सिंह पूर्व प्रधान संजय आदि मोजूद रहे।

## रिवॉल्वर दिखाकर डराने वाला आरोपी पांच दिन के रिमांड पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की पार्वती घाटी के तुलगा में होम स्टे संचालक व होम स्टे में ठहरे एक अन्य व्यक्ति को रिवॉल्वर और खुखरी दिखाकर डराने वाले आरोपी को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बुधवार को पुलिस ने उक्त आरोपी को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उक्त व्यक्ति को 5 दिन के पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने केरल के रहने वाले अब्दुल नसीफ नामक इस व्यक्ति के कब्जे से रिवॉल्वर के साथ 6 राऊंड व 43 पैलेट्स कब्जे में लिए गए हैं। इस आरोपी से पुलिस पूछताछ करके इस बात का पता लगा रही है कि यह इस तरह के हथियार लेकर क्यों आया था। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने आरोपी को रिमांड में लिए जाने की पुष्टि की है।

## लॉ मोंटेसरी विद्यालय का 29वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



ला मोंटेसरी विद्यालय का वार्षिक उत्सव रंगमंच धूमधाम से मनाया गया। इसमें विद्यालय की कुल्लू एवं कलहैली दोनों शाखाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की प्रबंधक संचालक शैक्षणिक विभाग ललिता कंवर एवं विद्यालय के शैक्षणिक निदेशक उदय कंवर ने मुख्यातिथि (जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू) सुनैना शर्मा का स्वागत किया। जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह समारोह कला, संस्कृति और उत्साह से भरा रहा, जहां विद्यार्थियों ने विभिन्न नृत्य रूपों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। जिसने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष कर कराटे की प्रस्तुति ने दर्शकों मंत्र मुग्ध कर दिया। जिसके बाद बच्चों को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया।

दोनों शाखाओं के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया और सभी उपस्थित अतिथियों एवंअपने अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न प्रस्तुतियों के उपरांत समारोह में शामिल सभी अतिथियों एवं छात्रों ने विद्यालय में आयोजित कुल्लवी धाम का लुफ्त भी उठाया।

## दुआला में गणेश चतुर्थी उत्सव की धूम



बंजार में गणेश चतुर्थी के अवसर पर उपस्थित भक्तों की टोली भजन कीर्तन में भाग लेते हुए।

**शीला कौल, बंजार**

बंजार में गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्री गणेश उत्सव कमेटी दुआला द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने भजनों से गणेश जी का गुणगान कर दरबार में हाजिरी भरी। आज बंजार के दुआला में चौथी और अंतिम भजन संध्या में उत्सव कमेटी द्वारा कुल्लू जिला के प्रसिद्ध भजन गायकों को आमंत्रित किया गया।

इस मौके पर बंजार के डीएसपी शेर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि और समाज सेवा संस्था के पदाधिकारी विजय नेगी ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। कमेटी ने अतिथियों और कलाकारों को सम्मानित किया। भजन गायक डीडी नेगी सहित लोक गायक एवं भजन गायक देविंद्र कुमार बंजार क्षेत्र से संबंधित प्रसिद्ध लोक गायक राकेश शर्मा ने भजन संध्या में आए लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। नेगी ने भजन गौरा तेरे लाडले गणेश नु पूजेगी सारी दुनिया, मेरे सांवले सलोने कन्हैया आदि भजन गाकर भक्तों को खूब नचाया। वहीं शनौर घाटी की मधुर आवाज दविंद्र कुमार ने अनेक हिंदी, पहाड़ी भजनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने शिव भोले, गणपति महाराज आदि भजन गाकर से संध्या में चार चांद लगा दिए। इसके बाद राकेश शर्मा ने म्हारे पराशरा, नच ले दे, तेरा दीदार भोले आदि भजन गाकर संध्या को यादगार बना दिया।

कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों ने उत्सव को सफल बनाने हेतु भरसक प्रयास किए, जिसमें गुलशन कुमार, सरला, छाया, सीता ठाकुर, पोशी देवी, कनु शर्मा, यज्ञ चंद, शकुंतला देवी, कमला ठाकुर, पंडित देव प्रकाश, सुरेश शर्मा, आंचल, प्रदीप गुप्ता, वंदना शर्मा ओर दिले राम ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा। (अनंत ज्ञान)

## चिराग बने पार्वती घाटी छात्र संगठन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पार्वती घाटी छात्र संगठन कुल्लू कॉलेज की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी गठित की गई है। जिसके अंतर्गत चिराग को पार्वती घाटी छात्र संगठन के अध्यक्ष पद की कमान मिली है। इसके अलावा इशु बिष्ट और इशान ठाकुर उपाध्यक्ष, सचिव उत्कर्ष शर्मा, महा सचिव आशीष ठाकुर, चेयरमैन हरीश ठाकुर कोषाध्यक्ष ईश्वर ठाकुर और कमलेश ठाकुर, संयुक्त सचिव अरीना नेगी, उप सभापति गीता, मीडिया प्रभारी गुंजन भंडारी और मान्या शर्मा, इंचार्ज प्रभारी आशीष ठाकुर, सांस्कृतिक अनुभाग ऐंजल ठाकुर और स्नेहा ठाकुर, एंजल ठाकुर सलाहकार मोनिका, स्नेहा, अलीशा,और रागिनी को बनाया गया है। संगठन के पूर्व अध्यक्ष महिम ठाकुर और पूर्व अध्यक्ष अंकित के अध्यक्षता में वोटिंग करवाई गई और चिराग़ अध्यक्ष पद पर विजयी रहे।



## राष्ट्रीय सेवा योजना व युवा संस्था ने रोपे 200 पौधे




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

राष्ट्रीय सेवा योजना व युवा संस्था जिला कुल्लू ने संयुक्त रूप से सोमवन में 200 पौधरोपण किया। यह कार्यक्रम वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना हरिपुर इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जीत राम ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना समय-समय पर सामाजिक कार्य को अंजाम देती है। इकाई ने गांव को भी गोद लिया है। अध्यक्षा शिवालिका ने बताया कि उन्होंने लगभग 200 अधिक देवदार व खनोर के पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाई है। इस कार्यक्रम मे अतिथि के तौर पर सोयल पंचायत के प्रधान अमर ठाकुर व समाजसेवी राहुल ठाकुर ने शिरकत की। प्रधान ने राष्ट्रीय सेवा योजना हरिपुर महाविद्यालय व युवा संस्था का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि हरिपुर गांव के अंतर्गत कोई भी समाजिक कार्य अगर इकाई द्वारा किया जाता है, तो पंचायत का पूर्ण सहयोग उन्हें मिलता रहेगा। वहीं युवा संस्था के जिला सचिव सौम्या रंजन ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुमित ठाकुर विशेष तौर पर मौजूद रहे। साथ ही धनेश्वरी, गौरव, कुर्म दत्त व अन्य मौजूद रहे।

# वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता और प्राथमिकता है सामाजिक सुरक्षा

**अनंत ज्ञान, आनी**

वर्तमान प्रदेश सरकार सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्राथमिकता और प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। असहाय, बेसहारा और अनाथ बच्चों के लिए योजनाएं, मातृत्व लाभ, आम आदमी को मुफ्त इलाज और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों पर सरकार तत्परता से नीति बनाकर विभिन्न वर्गों के पात्र लोगों को लाभ प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री सुक्खू की अगुवाई में प्रदेश सरकार ने विभिन्न निर्णय सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन पर लिए हैं। मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, विधवा और एकल नारियों के लिए योजनाओं सहित कल्याण विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाएं उनकी सामाजिक सुरक्षा के प्रति नीति को सपष्ट करती है। इसी कड़ी में आनी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर सरकार ने तत्परता से कार्य किया है। विधानसभा क्षेत्र में करीब डेढ़ साल में ही सरकार ने 1792 नए लाभार्थियों को जोड़ा गया है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रति माह करीब 100 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जोड़ा गया। जनवरी 2023 के पश्चात अब तक कल्याण विभाग की ओर से इन नए मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इतना ही नहीं इन नए मामलों को सामाजिक सुरक्षा में जोड़ने के पश्चात प्रति त्रैमासिक भुगतान में भी सरकार एक करोड़ रुपए से ज्यादा अतिरिक्त राशि लाभार्थियों को प्रदान कर रही है। विधानसभा क्षेत्र के दो उपमंडलों आनी और निरमंड में जनवरी 2023 तक कल्याण विभाग प्रति त्रैमासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर 6.66 करोड़ रुपए खर्च कर रहा था।

वर्तमान सरकार द्वारा नए 1792 लाभार्थी जोड़े जाने के बाद अब प्रति त्रेमासिक खर्च 7.69 करोड़ रुपए हो गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के मामलों पर त्वरित कार्रवाई कर लाभार्थी को पेंशन योजना से जोड़ने के सरकार के सक्षम दिशा-निर्देशों के कारण यह संभव हो पाया है।

वर्तमान में प्रदेश सरकार सभी पात्र महिलाओं को 1500 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान कर रही है। 70 फीसदी से ज्यादा दिव्यांग और 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 1700 रुपए पेंशन प्रति माह दी जा रही है। 60 से 69 साल तक के पुरुषों को 1 हजार रुपए प्रति माह पेंशन की सुविधा है। 40 से लेकर 69 साल तक के पुरुषों को अपंगता पेंशन के तौर पर 1150 रुपए की पेंशन का प्रावधान है। सरकार प्राथमिकता के तौर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है।

**असर** 'अनंत ज्ञान' ने प्रमुखता से उठाया था स्ट्रीट लाइट का मुद्दा

# फिर से जगमगाई अपर सुल्तानपुर की गलियां

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**






माता भुनवेश्वरी चरण स्थली के पास रात के समय जल रही स्ट्रीट लाइटें तथा (दाएं) अनंत ज्ञान समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित स्ट्रीट लाइट की खबर।

कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ लगते अपर सुल्तानपूर की गलियों में फिर से स्ट्रीट लाइट की रोशनी से यहां की गलियां फिर से रोशन हो गई हैं। गौर रहे की स्ट्रीट लाइट बंद होने के मामले में 7 सितंबर को 'अनंत ज्ञान' में इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था और खबर लिखे जाने के कई दिनों पहले तक अप्पर सुल्तानपुर की गलियों में लगे स्ट्रीट लाइट काम नहीं कर रहे थे, जिस कारण स्थानीय लोगों के साथ-साथ रानी नगर और दुर्गा नगर आने-जाने वाले लोगों को रात के समय खासी परेशानी पेश आती थी।

सुल्तानपुर से लेकर अपर सुल्तानपुर के बीच 3-4 जगहों पर स्थित स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं मिल पा रही थी, जिस कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को स्ट्रीट लाइट के बंद होने से खासी परेशानी होती थी। अपर सुल्तानपुर में स्थित बड़ा देवता के मंदिर के साथ लगते स्ट्रीट लाइट और माता भुनवेश्वरी की चरण स्थली के समीप स्थित स्ट्रीट लाइट सहित अन्य जगहों पर हमेशा ज्यादा अंधेरा बना रहता था।

सुल्तानपुर से शाम के समय में भेखली, रानी नगर और दुर्गानगर की तरफ आने-जाने वाले लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में स्ट्रीट लाइट की तेज रोशनी लोगों को बहुत राहत देती है। इस समस्या के बारे में 'अनंत ज्ञान' में खबर प्रकाशित होने के मात्र 4 दिनों के अंदर ही बाद स्ट्रीट लाइटों को ठीक कर इस समस्या का समाधान किया गया। स्ट्रीट लाइट के दोबारा काम करने से एक तरफ जहां स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है वहीं संबंधित विभाग का भी लोगों ने आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### सायर मेले में प्रदेशभर के पहलवान करेंगे शिरकत



**अर्की।** राज्य स्तरीय सायर मेला दंगल उपसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश कश्यप विशेष तौर पर मौजूद रहे। समिति के उपाध्यक्ष डीडी शर्मा ने बताया कि 17 सितंबर को महादंगल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पंजाब, हरियाणा दिल्ली समेत प्रदेशभर से नामी पहलवान दंगल में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि दंगल में तीन मालियां होंगी, जिसमें बड़ी माली के विजेता को गुर्ज के साथ 51 हजार, छोटी माली 31 हजार गुर्ज, तीसरी माली बाघल केसरी की होगी जिसमें 21 हजार की राशि गुर्ज के साथ दी जाएगी। उन्होंने बताया कि दंगल दोपहर करीब एक बजे शुरू होगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार डीपी शर्मा, पदम कौशल, राजेंद्र रावत, रंजीत पाल, डीपी गौतम, हीरा कौंडल, राजेश ठाकुर, धनीराम रघुवंशी, एसएचओ गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिलाई में भूमि कटाव रोकने के लिए किया पौधरोपण



**पांवटा साहिब।** बाजार से तहसील कार्यालय, पीडब्ल्यूडी विभाग व अन्य कई विभागों को जोड़ने वाली शिलाई गांव तक बनी पीडब्ल्यूडी सड़क पर बरसाती पानी से सड़क किनारे लगे कटाव के मलबे से सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां तक दब जाती हैं, आलम यह है कि अधिकांश जगहों पर भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। युवा संघर्ष समिति शिलाई के सदस्यों द्वारा सड़क किनारे पौधरोपण किया, ताकि भूमि कटाव को रोका जा सके। युवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष अक्षय तोमर ने बताया कि संघर्ष समिति ने कटाव व भूस्खलन को रोकने के लिए सड़क किनारे पौधरोपण किया। युवा संघर्ष समिति के सदस्यों ने पीडब्ल्यूडी के कार्य पर सवालिया निशान खड़े करते हुए बताया कि हर बरसात में एक ही प्रकार की समस्या से हो रहे नुकसान का कोई स्थायी समाधान विभाग नहीं कर पा रहा है।

### 34 भारतीय सेना के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**रिकांगपिओ।** भारत-चीन अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ लगते किन्नौर जिला में खारो नामक स्थान पर वर्ष 2005 को भारतीय सेना द्वारा सतलुज नदी पर बैली ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान अचानक ब्रिज के क्षतिग्रस्त होने से शाहिद हुए 34 भारतीय सेना के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए मार्टियर्स ब्रिज स्मारक पर माल्यार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में करीब 200 भूतपूर्व सैनिक एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया और इन वीर शहीदों को एवं वीर नारियो को नमन किया गया। इस दौरान ब्रिगेडियर आरपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना के उन वीर सैनिकों की वीरता एवं बलिदान के आगे पूरा देश नतमस्तक है। उन्होंने समारोह के दौरान मनरित सिंह को भी स्मृति चिन्ह सुपुर्द किया, जिन्होंने इस घटना के दौरान अपने पति लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप सिंह को खोया था।

### 25 ट्रॉफी दिलवाने वाले शारीरिक शिक्षक का सम्मान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** अंडर -14 और अंडर 19 ब्वॉयज एंड गर्ल्स टूर्नामेंट में 25 ट्रॉफी स्कूल को दिलवाने वाले शारीरिक शिक्षक को शहीद कमल कांत मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी व्यास मे एसएमसी द्वारा रखे गए एक विशेष सम्मान समारोह में फूल-मालाओं, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। 8 सितंबर को संपन्न हुई ओपन रगबी रुड़की स्कूल के खिलाड़ी छात्राओं ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया व 50,000 की राशि अपने नाम की। अंडर 14 गर्ल्स जिला टूर्नामेंट में स्कूल की छात्राओं ने हैंडबाल और योग में विजेता व उपविजेता, जूडो, रेसलिंग, बॉक्सिंग में 18 मेडल आरै ब्लॉक लेवल लड़के और लड़कियों वर्ग में और राउंड बेस्ट का खिताब भी अपने नाम किया। एसएमसी प्रधान मान सिंह ने बताया हमें गर्व है कि ऐसे शिक्षक का हमारे स्कूल को मिले हैं। इस सम्मान समारोह में एमसी के सभी सदस्य ने भाग लिया। इस उपलक्ष्य पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्य राजकुमार, बीना देवी, पवन, सोमी देवी, कश्मीरो देवी, सुमन, विद्या देवी, हेमराज, धर्मपाल, मुल्ख राज, स्कूल स्टाफ में रघुवीर चौहान, शशि बाला, बस्ती राम सिंगटा, मोहनलाल, राकेश कुमार, ओम प्रकाश, अदृश्य अहमद, प्राइमरी स्टाफ व सभी खिलाड़ी बच्चे उपस्थित थे।

### ठंगी गांव में 79 बुजुर्ग रोगियों की हुई जांच



**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जिला आयुष विभाग किन्नौर की ओर ग्राम पंचायत ठंगी में बुजुर्गों के लिए एकदिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग की तरफ से चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने कहा कि इस चिकित्सा शिविर में कुल 79 रोगियों की जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की गईं। उन्होंने कहा कि रोगियों के शुगर, यूरिक एसिड, बीपी, क्षार सूत्र जांच की गई। कुछ मरीजों को जनजातीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रिकांगपिओ में इलाज के लिए रेफर किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में आयुष सुविधाओं में बीते समय में काफी बढ़ोतरी हुई है, इसी कड़ी में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में क्षार सूत्र, पंचकर्म चिकित्सा से कई लोग लाभान्वित भी हुए हैं। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए ठंगी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष विभाग आयुर्वेद पद्धति को सरकार के प्रयासों द्वारा घर-घर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

### अवैध शराब के मामलों में महिला समेत दो धरे

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर पुलिस के द्वारा अवैध शराब के धंधे पर एक और बड़ा प्रहार किया है। पांवटा साहिब उपमंडल के तहत अवैध शराब के दो मामलों में पुलिस ने महिला समेत दो लोगों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अलग-अलग पुलिस थानों में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले मामले में पुलिस थाना माजरा ने आरोपी प्रदीप के कब्जे से 10 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस टीम ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर अमल में लाई है। वहीं, दूसरे अन्य मामले में पुलिस थाना पुरूवाला की टीम ने एक रिहायशी मकान से 10 लीटर अवैध शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। एएसपी अदिति सिंह ने बताया कि उन्होंने बताया कि दोनों मामलों में अंतर्गत आबकारी अधिनियम मामला दर्ज करआगामी कार्रवाई की जा रही।

### पत्रकार जितेंद्र ठाकुर को मातृ शोक

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र ठाकुर की माता सूर्यकांता ठाकुर का 85 साल की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने आज सुबह 7:30 बजे अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि रात से ही उनकी तबीयत खराब चल रही थी। बुधवार सुबह अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। उनके निधन से मीडिया जगत में शोक की लहर है। जितेंद्र के बड़े भाई धर्मेंद्र ठाकुर कुछ समय पूर्व ही लोक संपर्क विभाग से ज्वॉइंट डायरेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनकी माता के निधन से जिला मुख्यालय नाहन में कार्यरत पत्रकारों शोक व्यक्त किया है।

# बाहरी राज्यों के बिना वेरिफिकेशन के रह रहे लोग बिगाड़ रहे माहौल

## देवभूमि संघर्ष समिति ने डीसी सोलन को सौंपा ज्ञापन, कहा-अमन व भाईचारे को खतरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

बाहरी राज्यों से हिमाचल आकर यहां आकर बिना वेरिफिकेशन के रह रहे गैर हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंदूवादी संगठनों ने देवभूमि संघर्ष समिति के बैनर तले डीसी सोलन को ज्ञापन सौंपा। समिति ने आशंका जताई कि ऐसे लोगों में बांग्लादेशी और रोहिंग्या भी संभावित हो सकते हैं, जिससे प्रदेश के अमन व भाईचारे को खतरा पैदा हो गया है।

डीसी मनमोहन शर्मा को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश की पहचान एक शांतिप्रिय और सांप्रदायिक सद्भाव वाले सुंदर राज्य के तौर पर रही है। यहां सदियों से सभी समुदायों के लोग मिलजुलकर रहते आए हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं, लेकिन पिछले लगभग 2 दशकों से हिमाचल की जनसांख्यिकी में षड्यंत्र पूर्वक परिवर्तन करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे अनेक समस्याएं, सामाजिक तनाव और झगड़े उत्पन्न हो रहे हैं। यहां के सीधे-साधे लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए धारा 118 जैसे नियम भी सोच समझकर बनाए गए थे।



डीसी सोलन को ज्ञापन सौंपते देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्य।

ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले लगभग 2 दशकों के दौरान बाहरी राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग यहां लाकर बसाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सांप्रदायिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्रों सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, अमरोहा, शामली, बिजनौर और साथ लगता उत्तराखंड के तराई क्षेत्र से भी मुस्लिम समुदाय के लोग यहां आकर स्थायी रूप से बस रहे हैं।

ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल रहे समिति के अध्यक्ष गुरदीप साहनी, अविनाश शर्मा, कश्मीर सिंह कपिल, अधिवक्ता सुनील, अधिवक्ता पंकज, अधिवक्ता मनोज, देश गौतम और मुकेश शर्मा मुन्नू के अनुसार एक राज्य से दूसरे राज्य में जाकर लोगों का रहना और बसना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन षड्यंत्र पूर्वक एक मजहब विशेष के लोगों को देवभूमि में बसाए जाने से यहां की डेमोग्राफी में बड़े पैमाने पर परिवर्तन देखा जा रहा है। यह स्वाभाविक नहीं है और इसके खतरनाक परिणाम दिखाई देने लगे हैं।

बाहर से आकर यहां स्थायी रूप से बसने वाले मुसलमान संगठित होकर एक माफिया के रूप में कार्य करते हैं। उनके अवैध तौर पर तहबाजारी करने से स्थानीय व्यापारियों को नुकसान होता है और सरकार के टैक्स की चोरी होती है। इससे स्थानीय व्यापारियों में गहरी नाराजगी है।

प्रशासन से आग्रह किया गया है कि बाहरी मुसलमानों द्वारा अपराधों, नशे की बुराई, अवैध कब्जों, बहनों-बेटियों से छेड़छाड़, टैक्स की चोरी और राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे पर अंकुश लगाया जाए, जिससे सांप्रदायिक सद्भावना और भाईचारे को बनाए रखने तथा हिमाचलियों के अधिकारों का संरक्षण करने में मदद मिलेगी।

# किसान उत्पादक संगठन को 15 लाख रुपए तक का अनुदान देगा विभाग

**उपनिदेशक कृषि विभाग सोलन ने की किसानों से एफपीओ से जुड़ने की अपील**

**भावना, सोलन**

किसानों के उत्पादन, उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए, किसान उत्पादक संगठनों को कृषि विभाग की तरह से बीज पौध संरक्षण सामग्री, रासायनिक खादों, सब्जी फल विपणन हेतु लाइसेंस प्रदान करने का प्रावधान किया है। इसको लेकर कृषि विभाग सोलन में उपनिदेशक देवराज कश्यप की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला विकास प्रबंधक अशोक चौहान, तमन्ना मोदगिल, डॉ. सीमा कन्सल जिला कृषि अधिकारी, मीनू बारिया निदेशक आरएसटीआई, डॉ. जोगिंद्र एसएमएस सोलन, डॉ. सीता ठाकुर प्रधान वैज्ञानिक केवीके कंडाघाट और डीडीए कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



इसमें एफओपी और नाबार्ड की योजनाओं, कृषि विभाग की योजनाओं पर विशेष चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. राजेश ठाकुर वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट सहित डॉ. रितु सूद, डॉ. सुरेंद्र, मीनाक्षी और डॉ. शाल्वी ठाकुर उपस्थित रही। कृषि विभाग सोलन (कंडाघाट) के उपनिदेशक देवराज कश्यप ने कहा कि किसान उत्पादन संगठन किसानों को बीज, खाद, मशीनरी, मार्केट लिंकेज, ट्रेनिंग, नेटवर्किंग व वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। किसान उत्पादक संगठन कम से कम 100 व उससे अधिक सदस्यों और न्यूनतम 5 निदेशक होने चाहिएं। इनकी पंजीकरण कंपनी व सहकारी अधिनियम के तहत होता है।

सरकार एफपीओ को 15,00000/- की जमा पूंजी पर 15 लाख अनुदान मैचिंग ग्रांट के रूप में दिया जाता है। एफपीओ का मूल उद्देश्य आउटपुट व इनपुट दोनों बाजारों में किसानों की मदद करता है। कृषि उप निदेशक देवराज कश्यप ने कहा कि अभी तक 15 सक्रिय एफपीओ को लाइसेंस प्रदान कर चुके है। उन्होंने किसानों के हित में अपील है कि किसान ज्यादा से ज्यादा एफपीओ बनाएं ताकि किसानों को उनके द्वार तक सुविधाएं मिल सकें। (अनंत ज्ञान)

# घर में किरायेदार हैं तो ग्राम पंचायत दाड़लाघाट को अवश्य दें सूचना

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

ग्राम पंचायत दाड़लाघाट ने उन लोगों से आग्रह किया है कि जिन लोगों ने अपने मकान किराये पर दे रखे हैं। पंचायत प्रधान द्वारा कहा गया है कि यदि आपके घर में किरायेदार रह रहे हैं तो इसकी सूचना ग्राम पंचायत दाड़लाघाट को अवश्य दें, अन्यथा कोई अवांछित घटना घटने पर मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, क्योंकि बार- बार कहे जाने के बाद भी मकान मालिक द्वारा किरायेदारों के बारे में जानकारी नहीं दी जा रही है।

पंचायत प्रधान दाड़लाघाट बंसी राम भाटिया ने बताया कि पंचायत की बैठक में प्रस्ताव रखा गया था कि ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में जितने भी मकान मालिकों ने किराएदार रखे हुए हैं, उसकी सूची नाम और मोबाइल नंबर सहित सत्यापन हेतु ग्राम पंचायत दाड़लाघाट को एक माह के अंदर पंचायत में जमा करवाए ताकि ग्राम पंचायत दाड़लाघाट द्वारा किरायेदारों का सत्यापन किया जा सके।

उन्होंने बताया कि इसकी सूचना सार्वजनिक करके पंचायत के कार्य क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर चस्पाण की जाएगी। पंचायत प्रधान बंसी राम भाटिया ने बताया कि इसमें व्यक्ति का नाम, स्थायी पता, मोबाइल फोन नंबर,परिवार के सदस्यों के नाम व पते, पासपोर्ट साइज फोटो भी इसमें लगानी होगी।

# नालागढ़ नगर परिषद की सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनीं वंदना

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ नगर परिषद को नया अध्यक्ष मिल गया है। वंदना बंसल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। नगर परिषद के हाल में एसडीएम दिवांशु सिंगला की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सभी पार्षदों की बैठक बुलाई गई जिसमें शालिनी शर्मा व रीना शर्मा ने भाग नहीं लिया। 9 में से 7 पार्षद उपस्थित हुए।

कोरम पूरा होने पर चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। पार्षद महेश गौतम ने वंदना बंसल के नाम का प्रस्ताव रखा और पूर्व अध्यक्ष अलकी वर्मा ने उसका समर्थन किया। सभी पार्षदों ने इस पर अपनी मोहर लगाई। इससे पहले नालागढ़ नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष अलका वर्मा ने 24 अगस्त को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था, जिसे जिला उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने स्वीकृत कर लिया गया तथा 5 सितंबर को नालागढ़ नगर परिषद के



नालागढ़ नगर परिषद की नई अध्यक्ष के साथ गणमान्य।

**नालागढ़ क्षेत्र में आम जन के सहयोग से विकास कार्य कराए जाएंगे : वंदना बंसल**

अध्यक्ष के पद को खाली घोषित कर दिया गया।

नालागढ़ के एसडीएम को नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए निर्देश दिए थे, जिसके तहत बुधवार को चुनाव कराए गए। अलका वर्मा ने पिछले वर्ष 24 अगस्त को नगर परिषद का अध्यक्ष पद संभाला था। इससे पहले नालागढ़ नगर परिषद के अध्यक्ष रीना शर्मा थी परंतु दिसंबर 2022 में 6 सदस्यों ने अध्यक्ष केवल विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जिसके कारण उन्हें अध्यक्ष गंवाना पड़ा था।

इसके बाद पार्षदों में आपसी सहमति बनी थी कि एक वर्ष तक अलका वर्मा को अध्यक्ष बनाया जाएगा, उसके बाद शेष अवधि के लिए वंदना बंसल अध्यक्ष पद संभालेंगी। इस समझौते के तहत अलका वर्मा ने 24 अगस्त को एक साल पूरा होने पर अपने पद से त्यागपत्र दिया था जिसे उपायुक्त ने स्वीकार करके अध्यक्ष पद को रिक्त घोषित करके नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रक्रिया हुई। समझौते के अनुसार इस चुनाव में वंदना बंसल का अध्यक्ष बनाया गया।

इस मौके पर नालागढ़ के विधायक हरदीप बाबा ने कहा कि सभी वार्डों ने विधायक निधि से दो-दो लाख रुपए विकास कार्यों के लिए दिए जाएंगे। नप अध्यक्ष वंदना बंसल ने कहा कि उनके पूर्व के कार्यकाल में नालागढ़ बाजार में कांप्लेक्स का कार्य शुरू हुआ था, उनकी प्राथमिकता इस परियोजना को पूरा करने में रहेगी। इसके अलावा नालागढ़ क्षेत्र में आम जन के सहयोग से विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर तारा अवस्थी, सजीव शर्मा, महेश गौतम, अलका वर्मा, अमरेंद्र सिंह भिंडर, सहर शर्मा उपस्थित रहे।

# मिशन वात्सल्य का उद्देश्य स्वस्थ और खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना : यादव

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने कहा कि केंद्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य का उद्देश्य सभी बच्चों के लिए स्वस्थ और खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना और उन्हें सक्षम बनाने के लिए अवसर उपलब्ध करवाना है। अजय यादव जिला बाल कल्याण एवं संरक्षक समिति की मिशन वात्सल्य योजना के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

अजय यादव ने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत कठिन परिस्थितियों में बच्चों की समग्र देखभाल, सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों, कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों और सड़कों पर जीवनयापन करने वाले बच्चों का संरक्षण किया जाता है, ऐसे बच्चों को मिशन वात्सल्य के तहत सहायता पहुंचाई जाती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आईईसी गतिविधियों के



मिशन वात्सल्य के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी अजय यादव।

माध्यम से समुदाय स्तर पर सशक्तिकरण सुनिश्चित बनाया जाता है। इन शिविरों में किशोर न्याय अधिनियम, लड़कियों को गुड तथा बैड टच की जानकारी, बाल देखभाल संस्थानों की जानकारी तथा मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना की जानकारी दी जा रही है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने समिति के सदस्यों को निर्देश दिए कि किसी भी बच्चे की गुमशुदगी व अन्य प्रकार के मामलों को पुलिस विभाग के साथ समन्वय बनाकर सुलझाएं ताकि मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा सके। किशोर न्याय अधिनियम, 2000 की धारा 24 की उप-धारा (1) में यह प्रावधान है कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी किशोर अथवा बच्चे से भीख मंगवाता है अथवा इस उद्देश्य से रोजगार पर रखता है, तो उसे तीन वर्ष तक की सजा हो सकती हैं और उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इस सामाजिक कुरीति को सुलझाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर इस संबंध में समिति द्वारा सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्यवाहक ज़िला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) कविता गौतम ने समिति को मिशन वात्सल्य के तहत अब तक आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि बच्चों द्वारा भीख मांगना, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, बाल विवाह से संबंधित मामलों के लिए जिला में स्थापित चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के टोल फ्री नंबर 1098 पर 24×7 संपर्क किया जा सकता है।

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक बद्दी खजाना राम, उपनिदेशक उच्च शिक्षा डॉ. जेसी नेगी, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा शिव कुमार, जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंह नेगी, बाल विकास परियोजना अधिकारी कंडाघाट आभा पंवर, बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मपुर रक्षा शर्मा, बाल विकास समिति सोलन के अध्यक्ष कमल वर्मा, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य विजय लाम्बा सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



सोलन। नगर निगम सोलन के उप-निर्वाचन के दृष्टिगत आज निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन के आदेशों की अनुपालना में नगर निगम सोलन में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया है। यह निरीक्षण इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की स्थिति जांचने के लिए किया गया। यह जानकारी नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम सोलन प्रियंका चंद्रा ने दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस समिति सोलन के महासचिव शिव दत्त ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी सोलन मंडल के उपाध्यक्ष चन्द्रकांत शर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

# नाहन में गुटखा खाकर थूका तो भरना पड़ेगा जुर्माना, पुलिस ने लोगों को सिखाया सबक

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन में प्रतिबंधों के बावजूद गुटखा, जर्दा और तंबाकू खुलेआम बिक रहा है। गुटखा खाकर थूकने वालों के थूक से एक ओर जहां स्वच्छता अभियान पर ग्रहण लग रहा है तो वहीं संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। लिहाजा सार्वजनिक स्थलों पर गुटखा खाकर थूकने वाले गैर सामाजिक लोगों को नाहन ट्रैफिक इंचार्ज सहायक उपनिरीक्षक विजय कुमार ने नसीहत का पाठ पढ़ाया। उप निरीक्षक ने बस स्टैंड से लेकर पक्का जोहड़, गुन्नू घाट और चौगान चौवन के सार्वजनिक स्थलों पर ट्रैफिक टीम के साथ जागरूकता अभियान चलाया। उपनिरीक्षक विजय ने लोगों को कहा कि इससे न केवल पर्यावरण दूषित होता है बल्कि थूक से संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है।



गुटखा खाकर थूकने के खिलाफ लोगों को जागरूक करती पुलिस।

यही नहीं शहर की सुंदरता पर भी लाल धब्बों का ग्रहण लगता है। उन्होंने गुटका खाने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई तबांखू खाकर थूकता हुआ पाया गया तो उससे न केवल वहां की सफाई बल्कि उस पर पांच हजार से भी अधिक का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान किया जाना भी कानूनन अपराध माना गया है।

सहायक उप निरीक्षक विजय ने लोगों को यह भी बताया कि शहर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों में थूकने वालों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। वहीं सड़क सुरक्षा क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने ट्रैफिक पुलिस की इस पहल की जमकर प्रशंसा की।

गुटखा खाकर थूकने के खिलाफ चलाए गए जागरूकता अभियान में एचएससी विक्रम, एचएससी हेमराज, एचएचजी नरेश कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

**सम्मान** एचआईवी और एड्स के बारे में युवा वर्ग को जागरूक होना जरूरी : डॉ. अजय पाठक

# मैराथन के विजेताओं को बांटे नकद पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डा. अजय पाठक ने कहा है कि एचआईवी और एड्स की रोकथाम के लिए युवा वर्ग का जागरूक होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि युवा वर्ग जागरूक होगा तो एचआईवी और एड्स पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि युवाओं की इस मैराथन का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह मैराथन चौगान मैदान से आरंभ होकर नया बाजार होते हुए विला राउंड होकर चौगान में समाप्त हुई। इस मैराथन में सिरमौर जिले के विभिन्न रेड रिबन क्लब के सदस्यों के अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व डा. अजय पाठक ने मैराथन को हरी झंडी



मैराथन विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक।

दिखाकर रवाना किया। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि किसी सूरत में असुरक्षित यौन संबंध नहीं करना चाहिए। इसी प्रकार आजकल की युवा पीढ़ी में ड्रग्स आदि का प्रचलन बढ़ गया है, इससे भी बचना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग और एडस कंट्रोल सोसायटी द्वारा आयोजित मैराथन एवं जागरूकता कार्यक्रम में आईटीआई बोगधार के शुभम प्रथम, राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह के मनोज कुमार द्वितीय तथा आईटीआई नाहन के ओम प्रकाश तीसरे स्थान पर रहे। प्रथम विजेता को 2500 रुपए, द्वितीय विजेता को 2000 रुपए तथा तृतीय विजेता को 1500 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय भरली के विशाल और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान पांवटा साहिब के राहुल राणा को सांत्वना पुरस्कार मिला।

लड़कियों की मैराथन में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान पांवटा साहिब की कामिनी ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय रेणुकाजी की अंजना ने द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय रेणुका जी की श्वेता ठाकुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह की शिवानी चौहान और राजकीय महाविद्यालय भरली की भूमिका ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किए।

सिरमौर जिले की एड्स कंट्रोल कार्यक्रम की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वीना संगल ने एचआईवी और एड्स की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान में अपना सहयोग देने के लिए युवाओं से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रेड रिबन क्लब इस दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस आयोजन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का आभार जताया।

# विभिन्न मतदान केंद्रों की सूची का किया प्रकाशन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना की अनुपालना में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के उपनिर्वाचन के लिए जिले के विकास खंड नालागढ़, कंडाघाट तथा कुनिहार के मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित की गई है।

पंचायतीराज संस्थाओं के उपनिर्वाचन के लिए विकास खंड नालागढ़ की ग्राम पंचायत बधोखरी के वार्ड नंबर 04, बधोखरी के लिए राजकीय उच्च विद्यालय बधोखरी को मतदान केंद्र बनाया गया है।

विकास खंड कुनिहार की ग्राम पंचायत बनोह खरड़हट्टी के वार्ड नं. 7, ज्यावला के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला खरड़हट्टी तथा ग्राम पंचायत पट्टा के वार्ड नं. 4, काथला के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला पंजल को मतदान केंद्र बनाया गया है। विकास खंड कंडाघाट की ग्राम पंचायत मही के वार्ड नं. 5, हाथों के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला पलहेच को मतदान केंद्र बनाया गया है।

## आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**रिकांगपिओ।** अधिशाषी अभियंता (विद्युत) टाशी नेगी ने बताया कि 22 के.वी पोवारी फीडर की लाईन में मरम्मत कार्य के चलते पोवारी, तालम्पी, एचआरटीसी वर्कशॉप व आसपास के ईलाके में 12 सितंबर को प्रात: 9 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि यदि खराब मौसम के कारण कार्य पूर्ण नहीं होता है तो अगले दिन भी विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की असुविधा के चलते जनसाधारण से सहयोग की अपील की है।

# चंडीगढ़ के सेक्टर-10 में बम अटैक आधा किमी तक गूंजी आवाज

**एजेंसी, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के सेक्टर-10 में बम अटैक हुआ है। यहां कोठी नंबर-575 में बम ब्लास्ट हुआ है। शहर के सबसे पॉश एरिया में इस घटना के बाद पुलिस सहित अन्य एजेंसियों के हाथ-पांव फूल गए हैं। घटना की सचूना मिलते ही पुलिस सहित क्राइम ब्रांच और अन्य कई जांच टीमें मौके पर पहुंची हैं।

वहीं, चंडीगढ़ पुलिस विभाग के महानिदेशक सुरेंद्र सिंह यादव, आईजी राजकुमार, एसएसपी कंवरदीप कौर, एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा ले रहे हैं। इसके अलावा बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड टीम के अलावा फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है।

अभी तक मिली जानकारी के अनुसार एक ऑटो में तीन युवक आए थे, जो कोठी में हैंड ग्रेनेड फेंक कर फरार हो गए। आरोपी जिस ऑटो से आए थे, उसी में सवार होकर भागे हैं। आरोपियों के भागते हुए का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। हैंड ग्रेनेड के फेंकते ही घर में बम ब्लास्ट हुआ। धमाके से घर की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

सेक्टर-10 शहर का सबसे पॉश एरिया है। बताया जा रहा है कि शाम लगभग 6:45 बजे कोठी नंबर-575 में धमाके की तेज आवाज आई। धमाके की गूंज आधा किलोमीटर से भी ज्यादा एरिया तक सुनाई दी। इस घटना में अभी तक किसी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। वहीं, घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।



**बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड टीम के अलावा फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर मौजूद**

# सारंगपुर में पुनर्निर्मित सामुदायिक केंद्र का मेयर ने किया उद्घाटन



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार ने सारंगपुर में पुनर्निर्मित सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्र पार्षद, अन्य पार्षद, एमसी चंडीगढ़ के अधिकारी और क्षेत्र के अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे।

मेयर ने कहा कि इस सामुदायिक केंद्र की कार्यक्षमता और सौंदर्य अपील को बढ़ाने के लिए कुल रुपए के खर्च पर व्यापक नवीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सामुदायिक केंद्र को चंडीगढ़ प्रशासन ने वर्ष 2019 में एमसी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 13 गांवों के विलय के दौरान नगर निगम को सौंप दिया था। उस समय, सामुदायिक केंद्र खराब स्थिति में था और बुनियादी सुविधाओं का अभाव था।

उन्होंने कहा कि व्यापक नवीनीकरण ने इन मुद्दों को संबोधित किया है, जिसमें नई फॉल्स सीलिंग, खिड़कियों और दरवाजों को मजबूत ग्लास से अपग्रेड करना, दीवार पर टाइल लगाना और पर्दे, ऐक्रेलिक पेंटिंग, चारदीवारी की रेलिंग, शौचालय ब्लॉकों का नवीनीकरण, वायरिंग के साथ-साथ अन्य विद्युत कार्य और प्लास्टरिंग कार्य शामिल हैं।

चारदीवारी के आसपास एक नई खुली रसोई का निर्माण किया गया है, जिससे चल रहे आयोजनों में खलल डाले बिना इसका उपयोग किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# खेल सलाहकार परिषद की 12वीं बैठक आयोजित



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

प्रशासक की खेल सलाहकार परिषद की उप-समिति की 12वीं बैठक संजय टंडन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में शहर के विभिन्न खेल संघों के अध्यक्ष/सचिव को भी आमंत्रित किया गया था।

प्रारंभ में, समिति के निदेशक खेल सह सदस्य सचिव ने पिछले एक वर्ष के दौरान खेल विभाग द्वारा की गई प्रमुख पहलों की जानकारी दी, जिसमें पहली खेल नीति का शुभारंभ, सेक्टर 7 में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का उद्घाटन और 311 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार का वितरण शामिल है और 29 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पदक विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने नीति के कई प्रगतिशील उपायों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें खिलाड़ियों के लिए छात्रवृत्ति बजट में पर्याप्त वृद्धि, रुपये का उदार नकद पुरस्कार शामिल है। (अनंत ज्ञान)

# राज्यपाल ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को प्रदान किए खेल किट

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया 'जल्द खेल' कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जो कि एक अनूठा खेल किट वितरण अभियान है, जिसका आयोजन गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-18, चंडीगढ़ में कम्पीटेंट फाउंडेशन द्वारा किया गया है।

कटारिया ने स्कूल के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को खेल किट प्रदान किए। संजय टंडन के नेतृत्व में कम्पीटेंट फाउंडेशन ने स्कूली शिक्षा पर चल रहे अभियान के साथ-साथ स्कूल स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने की पहल की है।

इस अवसर पर, कम्पीटेंट फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए, यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक ने कहा कि यह पहल निश्चित रूप से स्कूली बच्चों की खेल प्रतिभा को सामने लाने के लिए उपयोगी होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी समर्थन के साथ-साथ, आम जनता और कॉरपोरेट्स को प्रतिभाशाली बच्चों का समर्थन करना चाहिए जिसके लिए कंपेटेंट फाउंडेशन ने आज एक उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित किया है।

कटारिया ने सामाजिक क्षेत्र में स्वर्गीय बलरामजी टंडन के योगदान को याद किया और कहा कि मानवता और समाज के लिए कुछ करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस बार भारत ने पैरालंपिक-2024 में 29 पदक जीते हैं, जिनमें से 7 स्वर्ण पदक हैं, इसलिए किसी भी जरूरतमंद खेल प्रतिभा को चमकने में मदद करना हमारा कर्तव्य है, न कि किसी भी तरह का दान। (अनंत ज्ञान)




## कटारिया ने बर्ड पार्क का किया दौरा



गुलाब चंद कटारिया, पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक ने अपनी पत्नी अनीता कटारिया के साथ चंडीगढ़ के सेक्टर-1 में बर्ड पार्क का दौरा किया। मुख्य वन संरक्षक टीसी नौटियाल ने उन्हें राशि वन, नवग्रह वन और नक्षत्र वन सहित पक्षी उद्यान के विभिन्न खंडों का विवरण समझाया।

## न्यूज ब्रीफ

### गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उपायुक्त विनय प्रताप सिंह ने आज एसडीएम और संयुक्त आयुक्त एमसी को चंडीगढ़ में 79 गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों का निरीक्षण करने और इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बिल्डिंग नियमों और अग्नि सुरक्षा अधिनियम के अनुसार उन पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। डीसी ने एसडीएम और संयुक्त आयुक्त एमसी को 3 सप्ताह में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों पर कार्रवाई के लिए डीसी कार्यालय और एमसी के साथ 79 स्कूलों की सूची साझा की थी। शिक्षा विभाग ने सूचित किया है कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि यदि उनके वर्तमान गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल बंद हो जाते हैं तो इन गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को निकटतम संभावित स्कूलों में शिक्षा का उचित अवसर दिया जाए।

### चिकित्सकों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा

**होशियारपुर।** पंजाब के सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को मंगलवार को दिक्कत हुई क्योंकि चिकित्सकों ने सुनिश्चित करियर प्रगति योजना को बहाल करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर दूसरे दिन भी तीन घंटे के लिए ओपीडी सेवाएं निलंबित कर दीं। आपातकालीन और मातृ सेवाएं जारी रहीं, जबकि बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाएं सुबह 8 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक निलंबित रहीं।पंजाब सिविल मेडिकल सर्विसेज (पीसीएमएस) एसोसिएशन के बैनर तले जारी विरोध प्रदर्शन 11 सितंबर तक जिला और उप-मंडल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जारी रहेगा। पीसीएमएस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अखिल सरीन ने कहा कि हड़ताल के बारे में अनभिज्ञ मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा और इससे अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ गई। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपनी मांगों के बारे में लोगों को पैम्फलेट, बैनर और भाषणों के माध्यम से सूचित करते हैं।

### सीआरएम मशीन को लेकर मंजूरी पत्र जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने किसानों को पराली के प्रबंधन में मदद के लिए 11,052 फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीन खरीदने को लेकर मंजूरी पत्र जारी किए हैं। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने यह जानकारी दी। खुड्डियां ने यह भी कहा कि राज्य में अब तक किसानों द्वारा 5,534 सीआरएम मशीन खरीदी जा चुकी हैं। इनमें से 4,640 मशीन किसानों द्वारा निजी रूप से, 745 पंजीकृत किसान समूहों द्वारा, 119 सहकारी समितियों द्वारा और 30 किसान उत्पादक संगठनों द्वारा खरीदी गई हैं। उन्होंने कहा कि सीआरएम मशीन में सबसे ज्यादा सुपर सीडर मशीन की मांग है। इस उपकरण के लिए 4,945 स्वीकृति पत्र जारी किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि विभाग को खरीफ सीजन 2024-25 के दौरान विभिन्न फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनरी के लिए सब्सिडी मांगने वाले किसानों, सहकारी समितियों और पंचायतों से 21,830 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार ने 500 करोड़ रुपए की कार्ययोजना तैयार की है। मंत्री ने जुलाई में कहा था कि धान की कटाई के मौसम 2024-25 के दौरान किसानों को सब्सिडी पर सीआरएम मशीन उपलब्ध कराई जाएंगी। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अक्तूबर और नवंबर में वायु प्रदूषण के स्तर में खतरनाक वृद्धि के पीछे पंजाब और हरियाणा में पराली जलाए जाने को एक कारण माना जाता है।

### इंजीनियर रशीद अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से बाहर आए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की अदालत से आतंकवाद के वित्त-पोषण मामले में अंतरिम ज़मानत मिलने के एक दिन बाद बारामूला से सांसद इंजीनियर रशीद बुधवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। वह जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के लिए प्रचार में भाग लेंगे। जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह अपने लोगों के लिए लड़ते रहेंगे। शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद को 2017 के आतंकवाद का वित्तपोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गिरफ्तार किया था। वह 2019 से जेल में थे। वह तिहाड़ जेल में बंद थे। एक वरिष्ठ जेल अधिकारी ने बताया, 'रशीद को शाम 4.15 बजे जेल से रिहा कर दिया गया। इंजीनियर रशीद ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर 2024 के लोकसभा चुनाव में बारामूला सीट से जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को हराया था। सांसद ने तिहाड़ के बाहर पत्रकारों से कहा, 'मैं साढ़े पांच साल जेल में रहा। मैं अपने लोगों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं लोगों को एकजुट करने के लिए वापस आ रहा हूं, न कि उन्हें बांटने के लिए।'



### मुंबई में अढ़ाई करोड़ की 'प्रकृति' पेंटिंग चोरी



**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के एक गोदाम से प्रसिद्ध कलाकार सैयद हैदर रजा की अढ़ाई करोड़ रुपए से अधिक कीमत की एक पेंटिंग कथित तौर पर चोरी हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रसिद्ध चित्रकार की ओर से 1992 में बनाई गई 'प्रकृति' नाम की पेंटिंग अस्तगुरु ऑक्शन हाउस प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम से चोरी हो गई। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। अपने करियर का अधिकतर समय फ्रांस में बिताने वाले रजा का 2016 में 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।

### वियतनाम में मरने वालों की संख्या 141 पहुंची

**हनोई।** चक्रवात 'यागी' के कारण वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ में 16 लोगों की मौत हो गई और इसी के साथ चक्रवात से जुड़ी घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 141 हो गई, जबकि बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। लाओ काई प्रांत में मंगलवार को पहाड़ से बहते बाढ़ के पानी से लैंग नू गांव तबाह हो गया। इस गांव में 35 परिवार रहते थे। बचावकर्मियों ने 16 शव बरामद किए हैं और करीब 40 लोगों की तलाश जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 141 हो गई है जबकि 69 लोग लापता हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

### सेनेगल में नाव डूबने से 26 लोगों की मौत

**डाकार।** पश्चिमी सेनेगल में एक नाव के डूबने से मरने वालों की संख्या 26 हो गई है। नौसेना ने 17 और शव बरामद किए। यह त्रासदी पश्चिमी सेनेगल के तटीय शहर एमबौर के पास हुई। नौसेना ने कहा कि नौसेना को 8 सितंबर को इस त्रासदी के बारे में जानकारी प्राप्त हुई और उसी दिन उसने तीन नौसैनिक इकाइयों और एक समुद्री गश्ती विमान को शामिल करते हुए एक खोज अभियान शुरू किया। इससे पहले नौ शव बरामद किए गए थे। नौसेना ने कहा कि खोज जारी है।

### इसराइली हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 3 की मौत

**तेहरान।** ईरान के रफाह क्षेत्र में इसराइली हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। मीडिया के अनुसार, चार लोगों की हालत गंभीर है।

### भाजपा सदस्यता अभियान से जुड़े 2 करोड़ लोग

**नई दिल्ली।** भाजपा ने देशभर में मेगा सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी का पहला सदस्य बनकर इस सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी। इस सदस्यता अभियान से अब तक दो करोड़ लोग जुड़ चुके हैं। इसके बाद 9 राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों ने इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक राज्यों की समीक्षा बैठक बीजेपी मुख्यालय में जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के साथ हुई। राज्यों को यह टारगेट दिया गया है कि जितने वोट मिले हैं, उनके 75 से 80 प्रतिशत तक सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा किया जाए।

### राशिद की याचिका पर पांच अक्तूबर को सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में लोकसभा सदस्य इंजीनियर राशीद की नियमित जमानत याचिका पर पांच अक्तूबर को फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर राशीद को मंगलवार को अंतरिम जमानत प्रदान की। न्यायाधीश ने उनकी नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला टाल दिया।

### मोदी पर टिप्पणी करने वाले मालदीव के 2 मंत्रियों का इस्तीफा

**माले।** मालदीव के चीन परस्त राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार ने बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले दो मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। मोहम्मद मुइज्जू ने इसी साल जनवरी में पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने वाले अपने तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया था। मंत्रियों के इस्तीफे की जानकारी ऐसे समय में आई है, जब बीजिंग के पाले में जाकर बैठे मुइज्जू एक बार फिर से नई दिल्ली के साथ रिश्तों को बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## देश-विदेश

# जजपा-असपा गठबंधन ने जारी की 18 प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट

**एजेंसी, हरियाणा**

**जननायक** जनता पार्टी (जजपा)-आजाद समाज पार्टी (असपा) गठबंधन ने पांच अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 18 और उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची बुधवार को जारी की। दोनों दलों ने रानिया विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का समर्थन करने का भी फैसला किया है, जिन्होंने हाल में टिकट न मिलने के बाद भाजपा से इस्तीफा दे दिया था।

### भूपेंद्र हुड्डा ने भरा नामांकन



**हरियाणा** में 5 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

### आम आदमी पार्टी ने 21 और उम्मीदवार मैदान में उतारे

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की सूची बुधवार को जारी की, जिसमें जुलाना से कविता दलाल को कांग्रेस की विनेश फोगट और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के योगेश बैरागी के खिलाफ मैदान में उतारा गया है। पांच अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की यह चौथी सूची है।

### कनाडा ने इसराइल के लिए 30 हथियार बिक्री परमिट निलंबित किए

**ओटावा।** कनाडा ने इसराइल को हथियार बिक्री के लिए लगभग 30 मौजूदा परमिट निलंबित कर दिए हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री मेलानी जोली ने मंगलवार को कहा कि ओटावा की नीति के अनुसार कनाडा निर्मित हथियारों और उनके कलपुर्जों का उपयोग गाजा पट्टी में नहीं किया जा सकता है। चाहे हथियारों को इसराइल में किसी भी तरह भेजा जाए। जनवरी में ओटावा ने इसराइल के लिए नए हथियार परमिट को मंजूरी देना बंद कर दिया था, हालांकि पिछले महीनों में स्वीकृत परमिट अभी भी सक्रिय थे।

# देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल की बन गई आदत: शाह



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी बातें करने व देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होने की आदत बन गई है। उन्होंने देश की सुरक्षा को हमेशा खतरे में डाला है।

शाह ने आरक्षण संबंधी टिप्पणी के लिए भी राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि जब तक उनकी पार्टी है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। राहुल अभी अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी और वर्जीनिया के उपनगर हर्नडॉन सहित कई अन्य स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित किया और भारत में लोकतंत्र तथा चुनाव सहित कई मुद्दों पर अपना पक्ष रखा। भाजपा के नेता उनकी टिप्पणियों को भारत विरोधी बता रहे हैं और उन पर पिछले कुछ दिनों से हमले कर रहे हैं। राहुल ने मंगलवार को वाशिंगटन में 'नेशनल प्रेस क्लब' में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया है, लेकिन अब लोकतंत्र फिर से पटरी पर लौट रहा है। शाह ने कहा कि चाहे जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है।

### राष्ट्रपति ने नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से किया सम्मानित



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। यह पुरस्कार नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों को सराहनीय सेवाओं के लिए मान्यता के रूप में दिया जाता है।

### बहराइच में भेड़िए के हमले से 2 बच्चे घायल

**बहराइच (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के मैकूपूरवा गांव में 11 साल की बच्ची व भवानीपुर गांव में 10 साल की बच्चे पर भेड़िए ने हमला किया। घायल दोनों बच्चियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ग्रामीणों का दावा है कि हमले भेड़ियों ने किए, लेकिन सरकारी चिकित्सकों को संदेह है किसी अन्य जानवर के काटने से घायल हुई हैं।

### खनिजों पर रॉयल्ट बकाया की वसूली को लेकर राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को सहमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को झारखंड जैसे खनिज समृद्ध राज्यों की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए एक पीठ गठित करने पर सहमति जताई। अदालत ने कहा कि याचिकाओं में केंद्र और खनन कंपनियों से हजारों करोड़ रुपए मूल्य के खनिज अधिकारों और खनिज युक्त भूमि पर रॉयल्टी और कर बकाया वसूलने की मांग की गई है, इसलिए याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए एक पीठ गठित की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ ने 25 जुलाई को 8:1 के बहुमत वाले फैसले में कहा था कि खनिज अधिकारों पर कर लगाने की विधायी शक्ति राज्यों के पास है, संसद में नहीं।

# सेंसेक्स 398 और निफ्टी में 122 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में 11 सितंबर को गिरावट रही। सेंसेक्स 398 अंक की गिरावट के साथ 81,523 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 122 अंक की गिरावट रही, ये 24,918 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 में गिरावट और 16 में तेजी रही। निफ्टी एफएमसीजी छोड़कर सभी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली रही। टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस और एसबीआई ने बाजार को नीचे खींचा। बाजार को गिराने में सबसे ज्यादा टाटा मोटर्स के 108.70 प्वॉइंट का कॉन्ट्रिब्यूशन है, जबकि एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.49 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.40 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.73 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.82 प्रतिशत गिरा।



**पटना गांधी मैदान विस्फोट केस**

### 4 दोषियों की मौत की सजा उम्रकैद में बदली

**पटना।** वर्ष 2013 में पटना के गांधी मैदान में हुए विस्फोट प्रकरण में पटना हाईकोर्ट ने बुधवार को चार दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। चारों दोषियों (हैदर अली, मोजिबुल्लाह, नोमान और इम्तियाज) को पहले सिविल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने उनकी सजा कुछ कम कर दी है। उन चारों के साथ दोषी पाए गए उमर और अजहरुद्दीन को निचली अदालत से आजीवन कारावास की सजा हुई थी। हाईकोर्ट ने उसे बरकरार रखा है। उल्लेखनीय है कि निचली अदालत ने इस घटना को 'रेयर ऑफ द रेयरेस्ट' बताया था।



# इसराइल की जबालिया शहर में एयर स्ट्राइक; नौ की मौत, कई घायल

**एजेंसी, गाजा**

इसराइल ने गाजा पट्टी के जबालिया शहर में एयर स्ट्राइक की। इस हमले में नौ फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। फिलिस्तीनी सूत्रों के मुताबिक, इसराइल ने उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया शहर में अल-कुद्स ओपन यूनिवर्सिटी के डॉ. अकरम के घर को निशाना बनाया। हमले के समय घर में कई लोग मौजूद थे, जिनमें तीन बच्चे और दो महिलाएं शामिल थीं। इस हमले में कुल नौ लोगों की मौत हो गई। हमले के बाद पास के पड़ोसी घर भी प्रभावित हुए, जिसमें कई लोग घायल हो गए।



फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि इस हमले के परिणामस्वरूप कई मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं। सिविल डिफेंस की टीम बचाव कार्य में जुटी है और लापता लोगों की तलाश कर रही है। मृतकों और घायलों को उत्तरी गाजा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, इसराइल ने इस हमले पर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

# पीटी उषा ने केवल फोटो खिंचवाई पर्याप्त समर्थन नहीं किया : विनेश

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत की दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा पर पेरिस ओलंपिक-2024 में उनकी दुखद यात्रा के दौरान पर्याप्त समर्थन नहीं देने का आरोप लगाया है। विनेश ओलंपिक खेलों में कुश्ती के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

हालांकि, उनकी इस यात्रा का दुखद समापन हुआ, क्योंकि उनका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया था और फाइनल से ठीक पहले उन्हें डिसक्वालिफाई कर दिया गया था। इस तरह अपने आखिरी ओलंपिक में उनके पदक जीतने का सपना टूट गया। हालांकि, इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा रहा, लेकिन विनेश ने भारतीय ओलंपिक संघ पर उनकी कठिन यात्रा के दौरान उनका समर्थन नहीं करने का आरोप लगाया है। विनेश ने पीटी उषा पर उनके साथ सिर्फ तस्वीरें क्लिक करने और कोई मदद नहीं करने का आरोप लगाया है।

विनेश ने मीडिया के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे नहीं पता कि मुझे वहां क्या समर्थन मिला। पीटी उषा मैडम ने अस्पताल में मुझसे मुलाकात की। एक फोटो क्लिक की गई थी। जैसा कि आपने कहा, राजनीति में बंद दरवाजों के पीछे बहुत कुछ होता है। इसी तरह वहां (पेरिस में) भी राजनीति हुई। इसलिए मेरा दिल टूट गया था। वरना काफी लोग कह रहे हैं कि कुश्ती मत छोड़ो। मुझे क्यों इसे जारी रखना चाहिए! हर जगह राजनीति है।'

नीलसन द्वारा आईसीसी के लिए किए गए आर्थिक प्रभाव आकलन में किया दावा

# वनडे विश्व कप-2023 से भारत को हुआ 1.39 अरब डॉलर का लाभ

एजेंसी, दुबई


फाइल फोटो

आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2023 में हुए वनडे विश्व कप से 1.39 अरब डॉलर का 'आर्थिक प्रभाव' पैदा हुआ, जिसमें सबसे अधिक लाभ पर्यटन क्षेत्र को हुआ। नीलसन द्वारा आईसीसी के लिए किए गए आर्थिक प्रभाव आकलन में दावा किया गया है कि पिछले साल अक्तूबर-नवंबर में आयोजित यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अब तक का सबसे बड़ा वनडे विश्व कप था।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ अलार्डिस ने कहा, ''आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप-2023 ने क्रिकेट की महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन किया है, जिससे भारत को 1.39 अरब डॉलर (11,637 करोड़ रुपये) का आर्थिक लाभ हुआ है।'' ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट के फाइनल में भारत के विजयी अभियान पर विराम लगाते हुए रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। आईसीसी के बयान में कहा गया है, ''मेजबान शहरों में पर्यटन के क्षेत्र में 86 करोड़ 14 लाख डॉलर का राजस्व सृजन हुआ, जिसमें आवास, यात्रा, परिवहन और खाद्य एवं पेय पदार्थ शामिल हैं क्योंकि मैचों के लिए बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटक पहुंचे।''

आईसीसी ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि रिपोर्ट में जिन आंकड़ों का जिक्र किया गया वह वास्तविक राजस्व है या नहीं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि वनडे विश्व कप को रिकॉर्ड 12 लाख 50 हजार दर्शकों ने स्टेडियम में देखा और इनमें से लगभग 75 प्रतिशत लोग पहली बार आईसीसी का 50 ओवर का मुकाबला देखने पहुंचे।

बयान में कहा गया, ''अंतरराष्ट्रीय यात्रियों ने अपने प्रवास के दौरान कई पर्यटन स्थलों का दौरा किया जिससे 28 करोड़ 12 लाख डॉलर का आर्थिक प्रभाव पड़ा और लगभग 68 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे भविष्य में अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को पर्यटन स्थल के रूप में भारत की सिफारिश करेंगे, जिससे भारत की वैश्विक छवि और बेहतर होगी।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### चहल को काउंटी क्रिकेट में पांच विकेट



**नॉर्थम्पटन।** भारत के अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप के डिवीजन-2 मैच में डर्बीशर के खिलाफ नॉर्थम्पटनशर के लिए 45 रन देकर 5 विकेट लिए। भारत के सीमित ओवर प्रारूप के विशेषज्ञ गेंदबाज ने इस दौरान प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 100 विकेट पूरे किए। चहल ने तीसरी बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 5 विकेट चटकाए हैं। चहल के लिए काउंटी क्रिकेट का यह सत्र शानदार रहा है। इस लेग स्पिनर ने पिछले महीने वन डे कप में केंट के खिलाफ 14 रन देकर पांच विकेट लिए थे। नॉर्थम्पटनशर ने मौजूदा मैच की पहली पारी में 219 रन बनाने के बाद चहल और रॉब केओघ (65 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से डर्बीशर को 61.3 ओवर में 165 रन पर आउट कर दिया।

### ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी निलंबित

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के हॉकी खिलाड़ी टॉम क्रेग को पेरिस ओलंपिक के दौरान कोकीन खरीदने की कोशिश के आरोप में हॉकी आस्ट्रेलिया ने बारह महीने के लिये निलंबित कर दिया है। क्रेग को सात अगस्त की रात पेरिस में कोकीन खरीदने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था। फ्रांस के अभियोजकों ने बयान जारी करके पुष्टि की थी कि 29 वर्ष के ओलंपियन और टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आपराधिक चेतावनी देकर एक रात हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया गया। हॉकी आस्ट्रेलिया ने बुधवार को जारी बयान में कहा ,'' राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रेग की पेरिस ओलंपिक 2024 के दौरान गिरफ्तारी के मामले की जांच के बाद हॉकी आस्ट्रेलिया की नैतिकता ईकाई ने 12 महीने के लिए उन्हें निलंबित करने का फैसला लिया है।''

### कोलंबिया ने अर्जेंटीना को हराया


मैच जीतने के बाद खुशी मनाते कोलंबिया के खिलाड़ी।

**बोगोटा (कोलंबिया)।** जेम्स रौड्रिगेज के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से कोलंबिया ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप फुटबॉल क्वलीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। अर्जेंटीना को लियोनेल मेसी की कमी खली जो चोट के कारण कोपा अमेरिका फाइनल के बाद से नहीं खेल रहे हैं। कोलंबिया के लिए येरसोन मोस्केरा ने 25वें मिनट में पहला गोल किया, लेकिन निको गोंजालेस ने 48वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। रौड्रिगेज ने 60वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके कोलंबिया को जीत दिलाई। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना ने जुलाई में कोलंबिया को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका खिताब जीता था। अन्य मुकाबलों में बोलिविया ने चिली को 2-1 से हराया जबकि इक्वाडोर ने पेरू को एक गोल से मात दी। वेनेजुएला और उरूग्वे का मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर से शीर्ष-6 टीमें 2026 विश्व कप में सीधे जगह बनाएंगी।

### हरमन के इंस्टाग्राम पर 19 लाख फॉलोअर

**नई दिल्ली ।** हरमनप्रीत कौर को भारतीय महिला क्रिकेट की 'पोस्टर पर्सनेलिटी' माना जाता है। हरमनप्रीत सोशल मीडिया पर भी लोगों की चहेती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके करीब 19 लाख फॉलोअर हैं। वर्ष 2023 में हरमनप्रीत ने विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुनी जाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनने का श्रेय हासिल किया है।



# शुक्रिया श्रीजेश : पीएम मोदी ने लिखा श्रीजेश को पत्र



**नई दिल्ली ।** हॉकी को अलविदा कह चुके महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला पत्र सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें प्रधानमंत्री ने खेल में उनके योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वह नए राष्ट्रीय जूनियर कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावी होंगे।

टोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस में कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने हॉकी से विदा ली। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत भी जीत चुके हैं। हॉकी इंडिया ने उन्हें जूनियर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा ,''मुझे विश्वास है कि नई भूमिका में भी आपका काम उतना ही प्रभावी और प्रेरणास्पद होगा।'' उन्होंने 16 अगस्त को लिखे पत्र में कहा ,''आपने खेल से विदा लेने का फैसला किया है और मैं भारतीय हॉकी में आपके अपार योगदान की हृदय से सराहना करता हूं।'' श्रीजेश ने प्रधानमंत्री मोदी का पत्र साझा करते हुए एक्स पर लिखा ,'' मेरे संन्यास पर नरेंद्र मोदी सर का पत्र मिला। हॉकी मेरा जीवन है और मैं खेल की सेवा करता रहूंगा। भारत को हॉकी की महाशक्ति बनाने के लिए काम करता रहूंगा जिसकी शुरूआत 2020 और 2024 ओलंपिक पदकों से हो गई है। मुझ पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री सर।''

श्रीजेश के कैरियर के बारे में मोदी ने 2014 एशियाई खेलों में उनके प्रदर्शन को याद किया। इसके अलावा रियो, टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा ,''ऐसी अनगिनत यादें हैं और इनके लिए एक पत्र पर्याप्त नहीं है।''

उन्होंने लिखा ,''आपको मिले विभिन्न पुरस्कार, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक बताते हैं कि आपने किन ऊंचाइयों को छुआ है, लेकिन इसके बावजूद आपकी विनम्रता और गरिमा, मैदान से भीतर और बाहर, प्रशंसनीय है।''

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा ,''मुझे विश्वास है कि आपका जुनून, प्रतिबद्धता और समर्पण अगली पीढी के विश्व विजेताओं को तैयार करेगा। मैं आपको आपके अथक समर्पण, शानदार कैरियर और भारत को गौरवान्वित करने के लिए धन्यवाद देता हूं। इन सभी यादों के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिए शुभकामना।''

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी मलेशिया को हराकर भारत सेमीफाइनल में

**हुलुनबुइर (चीन)।** गत चैंपियन भारत ने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्राफी हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया को 8-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। राज कुमार पाल ने तीसरे, 25वें और 33वें मिनट में तीन गोल दागे जबकि अराईजीत सिंह हुंडल ने छठे और 39वें मिनट में दो गोल किए। जुगराज सिंह ने 7वें, हरमनप्रीत सिंह ने 22वें और उत्तम सिंह ने 40वें मिनट में 1-1 गोल दागे। मलेशिया के लिए अखिमुल्लाह अनुवर ने 34वें मिनट में एक गोल किया।

भारत अभी तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। छह टीम का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी जबकि 17 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा।

### कृष्णा खेतान अखिल भारतीय जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

**पंचकूला।** कृष्णा खेतान स्मृति 31वां अखिल भारतीय बैडमिंटन जूनियर टूर्नामेंट गुरुवार से शुरू होगा, जिसमें चार लाख रुपए की ईनामी राशि है। हरियाणा बैडमिंटन संघ और एक्सप्रेस शटल क्लब ट्रस्ट द्वारा आयोजित टूर्नामेंट ताऊ देवीलाल इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। क्वालीफाइंग मुकाबले 12 से 15 सितंबर तक होंगे और मुख्य ड्रॉ के मैच 16 से 19 सितंबर के बीच खेले जाएंगे। इसमें एक जनवरी 2006 को या उसके बाद जन्में बच्चे भाग ले सकेंगे।

इंडियन एक्सप्रेस समूह के चेयरमैन विवेक गोयनका इसके प्रायोजक हैं, जिन्होंने 1991 में अपनी मां कृष्णा खेतान की स्मृति में इसे शुरू किया। ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल, पी वी सिंधू के अलावा किदांबी श्रीकांत और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी जैसे सितारे इसमें भाग ले चुके हैं ।

# डायमंड लीग फाइनल में अविनाश साबले भी करेंगे चुनौती पेश

एजेंसी, नई दिल्ली



राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले ब्रसेल्स में डायमंड लीग फाइनल में चुनौती पेश करेंगे। वह स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के साथ इस प्रतियोगिता में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय है। साबले (29 वर्ष) ने 12 खिलाड़ियों के डायमंड लीग फाइनल में पहली बार जगह बनाई है। उनकी स्पर्धा का आयोजन शुक्रवार को होगा जहां सभी 12 प्रतिभागी सीधे फाइनल रेस में भाग लेंगे।

साबले ने इस सत्र में डायमंड लीग के दो आयोजनों में हिस्सा लिया है और वह तीन अंक के साथ तालिका में 14वें स्थान पर थे। उनसे उच्च रैंकिंग वाले चार खिलाड़ियों के प्रतियोगिता से हटने के बाद उन्होंने फाइनल में जगह बनाई। दो दिवसीय डायमंड लीग फाइनल का आयोजन 13 और 14 सितंबर को होगा। पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज 13 सितंबर को निर्धारित है जबकि पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता अगले दिन आयोजित की जाएगी। इस सत्र में डायमंड लीग के 14 आयोजनों में से पांच में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा थी। साबले ने सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में 8:09.91 मिनट के समय के साथ अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार के साथ छठा स्थान हासिल किया था। वह 25 अगस्त को सिलेसिया चरण में 14वें स्थान (8:29.96 मिनट) पर थे।

साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में ओलंपिक फाइनल में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय बने, लेकिन वह अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर सके। पेरिस ओलंपिक में वह 8:14.18 मिनट के समय के साथ निराशाजनक 11वें स्थान पर रहे थे। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चोपड़ा ने दोहा और लुसाने में आयोजित एकदिवसीय मुकाबलों में प्रत्येक में दूसरे स्थान पर रहने से 14 अंक अर्जित किए।

प्रत्येक डायमंड लीग सत्र के फाइनल के चैंपियन को प्रतिष्ठित 'डायमंड ट्रॉफी', 30,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक वाइल्ड कार्ड से सम्मानित किया जाता है। उपविजेता को 12,000 डॉलर मिलेंगे और इसी तरह आठवें स्थान पर रहने वाले को 1000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।



### नाडा के निलंबन के खिलाफ बजरंग ने किया हाईकोर्ट का रुख

**नई दिल्ली ।** अल्बानिया में अक्तूबर में होने वाली सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से पहले पहलवान बजरंग पूनिया ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले को चुनौती दी है। उन्होंने निलंबन पर रोक लगाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है।

21 जून को नाडा ने पूनिया को दूसरी बार निलंबित किया था। एजेंसी ने उनके खिलाफ औपचारिक नोटिस ऑफ चार्ज जारी किया था, जिससे वह प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य हो गए।

अब पहलवान ने दावा किया है कि एजेंसी का यह आचरण उनके किसी पेशे को अपनाने और आजीविका कमाने के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मनमाना निलंबन नहीं हटाया गया तो उन्हें सेवानिवृत्त होने के लिए मजबूर किया जाएगा।

# दलीप ट्रॉफी : दूसरे दौर में रिंकू अय्यर, सुंदर पर रहेगा फोकस

एजेंसी, अनंतपुर


रिंकू सिंह

रिंकू सिंह समेत राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की अनदेखी के शिकार कुछ अनुभवी खिलाड़ियों पर सभी की नजरें होंगी जब गुरुवार से दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले शुरू होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में 19 सितंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व भारतीय टीम के खिलाड़ियों को आराम दिया गया है, जिससे कई सितारे दूसरे दौर में नहीं खेल सकेंगे। सरफराज खान भारतीय टीम के अकेले सदस्य हैं जो इस घरेलू टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दिखेंगे।

शानदार प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड के बावजूद पहले दौर में नहीं चुने गए रिंकू पर सभी की नजरें होंगी जो भारत के लिए टी-20 क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं।

शुभमन गिल के भारतीय टीम में जाने से मयंक अग्रवाल भारत-ए टीम के कप्तान होंगे। आखिरी टेस्ट मार्च 2022 में खेलने वाले मयंक को राष्ट्रीय टीम में चयन का दावा फिर बुलंद करने के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा चोट के कारण पहले दौर में नहीं खेल सके थे। उन्हें भारत-ए टीम में रखा गया है। भारत-बी टीम में कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी जो पिछले सप्ताह बेंगलुरु में पहले दौर में फ्लॉप रहे थे। सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने पहले दौर में 181 रन बनाकर भारत बी को भारत-ए पर जीत दिलाई थी। अब बड़े भाई की नजरें भी बड़ी पारी खेलने पर होंगी।

भारत-बी टीम में वॉशिंगटन सुंदर भी हैं वहीं पहले टेस्ट में आकाश दीप को तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर तरजीह दी गई, जिसके बाद मुकेश भी अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। भारत-सी के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और रितुराज गायकवाड़ भी रन बनाकर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचना चाहेंगे।

भारत-डी के कप्तान श्रेयस अय्यर टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बाद रन बनाकर अपनी उपयोगिता साबित करने की कोशिश करेंगे। इसी तरह देवदत्त पड्डिकल और संजू सैमसन भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की फिराक में होंगे।

**टेस्ट क्रिकेट** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड मुकाबले में अभी तक नहीं हुआ है टॉस

# तीसरे दिन का खेल बारिश के कारण रद्द

एजेंसी, ग्रेटर नोएडा



अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट पर बारिश की गाज लगातार गिर रही है और तीसरे दिन का खेल भी बुधवार को भारी बारिश के कारण रद्द होने से मैच के पूरी तरह धुलने के आसार है। पहले दो दिन भी गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। मौसम को देखते हुए मैच अधिकारियों ने बुधवार का खेल रद्द करने में देर नहीं लगाई। अभी तक मैच का टॉस भी नहीं हो सकता है।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा ,''अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे दिन का खेल भारी बारिश के कारण रद्द हो गया है। आसमान साफ होने पर मैच कल होगा और 98 ओवर फेंके जाएंगे।''

बीसीसीआई मैच को शुरू कराने के लिए हर संभव मदद कर रहा है। मंगलवार की शाम अरुण जेटली स्टेडियम से अतिरिक्त कवर मंगवाए गए लेकिन जिन जगहों को ढका नहीं जा सका, वहां पानी जमा हो गया।

न्यूजीलैंड टीम ने मंगलवार को अभ्यास किया, लेकिन बुधवार को टीमें मैदान पर नहीं आई। अफगानिस्तान टीम के कोच जोनाथन ट्रॉट को छोड़कर कोई खिलाड़ी नहीं आया। अगले दो दिन और बारिश की आशंका है और लगता नहीं कि मैच आगे हो सकेगा।

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक सात ही मैच ऐसे हुए हैं जो एक भी गेंद फेंके बिना रद्द किये गए हों। न्यूजीलैंड टीम का 1998 में डुनेडिन टेस्ट भी बारिश के कारण इसी तरह रद्द हुआ था। अफगानिस्तान इस मैच की मेजबान है, जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता। आईसीसी से 2017 में टेस्ट टीम का दर्जा मिलने के बाद यह उसका 10वां टेस्ट है। यह टेस्ट आईसीसी विश्व चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है।

# अर्की में जिला स्तरीय चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, अर्की

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने छात्राओं का आह्वान किया कि खेलों में भाग लेने के साथ-साथ भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं में सफलता के लिए ज्ञान अर्जन के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

संजय अवस्थी आज अर्की उपमंडल के कुनिहार की राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में अंडर-14 जिला स्तरीय 4 दिवसीय छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 71 विद्यालयों की 726 छात्राएं भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में हॉकी, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, जूडो, कबड्डी वालीबॉल, खो-खो तथा बैडमिंटन खेल शामिल हैं।

उन्होंने इससे पूर्व राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार में 10 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अतिरिक्त कमरों का लोकार्पण भी किया।


संजय अवस्थी ने नवनिर्मित अतिरिक्त कमरों का लोकार्पण किया

उन्होंने कहा कि युवाओं की खेल में रुचि बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न नीतियां अपनाई जा रही हैं। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को 2100 रुपए तथा आयोजन समिति को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।